आज

३.००

तीन रुपये मात्र

आज

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

श्री भैरव जी के दर्शन-पूजन,
व्रत से आरोग्य, सुख की प्राप्ति

कालाष्टमी

वाराणसी, रविवार १ नवम्बर, २०२६ सौर १५, कार्तिक कृष्ण ७, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



बनारस से दिल्ली अब दूर नहीं

काशी को मिली नयी दिल्ली वंदे भारत स्लीपर समेत तीन नयी ट्रेन

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिखायी हरी झंडी

वाराणसी। बनारस से अब दिल्ली दूर नहीं होगी। दिल्ली का सफर आने वाले दिनों में सुखद होने के साथ कम समय वाला होगा। दीपावली और छठ पूजा से पहले काशी को रेलवे की बड़ी सौगात मिली है। शनिवार को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बनारस रेलवे स्टेशन से वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन समेत तीन नई रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें बनारस-प्रयागराज रामबाग और

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बुलेट ट्रेन के नार्थ कारिडोर को प्रधानमंत्री की मंजूरी, बनारस से दिल्ली का सफर तीन घंटे ३३ मिनट में होगा पूरा



यूपी कांग्रेस ने सपा को सौंपी विधानसभा सीटों की लिस्ट

लखनऊ (आससे)। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने बड़े ही गुपचुप ढंग से सपा नेतृत्व को उन विधानसभा सीटों की सूची सौंप दी है, जिन पर वो अपने सिंबल पर प्रत्याशी उतारना चाहती है। इन सीटों की सही संख्या इंडिया गठबंधन के किसी भी पक्ष ने आधिकारिक रूप से नहीं बतायी है, लेकिन छनकर बाहर आ रहीं खबरों के अनुसार, ये 125-130 के करीब हैं। हालांकि, बताते हैं कि सपा नेतृत्व इतनी सीटें देने के लिए तैयार नहीं है। इंडिया गठबंधन के सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से यह सूची सीधे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को दी गयी है। दिल्ली में पिछले दिनों यूपी के नेताओं के साथ कांग्रेस की एक बैठक हुई थी, जिसमें प्रियंका गांधी भी मौजूद रही थीं। बताते हैं कि इस बैठक में कांग्रेस के यूपी के नेताओं से अलग-अलग सीटों के बाबत फीडबैक लिया

(शेष पृष्ठ ९ पर)

२०२४ का लोकसभा चुनाव अवैध, वोट काटने वाले देश के अपराधी-राहुल

खड़गे के आवास पर हुआ सीईसी के खिलाफ जन महाभियोग-मॉक संसद


नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनाव को अवैध बताया है। शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर आयोजित मॉक पार्लियामेंट को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 13 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को चेतावनी देते हुए कहा कि वे हमेशा बच नहीं पायेंगे और उन्हें जनता को जवाब देना होगा। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लेकर आया है। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार एक व्यक्ति के रूप में अलग हैं और चुनाव आयोग जैसी संस्था के प्रमुख के तौर पर उनकी भूमिका अलग है। राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग और न्यायपालिका के साथ जो कुछ हो रहा है, उसे रोकने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा था। इसी वजह से विपक्ष को यह कदम उठाना पड़ा। राहुल गांधी ने दावा किया कि एसआईआर के तहत 13 करोड़ से ज्यादा (करीब 15 फीसदी) मतदाताओं के नाम हटाये गये हैं। उन्होंने

(शेष पृष्ठ ९ पर)



सरदार पटेल के फैसलों ने देश को किया एकजुट-मोदी

अहमदाबाद (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता नगर के परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें देश की एकता, विविधता और सामूहिक शक्ति की झलक देखने को मिली। परेड में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव को प्रदर्शित किया गया।



एकता दिवस परेड में शामिल हुए प्रधानमंत्री

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता को आकार देने और उसकी रक्षा करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश में नक्सलवाद को एक निर्णायक झटका दिया गया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमें जनता

(शेष पृष्ठ ९ पर)

दिल्ली : जूता फैक्टरी में लगी आग, चार की मौत

नयी दिल्ली (आससे)। मंगोलपुरी इलाके की एक जूता फैक्टरी में आग लग गयी है। हादसे में चार लोगों की मौत की खबर है। आग को बुझाने के लिए मौके पर दमकल की 20 गाड़ियां मौजूद थीं। दमकल विभाग ने बताया कि हादसे में छह लोग बेहोश हो गये थे। उनको अस्पताल ले जाया गया है। इनमें से चार को मृत घोषित कर दिया गया। देर रात आग बुझा दी गयीं कूलिंग चल रही थी। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 30/10/2026 को रात लगभग 9.30 बजे मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 के क्र-293/294 में आग लग गई। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई टीमों ने घंटों तक काम किया।

जातिवाद-जिन्नावाद से मिलकर लड़ना होगा-योगी

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लौहपुरुष की जयंती पर समाज को बांटने वाली ताकतों पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता को तब खतरा होता है, जब हम जाति, क्षेत्र के नाम पर बंटते और कमजोर होते हैं। जब शरीर की प्रतिरोधक क्षमता समाप्त हो जाती है, तब बीमारी होती है। जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद वही बीमारी है, जो समाज की प्रतिरोधक क्षमता को



सरदार पटेल की जयंती पर समाज को बांटने वाली ताकतों पर किया प्रहार

कमजोर करती हैं और फिर आक्रांताओं को हमला करने के लिए आमंत्रित करती हैं। लौहपुरुष का अनुयायी वही हो सकता है जो भारत की एकता, सुरक्षा को सर्वोपरि रखता है। जिन्ना को आदर्श मानने, समाज को बांटने वाले विभाजनकारी लोग वल्लभ भाई

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सरकार ने पेट्रोल से हटाया निर्यात शुल्क

नयी दिल्ली (आससे)। वैश्विक ऊर्जा बाजार में जारी उथल-पुथल और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने भारत की ईंधन निर्यात दरों में एक अहम बदलाव की घोषणा की है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाली स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी (एसएईडी) को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। हालांकि, इसके विपरीत सरकार ने डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्कों में बढ़ोतरी का फैसला लिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति में आई रुकावटों और वैश्विक

(शेष पृष्ठ ९ पर)

गाजीपुर : ज्वेलरी शोरूम में २५ लाख की लूट, फायरिंग से दहला इलाका



गाजीपुर (ह.स.)। जिले में शनिवार की शाम करीब 6.30 बजे हथियारबंद बदमाशों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दे दी। बंसी बाजार स्थित आरकेबीके पेट्रोल पंप के बगल में संगानी ज्वेलर्स शोरूम में पहुंचे दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर लूटपाट की और सोने की छह चेन लेकर फरार हो गए। वारदात के बाद दहशत फैलाने के लिए बदमाशों ने फायरिंग भी की। हालांकि, गोली लगने

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बेंगलुरु : होटल के स्विमिंग पूल में उतरा करण्ट, दो विदेशियों की मौत

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु ईस्ट डिवीजन के डीसीपी की ओर से भेजी गयी एक जानकारी में कहा गया है कि हलसुरू के एक पांच सितारा होटल में संदिग्ध रूप से करंट लगने से दो विदेशी नागरिकों की मौत हो गई। घटना कल शाम की बताई जा रही है, हलसुरू के होटल की तीसरी मंजिल पर स्थित स्विमिंग पूल में दो विदेशी नागरिकों (जर्मनी और स्लोवाकिया के निवासी) की संदिग्ध रूप से करंट लगने से मौत हो गई। दो अन्य लोग, जिसमें एक अमेरिकी नागरिक (जो होटल में मेहमान थे) और होटल के एक भारतीय पूल अटेंडेंट पीड़ितों को बचाने की कोशिश में घायल हो गए।

यूपी में पांच आईएस का तबादला, दस के बदले विभाग

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए 15 आईएएस अफसरों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया है। इनमें पांच अफसरों का तबादला किया गया है, जबकि 10 अधिकारियों के विभागों और अतिरिक्त प्रभार में बदलाव किया गया है। मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल को नागरिक उड्डयन विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अनुराग श्रीवास्तव को कृषि उत्पादन आयुक्त बनाया गया है। वहीं, आलोक कुमार-2 को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की जिम्मेदारी दी गयी है। एम. देवराज को राज्य सतर्कता आयोग और प्रशासनाधिकरण-1 का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ. एमकेएस सुंदरम को समन्वय का प्रमुख सचिव बनाया गया है। आलोक कुमार-3 को वित्त और संस्थागत वित्त विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

अवैध हथियारों की तस्करी में तीन गिरफ्तार

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब पुलिस ने पटियाला में अवैध हथियारों की तस्करी से जुड़े एक माड्यूल का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से .32 बोर की नौ पिस्तौल, 10 कारतूस और 16 मैगजीन बरामद की गयी हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये हथियार कथित तौर पर मध्यप्रदेश से खरीदे गये थे।

नये एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कार्यभार संभाला

नयी दिल्ली (आससे)। एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने नये चीफ आफ एयर स्टाफ के रूप में कार्यभार संभाला। एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित, एक बेहतरीन फाइटर पायलट हैं और उनके पास 20 से अधिक प्रकार के विमानों पर 3,500 घंटे से ज़्यादा उड़ान भरने का अनुभव है, उन्होंने शनिवार को नये 'चीफ ऑफ एयर स्टाफ' के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की जगह ली है, जो 43 साल सेवाएं देने के बाद वायु सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं।







राम मंदिर की जमीन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर



२०१९ के फैसले वाली भूमि की होगी जांच

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अयोध्या में बने राम मंदिर की जमीन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दाखिल की गई है। इसमें मांग की गई है कि एक स्वतंत्र समिति या आयोग बनाकर यह जांच कराई जाए कि राम मंदिर ठीक उसी जमीन पर बना है या नहीं, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में अपना फैसला सुनाया था। याचिका में जमीन की सही सीमाएं तय करने, पुराने नक्शों और दस्तावेजों की जांच करने के साथ मंदिर में आने वाले चढ़ावे का हिसाब-किताब पारदर्शी बनाने की भी मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने 9 नवंबर 2019 को अयोध्या जमीन विवाद पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। इस फैसले में विवादित 2.77 एकड़ जमीन राम मंदिर निर्माण के लिए गठित ट्रस्ट को सौंपने का रास्ता साफ किया गया था। साथ ही, केंद्र सरकार को सुन्नी वक्फ बोर्ड को मस्जिद बनाने के लिए अयोध्या में किसी प्रमुख स्थान पर पांच एकड़ वैकल्पिक जमीन देने का निर्देश दिया गया था।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

जेल से रिहा होते ही आजम गिरफ्तार

रामपुर (आजसे)। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को ईडी ने रामपुर जेल से रिहा होते ही गिरफ्तार कर लिया है। बेटे अब्दुल्ला के साथ आजम जेल बाहर निकले। तभी ईडी ने उन्हें कस्टडी में ले लिया। दो पैनकार्ड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को जमानत अर्जी मंजूर कर ली थी। हाईकोर्ट से जमानत के बाद आजम और अब्दुल्ला की ओर से एमपी-एमएलए सेशन और मजिस्ट्रेट कोर्ट में अलग-अलग मामलों में जमानती दाखिल किए थे, जिनके सत्यापन के आदेश अदालत ने पुलिस और राजस्व प्रशासन को दिए थे। पहले शुक्रवार को ही रिहाई की उम्मीद थी। लेकिन एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट से आजम खां के विचाराधीन पांच मुकदमों में

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सरदार पटेल की जयंती पर निकली रन फार यूनिटी

एसपी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को किया रवाना, लौह पुरुष की १५१वीं जयंती मनी

गाजीपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम से रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके बाद उन्होंने एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम से शुरू होकर विकास भवन चौराहे तक पहुंची। इसमें जनपदीय पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। इसी क्रम में शाह फैज पब्लिक स्कूल में शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के कैप्टन स्वधा सिंह तथा वाइस कैप्टन अदिति कटियार और रवि प्रकाश दुबे ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इस दौरान विद्यार्थियों ने उनके जीवन, व्यक्तित्व और देश की एकता एवं अखंडता में दिए गए योगदान पर विचार व्यक्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य इकरामुल हक ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की शपथ दिलाई। इसके बाद कक्षा नौ के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। भांवरकोल प्रतिनिधि के अनुसार- ग्राम पंचायत शेरपुर के ग्रामीण सचिवालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । आयरन लेडी के नाम से प्रसिद्ध पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर भी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया ।इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि जयानंद राय एवं सचिव सूर्यभान कुमार राय द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल और पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्रीमती इंदिरा गांधी जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया ।सचिव सूर्यभान राय द्वारा द्वारा बताया गया कि आजादी के बाद टुकड़ों में बटे भारत को एकीकृत करने के पटेल जी किया गया। उनके द्वारा विभिन्न रियासतों को भारत में विलय कराकर भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया गया ।



रन फॉर यूनिटी में शामिल लोग। छाया:आज



आगामी पर्व की समीक्षा करते डीएम। छाया:आज

छठ पर घाटों पर सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम-डीएम

गाजीपुर। आगामी छठ पर्व और नदियों व तालाबों में डूबने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नाविकों के साथ बैठक हुई। इसमें छठ घाटों पर भीड़ नियंत्रण, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने क्षेत्रों के छठ घाटों, नदी घाटों और तालाबों का स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने श्मशान घाट, कलेक्टर घाट, पोस्ता घाट और ददरी घाट सहित अधिक भीड़ वाले स्थानों पर पहले से ही बैरिकेडिंग और फ्लोटिंग बैरियर लगाने को कहा। तालाबों के आसपास भी सुरक्षा घेरा बनाने तथा गहरे पानी वाले स्थानों को चिह्नित कर वहां गहराई संबंधी सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घाट पर तैनात गोताखोरों के नाम और मोबाइल नंबर प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएं। साथ ही गोताखोरों के अलावा पुलिसकर्मियों और लेखपालों की ड्यूटी पहले से निर्धारित की जाए। रात्रि में घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि छठ पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

पुलिस ने दो वारंटी को भेजा जेल

खानपुर, गाजीपुर। स्थानीय पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में खानपुर पुलिस ने आज थाना क्षेत्र के रामपुर गांव से लंबित दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शनिवार को सुबह क्षेत्र में गस्त के समय मुखबीर से मिली सूचना पर उसके घर दबिश देकर कैलाश सोनकर पुत्र हीरा सोनकर, लालजी सोनकर पुत्र हीरा सोनकर। जिन्हें सुबह दस बजे गिरफ्तार कर खानपुर पुलिस ने जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी सिधौना सुधीर राय ने बताया कि दोनों वारंटी काफी लंबे वर्षों से लंबित चल रहे थे। न्यायिक मजिस्ट्रेट सैदपुर कोर्ट से वारंटी है । उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

पावर हाउस के विद्युत भंडार केंद्र में लाखों के तार की चोरी

गाजीपुर। अंधऊ पावर हाउस के पीछे स्थित विद्युत भंडार केंद्र को चोरों ने निशाना बनाते हुए शनिवार तड़के चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर स्टोर का ताला तोड़कर करीब पांच क्विंटल फ्यूज वायर और 450 किलोग्राम कॉपर स्क्रैप लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान की कीमत का आकलन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह स्विच यार्ड के गार्ड मधु पाल निरीक्षण के दौरान स्टोर के पीछे पहुंचे तो वहां कुछ लोगों के पैरों के निशान दिखाई दिए। दीवार के पीछे संदिग्ध स्थिति नजर आने पर उन्होंने जेई परविंद यादव को इसकी सूचना दी। सुबह करीब 8ः57 बजे जेई ने स्टोर इंचार्ज दिनेश कुमार को फोन कर घटना से अवगत कराया।मौके पर पहुंचे दिनेश कुमार ने देखा कि स्टोर के लोहे के गेट का ताला टूटा हुआ था और जांच में फ्यूज वायर व कॉपर स्क्रैप गायब मिले। इसके बाद उन्होंने आसपास तलाश की और 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। साथ ही वाराणसी विद्युत भंडारण केंद्र के एक्सईएन आलोक कुमार गुप्ता को भी घटना की जानकारी दी गई। प्रारंभिक आकलन के मुताबिक चोरी का सामान 22 बोरियों में रखा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जमीन विवाद में मारपीट

दिलदारनगर (गाजीपुर)। भरवलिया गांव में जमीन संबंधी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित देवमुनी सिंह यादव के तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर किया है।पीड़ित ने ने थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 30 अक्टूबर की शाम को विपक्षी विनोद यादव, राहुल यादव, ज्ञान चन्द्र यादव और साधना ने मिलकर मुझे और पत्नी गीता देवी को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि विरोधियों ने गाली-गलौज करते हुए पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है।

रासलीला में श्रीकृष्ण लीला के मंचन देख भावविभोर हुए लोग

नगसर, गाजीपुर। सोनहरिया वन स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर परिसर में आयोजित छह दिवसीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ अनवरत जारी है। शुक्रवार की रात महायज्ञ परिसर में आयोजित रासलीला में श्रीकृष्ण लीला के मंचन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं का जीवंत और भावपूर्ण मंचन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।पूतना वध की लीला विशेष आकर्षण का केंद्र रही।बाल सखाओं के साथ भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।देर रात तक चले धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में श्रद्धालु भक्ति के रंग में सराबोर नजर आए। प्रात: शनिवार को 1008 गंगा पुत्र लक्ष्मीनारायण त्रिदंडी स्वामी महाराज के सानिध्य में वैदिक विधि-विधान से हो रहा है।प्रतिदिन हवन-पूजन, यज्ञ अनुष्ठान और धार्मिक कार्यक्रमों से पूरा परिसर भक्तिमय बना हुआ है।वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना से सोनहरिया वन का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से गुंजायमान हो उठा है। महायज्ञ में प्रतिदिन क्षेत्र के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा, हवन-पूजन और धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

सीसी टीवी कैमरा लगाने के बहाने बाइक के साथ ४० हजार रुपये लूटे

जखनिया (गाजीपुर)। करंडा थाना क्षेत्र के सरौली गांव निवासी प्रशांत यादव के साथ सीसी कैमरा लगाने के लिए बुलाए रास्ते मे रोककर मोटरसाइकिल के साथ चालीस हजार लूट ली । प्रशांत ने बताया कि रिस्ते के परिचित लोग सीसी कैमरा लगाने के लिए बुलाया । घर जाते समय रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनकी मोटरसाइकिल व डिग्गी में रखे 40 हजार रुपये छीन कर मौके से फरार हो गए। प्रशांत यादव ने करंडा थाने में पांच दिन पूर्व तहरीर दी ।पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की ओर से अब तक कार्रवाई नहीं की। जबकि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मौके से मोटरसाइकिल बरामद कर थाने में खड़ी की ।

विभूति एक्सप्रेस का पेंटोग्राफ टूटने से डाउन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन ठप

धीना-जमानियां के बीच बहोरा चंदीला हाल्ट पर खड़ी हुई ट्रेन

दिलदारनगर (गाजीपुर)। पीडीडीयू-पटना रेलखंड पर शुक्रवार की रात विभूति एक्सप्रेस के इंजन का पेंटोग्राफ अचानक टूट जाने से रेल परिचालन बाधित हो गया। घटना धीना और जमानियां रेलवे स्टेशन के बीच किलोमीटर संख्या 717/24 के पास रात करीब 7:25 बजे की है। रामबाग प्रयागराज से हावड़ा जा रही 13048 विभूति एक्सप्रेस का पेंटोग्राफ टूटने से ट्रेन बीच सेक्शन में बहोरा चंदीला हाल्ट के पास खड़ी हो गई। पेंटोग्राफ टूटने के कारण रेलवे की ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) लाइन में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इससे डाउन लाइन पर ट्रेनों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। मरम्मत कार्य के लिए दिलदारनगर से टावर वैगन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। रेलवे कर्मचारियों द्वारा ओएचई तार और क्षतिग्रस्त पेंटोग्राफ की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। मरम्मत पूरी होने के बाद ही इस रेलखंड पर डाउन लाइन का परिचालन सामान्य होने की उम्मीद जताई गई। इस दौरान कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा। 63226 वाराणसी-पटना मेमू पैसेंजर को धीना स्टेशन, 13258 जनसाधारण एक्सप्रेस को सकलडीहा स्टेशन पर रोका गया। वहीं जियारत एक्सप्रेस, सीमांचल एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों को पीडीडीयू जंक्शन पर रोक दिया गया। ट्रेनों के रुकने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस संबंध में स्टेशन प्रबंधक दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि विभूति एक्सप्रेस के इंजन का पेंटोग्राफ टूटने के कारण डाउन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद ही ट्रेनों का संचालन शुरू कराया जाएगा।

वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आज

गाजीपुर। माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उ0प्र0 के निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 01 नवम्बर, 2026 को जनपद न्यायालय परिसर, गाजीपुर में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। उक्त शिविर की पूर्व संध्या पर आज अपर जिला जज-प्रथम / नोडल अधिकारी लोक अदालत, गाजीपुर एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री बलराम दास द्वारा कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण कर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय परिसर में लगाये जा रहे विभिन्न विभागों के कैम्प, टेंट, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश एवं सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि कल आयोजित मेगा शिविर में जनपद के समस्त सरकारी विभागों द्वारा कैम्प लगाया जायेगा।अपर जिला जज महोदय ने सभी संबंधित विभागों को समय से उपस्थित रहने एवं शिविर को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

एक नज़र इधर भी

बारिश के बाद भरभराकर गिरा कच्चा मकान

सादात, गाजीपुर। बहरियाबाद थाना क्षेत्र के बबुरा गांव में शनिवार तड़के करीब 3 बजे बारिश के बाद नारायन राम का कच्चा मकान भरभराकर गिर



कच्चा मकान गिरने का दृश्य। छाया:आज

गया। हादसे में मलबे में दबने से पुत्र अंगद (29) गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि मां उमा देवी को मामूली चोटें आईं। बताया गया कि रात में खाना खाकर मां-बेटा कच्चे घर में सो रहे थे, तभी मिट्टी की दीवार गिर गई। मोहल्ले के लोगों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। अंगद के सिर में चोट लगने से वह बेहोश हो गया था। परिजन उसे परमानपुर सीएचसी ले गए, जहां से डॉक्टरों ने पीजीआई चक्रपानपुर आजमगढ़ रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष बासुदेव प्रसाद ने बताया कि लेखपाल को सूचना देकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

परिवर्तन मोर्चा का ऐलान : उत्तर प्रदेश की सभी ४०३ सीटों पर लड़ेगी आगामी विस चुनाव

मोहम्मदाबाद, गाज़ीपुर। शहीद पार्क मोहम्मदाबाद में परिवर्तन मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बहुजन मुक्ति पार्टी, राष्ट्रीय लोक जनता पार्टी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा और बहुजन क्रान्ति मोर्चा के प्रतिनिधि शामिल हुए। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में परिवर्तन मोर्चा जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी भागीदारी के फार्मूले के तहत सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। महापुरुषों का स्मरण- बैठक में ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, मान्यवर कांशीराम, बिरसा मुंडा और कर्पूरी ठाकुर सहित अन्य महान समाज सुधारकों के संघर्षों को याद किया गया। निजीकरण पर रोक- शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र सहित सभी सरकारी संस्थानों के निजीकरण को बंद करने की मांग की गई।

सात नवंबर को क्रांति दिवस मनायेगी भाकपा

कासिमाबाद (गाजीपुर)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्लॉक कमेटी कासिमाबाद की बैठक शनिवार, 31 अक्टूबर को पार्टी कार्यालय पर कामरेड राजदेव यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और आगामी आंदोलनों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा के जिला सचिव कामरेड जनार्दन राम ने कहा कि दुनिया में दक्षिणपंथी ताकतों के विरोध में वामपंथी सरकारों का उभार हो रहा है। ब्राजील में चौथी बार वामपंथी सरकार बनने को उन्होंने इसी बदलाव का संकेत बताया। उन्होंने केंद्र सरकार पर ईवीएम और निर्वाचन आयोग के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसके खिलाफ वामपंथी दल और इंडिया गठबंधन संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली में देश में बदलाव का आह्वान किया था। इसी क्रम में सात नवंबर को क्रांति दिवस मनाने तथा एक, दो और तीन दिसंबर को देशव्यापी जेल भरो आंदोलन की तैयारी करने का आह्वान किया गया है।बैठक में राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, शमीम अहमद, सुरेंद्र राम और सत्यनारायण राम सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए।

सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई

देवकली (गाजीपुर)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवकली के स्वास्थय पर्यवेक्षक ओमप्रकाश कुशवाहा के सेवानिवृत होने पर सामुदायिक स्वा0 केन्द्र देवकली के चिकित्सा प्रभारी डा. एस0 के0 सरोज की अध्यक्षता मे विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए चिकित्सा प्रभारी डा. एस0 के0 सरोज ने कहा सेवानिवृत होने के बाद सामाजिक जिम्मेदारी और बढ जाती है। आना,जाना लगा रहता ह? एक दिन सभी लोगो को सेवानिवृति होना पडता है। परिवर्तन प्रकृति का नियम है। ओमप्रकाश कुशवाहा देवकली केन्द्र पर करीब 27 वर्ष तक कार्यरत रहे। इस बीच अपने कार्यशैली के बल पर काफी लोकप्रिय थे।

शिक्षक एमएलसी की जीत पर पैतृक आवास पहुंचकर दी बधाई

मरदह, गाजीपुर। वाराणसी-मिर्जापुर खंड के नवनिर्वाचित शिक्षक एमएलसी की जीत पर उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शनिवार को शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधकों ने आजमगढ़ जिले के बिशुनपुरा स्थित उनके पैतृक आवास पर पहुंचकर उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं बाबा जग्गू दास इंटर कॉलेज बरही के प्रबंधक रामनारायण यादव ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों के मानदेय की व्यवस्था की जाए। वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को मिलने वाली कैशलेस चिकित्सा सुविधा का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जाए। इसके साथ ही सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने, शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने तथा मदरसा और सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने की मांग की।इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवनारायण यादव, शिक्षक वीरेंद्र यादव, राधाकृष्ण चौबे, सेक्टर प्रभारी सुनील यादव सोनू सहित अन्य शिक्षक एवं प्रबंधक मौजूद रहे।



एमएलसी की जीत पर बधाई देते सपाई। छाया:आज

तहसील गोलंबर पर भीषण जाम से राहगीर परेशान

मोहम्मदाबाद (गाजीपुर)। स्थानीय तहसील गोलंबर पर इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, जिससे वहां भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस जाम के चलते आने-जाने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार, तहसील गोलंबर पर लगातार लग रहे जाम के कारण एम्बुलेंस और स्कूली वाहन भी घंटों फंसे रहते हैं, जिससे मरीजों और स्कूल जाने वाले बच्चों को विशेष रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा के सफर में हो रहे विलंब से आम नागरिकों की परेशानी बढ़ती जा रही है।बताया जा रहा है कि सड़क पर यातायात नियंत्रण के लिए पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण स्थिति और अधिक गंभीर होती जा रही है। जाम के दौरान वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और चौराहे पर अव्यवस्था का माहौल बना रहता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस चौराहे पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए, ताकि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी बिगड़ सकती है।



तहसील के पास लगा जाम का दृश्य। छाया:आज

गाजीपुर के खिलाड़ियों ने जीते तीन पदक

सादात, गाजीपुर। प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में 30 अक्टूबर से चल रही 70वीं प्रादेशिक विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन गाजीपुर के खिलाड़ियों ने तीन पदक जीते।क्रीड़ा सचिव आकाश सिंह ने बताया कि सुभाष विद्या मंदिर बहरियाबाद के शुभम यादव ने अंडर-19 बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता। बापू इंटर कॉलेज सादात के आदित्य यादव ने 3000 मीटर में रजत और एमए अंसारी इंटर कॉलेज मोहम्मदाबाद के कृष्णा प्रजापति ने हाई जंप में कांस्य पदक जीता। पहले दिन रेवतीपुर की आरती यादव ने अंडर-17 बालिका वर्ग 1500 मीटर में रजत जीता था। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह सहित प्रधानाचार्यों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

बाल वैज्ञानिक स्थानीय समस्याओं पर प्रस्तुत करेंगे शोध

मनिहारी, गाज़ीपुर। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का 32वां जनपद स्तरीय कार्यक्रम अब 5 नवंबर 2026 को उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या मनिहारी, शिक्षा क्षेत्र-मनिहारी, जनपद गाजीपुर में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष का मुख्य विषय सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार है। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के निर्धारित आयु वर्ग के विद्यार्थी जूनियर एवं सीनियर वर्ग में जल संरक्षण, ऊर्जा, खाद्य एवं कृषि, स्वास्थ्य, अपशिष्ट प्रबंधन तथा सतत विकास जैसे विषयों पर आधारित अपने लघु शोध पत्र एवं वैज्ञानिक परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, रचनात्मकता एवं अनुसंधान की प्रवृत्ति विकसित करना तथा उन्हें अपने स्थानीय परिवेश की समस्याओं की पहचान कर वैज्ञानिक विधि से उनके व्यावहारिक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करना है।

रामेश्वरम मंदिर का प्रथम वार्षिक उत्सव पांच को

भांवरकोल(गाजीपुर)। ब्लॉक परिसर के प्रांगण में नवनिर्मित रामेश्वरम मंदिर के स्थापना दिवस का प्रथम वार्षिकोत्सव आगामी 5 नवंबर को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में रविवार को रामचरितमानस पाठ का आयोजन भी आज से ही शुरू होगा। भाजपा नेता एवं क्षेत्र पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि आनंद राय (मुन्ना) की ओर से आयोजित इस धार्मिक समारोह को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इस अवसर पर भव्य पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान, विशाल भंडारा और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

सरदार पटेल के आदर्शों पर चलकर मजबूत राष्ट्र का करें निर्माण-डीएम

सरदार पटेल की जयंती पर जगह-जगह दिलायी गयी राष्ट्रीय एकता की शपथ





बलिया। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश की सुरक्षा बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार पटेल के प्रयासों से ही एक मजबूत और एकीकृत भारत का निर्माण संभव हो सका। उनका जीवन हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण, एकता और अखंडता बनाए रखने की प्रेरणा देता है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने तथा देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सीडीओ आलोक कुमार, एडीएम अनिल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। **इसी क्रम में** बलिया पुलिस की ओर से पुलिस लाइंस समेत जिले के सभी थानों, चौकियों और पुलिस कार्यालयों में श्रद्धांजलि एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए। रिजर्व पुलिस लाइंस में पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और जवानों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई। इसी क्रम में जिले के सभी थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने परिसरों में पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर सतीश कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी लाइंस मंजरी राव, प्रतिसार निरीक्षक राम बेलास सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। **रसड़ा।** सेठ एमआर जयपुरिया में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। मुख्य अतिथि सुशील कुमार, चौकी प्रभारी शिव कुमार दुबे एवं प्रधानाचार्य संजीव सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। **भीमपुरा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को थाना भीमपुरा परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार ने पुलिस के जवानों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई। **बैरिया।** विकास खंड मुरली छपरा के कार्यालय में शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में शनिवार को मनाई गई। सुजीत श्रीवास्तव, पंकज सिंह उर्फ सोनू, मंटू बिंद, संतोष राम, राजेश कुमार, धर्मदेव यादव, रमेश कुमार, संतोष, शैलेश आदि मौजूद रहे। **सुखपुरा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सुखपुरा थाने में एकता परेड का टीवी प्रसारण पुलिसकर्मियों एवं उपस्थित लोगों को दिखाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प दोहराया गया। थानाध्यक्ष रत्नेश दूबे, नितेश सिंह, उमेश सिंह, मुन्ना सिंह, संदीप पटेल आदि उपस्थित रहे।

खाद्यान्न घोटाले में बीस वर्ष से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

बलिया। जनपद के बहुचर्चित खाद्यान्न घोटाले में बीस वर्ष से फरार चल रहे वांछित आरोपी को आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन व पुलिस की टीम ने शुक्रवार को बांसडीह क्षेत्र के शिवरामपुर गांव से गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार आरोपी दोकटी थाना क्षेत्र के श्रीपतिपुर गांव निवासी कोटेदार 51 वर्षीय जलेश्वर राम बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के शिवरामपुर गांव में अपने रिश्तेदार वीरन बिंद के घर छिपकर रह रहा था। वह थाना दोकटी में वर्ष 2006 में दर्ज खाद्यान्न घोटाला के मुकदमा में वांछित आरोपी हैं। घटना वर्ष 2002-05 की है।

दो, चार, छह नवंबर को लगेगा वृहद रोजगार मेला

बलिया। जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। बेल्थरारोड, बैरिया और बांसडीह विधानसभा क्षेत्रों में क्रमशः 2, 4 और 6 नवंबर को रोजगार मेला आयोजित होगा। इन मेलों में देशभर की 25 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग कर विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का निःशुल्क चयन करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बेल्थरारोड विधानसभा क्षेत्र का रोजगार मेला 2 नवंबर को देवेन्द्र पीजी कॉलेज, बेल्थरारोड में आयोजित होगा। वहीं बैरिया विधानसभा क्षेत्र का मेला 4 नवंबर को श्री सुदृष्टि बाबा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सुदिष्टपुरी, रानीगंज में तथा बाँसडीह विधानसभा क्षेत्र का मेला 6 नवंबर को स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाँसडीह में लगाया जाएगा। तीनों स्थानों पर रोजगार मेले की शुरुआत सुबह 10 बजे से होगी। रोजगार मेले से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर 155330 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जिला सेवायोजन कार्यालय, बलिया से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

संसार में जब ठोकर लगती है तो सहारा केवल प्रभु का होता है-चिन्मयानंद बापू



गड़वार (बलिया)। मन को पवित्र करने के लिए भगवान नाम हरिकीर्तन जरूरी हैं। रामकथा की महिमा बहुत है। रामकथा किसी भी शर्त पर श्रवण करने को मिले इसे मत छोड़ों। जगत को विश्राम केवल भगवान श्रीराम के चरणों में मिलता है। जगत में केवल भटकाव है, विश्राम नही। भगवान की कृपा से परेशान जीव को भी विश्राम उपलब्ध होता है। प्रभु श्रीराम का नाम मन के विश्राम के लिए आवश्यक हैं। उक्त बातें श्री जंगली बाबा धाम गड़वार पर आयोजित हरिहरात्मक महायज्ञ में रामकथा के तीसरे दिवस हरिद्वार से पधारे अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक चिन्मयानंद बापू ने मानस मंच से प्रवचन पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु श्रोतागणों से कथा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि संसार से जब ठोकर लगती है तो तब केवल प्रभु का सहारा होता है। इसलिए कहते हैं कि जगदीश पर हमारा भरोसा प्रबल होना चाहिए, जिससे कठिन से कठिन परिस्थितियों का भी समाधान हो जाता हैं। कहा कि भगवान की लीला के पीछे कोई न कोई कारण छिपा होता है। चिन्मयानंद बापू ने बताया कि भगवान का जन्म नहीं होता, वह प्रकट होते हैं। जिस प्रकार दूध में घी होता हैं, लेकिन दिखाई नही देता। उसी प्रकार ईश्वर सर्वत्र,सर्वदा व समान रूप से विद्यमान हैं। वहीं हरिहरात्मक महायज्ञ में यज्ञ मंडप की भी श्रद्धालु जन परिक्रमा कर रहे हैं।

जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं पर भड़के डीएम

बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने शनिवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए और उनसे बातचीत कर उनके स्वास्थ्य एवं उपचार के बारे में जानकारी ली। मरीजों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं का फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में खराब स्ट्रेचर देखकर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को निर्देशित किया कि अस्पताल में तत्काल पर्याप्त संख्या में स्ट्रेचर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को आने-जाने और उपचार के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

न्यायालय के आदेश के बावजूद महिला को ससुराल में नहीं मिला रहने का हक

बैरिया (बलिया)। न्यायालय के आदेश के बावजूद विवाहिता को ससुराल में रहने नहीं देने, नकदी व आभूषण चोरी करने तथा हत्या कर शव गंगा में फेंकने की धमकी देने के मामले में बैरिया पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दया छपरा निवासी कुसुम देवी पत्नी त्रिवेणी यादव ने तहरीर में बताया कि शादी के कुछ दिनों बाद ही ससुराल के लोग उसे प्रताड़ित करने लगे।







मुठभेड़ में घायल दो बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

असलहे एवं तस्करों की गिरफ्तारी करने पहुंची पुलिस टीम पर फायरिंग की घटना में थे शामिल

लंका थाना क्षेत्र के सुंदरपुर स्थित आशुतोष नगर में एटीएस प्रशिक्षित सिपाही अमित शुक्ल पर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दोनों की पहचान अंजनी झा और राजू तिवारी के रूप में हुई है। असलहा बरामदगी के दौरान सामनेघाट में आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी काररवाई में दोनों के पैरों में गोली लगी। घायल आरोपियों को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इस मामले में तीसरे आरोपी राज विश्वकर्मा को पुलिस शुक्रवार रात ही मुठभेड़ में गिरफ्तार कर चुकी है। डीसीपी गौरव बंसवाल के अनुसार, सिपाही पर हमले के बाद क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी थीं। अंजनी और राजू को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो उन्होंने वारदात में इस्तेमाल असलहों को सामनेघाट में छिपाने की जानकारी दी। पुलिस दोनों को लेकर हथियार बरामद कराने पहुंची थी, तभी उन्होंने असलहे निकालकर पुलिसकर्मियों पर गोलियां चला दीं। जवाबी फायरिंग में दोनों घायल हो गये। गौरतलब है कि शुक्रवार रात सुंदरपुर सब्जी मंडी के पीछे आशुतोष नगर में सिपाही अमित शुक्ल को तीन गोलियां मारी गयी थीं। उन्हें बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। ऑपरेशन कर एक गोली निकाल दी गयी है। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी गयी है। पुलिस बरामद असलहों की फॉरेंसिक जांच करायेगी।

फूलपुर में कार की टक्कर से मोपेड सवार वृद्ध की मौत

पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के बहुतरा गांव के पास बाबतपुर-जमालापुर मार्ग पर शनिवार को दोपहर कार की टक्कर से मोपेड सवार ६६ वर्षीय हूबलाल यादव की मौत हो गयी। वह जौनपुर जिले के महेबा गोपालापुर गांव के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, हूबलाल यादव बाबतपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती अपने रिश्तेदार को देखने के बाद वापस घर जा रहे थे। इसी दौरान बहुतरा के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मोपेड में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही फूलपुर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार को कब्जे में ले लिया। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

पहड़िया रोड स्थित रायफल एक्का ऑफिस के पास मारपीट में अभिषेक भारद्वाज की आंख में गंभीर चोट लगने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर लालपुर थाने की पुलिस ने संदीप यादव उर्फ गोलू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अभिषेक के अनुसार, २४ अक्टूबर को दोपहर में संदीप यादव ने अचानक हमला कर दिया। विरोध करने पर गाली–गलौज की और बीच–बचाव करने पहुंचे लोगों के सामने जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बगैर सूचना के जनगणना प्रशिक्षण में गैर हाजिर होने पर होगी सख्त कारवाई

जनगणना–२०२६ के लिए लोगों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है। इस दौरान प्रशिक्षण ले रहे लोगों को चेतावनी दी गयी कि बगैर सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कारवाई की जायेगी। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने ऐसे लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक जनगणना अधिनियम १९४८ के तहत विभागीय कारवाई की जायेगी। जनगणना प्रशिक्षण के दौरान आदमपुर जोन में एक, भेलूपुर में २५, वरुणापार में पांच, सारनाथ जोन में ११ कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। उल्लेखनीय है कि ३० अक्तूबर को सिगरा स्थित एक निजी इंग्लिश स्कूल ऋषि मांडवी के जोनल अधिकारी ने निरीक्षण कार्य शुरू किया। हालांकि इन लोगों ने बताया कि खराब मौसम, बारिश के कारण उपस्थिति संतोषजनक नही रही। निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई, खाने आदि की व्यवस्था की निगरानी की गयी। ट्रेनिंग १४ नवम्बर तक करायी जायेगी। इनमें अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कारवाई की जायेगी।

नगर निगम और विप्रा में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनी

नगर निगम के सभागार में शनिवार को देश के लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती उत्साह के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके जीवन देश के एकीकरण में अमूल्य योगदान और आदर्शों पर विचार विमर्श किया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने दूरशिता और दृढ़ इच्छाशक्ति से रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत का निर्माण किया। उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलकर देश अधिक सुरक्षित और मजबूत बनेगा। अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्र ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखण्डता और सुरक्षा के लिए शपथ दिलायी। वहीं सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर वाराणसी विकास प्राधिकरण में सचिव डाक्टर वेदप्रकाश मिश्र और अपर सचिव डाक्टर गुडाकेश शर्मा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलायी। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरदार बल्भ भाई पटेल के राष्ट्र की एकता और अखण्ड भारत के विषय पर दिये गये योगदान पर स्मरण किया गया और उनके आदर्श पर चलने की शपथ ली गयी।

राजातालाब में सांड के हमले से घायल अधेड़ की मौत

राजातालाब। आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के पनियरा गांव के सिवान में शुक्रवार को शाम में सांड के हमले से रामा राजभर (५७ वर्ष) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पनियरा गांव निवासी रामा राजभर शुक्रवार की शाम बारिश बंद होने के बाद बकरियां चराने सिवान में गये थे, जहां एक छुट्टा सांड ने उन पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सांड ने उन्हें उठाकर पटक दिया और सींग से जमीन पर देर तक रगड़ता रहा। मौके पर मौजूद किसानों ने डंडों से भगाने की कोशिश की, लेकिन सांड हमला करता रहा। गांव से और लोगों के लाठी-डंडे लेकर पहुंचने पर सांड भागा।

जगतपुर पी.जी. कॉलेज जगतपुर वाराणसी सम्बद्ध–महात्मा गांधी काशीविद्यापीठ वाराणसी स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रवक्ताओं. की–स्नातकोत्तरस्तर पर भौतिकविज्ञान, मनोविज्ञान **1–1 पद**, स्नातकस्तर पर बी.सी.ए., बी.बी.ए. **2–2 पद**, सांख्यिकी **01 पद** अर्हता यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय परनियमावली के अनुसार, अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन के 21 दिन के अन्दर अपने समस्त शैक्षणिक अंकपत्रों व प्रमाणपत्रों तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवेदन कर सकते है। **प्रबन्धक**

सार्वजनिक सूचना

निवेदन है कि प्रार्थी विनय कुमार सिंह और गीता सिंह पत्नी जिलेदार सिंह, पता: भोजूबीर सरसौली थाना कैंट वाराणसी का निवासी हूं। दिनांक 30.10. 2026 समय लगभग 11:43 से दोपहर 01:43 के मध्य अपने काम से कचहरी वाराणसी जा रहा था, अपने बैग में जमीन की रजिस्ट्री व अन्य कागजात लिया था, उक्त बैग कहीं रास्ते में गिर गया, बहुत ढूढ़ने के पश्चात् भी नहीं मिला। उक्त बैनामा आराजी सं0 680/1 ग्राम–लालपुर, मीरापुर बसही बही सं0 01, जिल्द सं0 7445, पेज सं0 388/392, डी नं0 633, दिनांक 23.06. 1998 जो सब रजिस्ट्रार वाराणसी के यहां पंजीकृत था, उक्त बैनामा फोटोकापी कराने के लिए लेकर जा रही था। सूचित होकर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें। उपरोक्त संपत्ति भारतीय स्टेट बैंक होम लोन सेंटर शाखा कचहरी वाराणसी में बंधक हेतु प्रस्तावित है यदि किसी व्यक्ति संव्य अथवा निकाय से किसी को उक्त बंधक हेतु आपत्ति है अथवा किसी व्यक्ति यदि व्यक्ति उपरोक्त दस्तावेज पता है तो इस सूचना के प्रकासन की 15 दिन के भीतर भारतीय स्टेट बैंक होम लोन सेंटर शाखा कचहरी वाराणसी अथवा अधिवक्ता जटाशंकर पांडे दूरभाष दूर भाषा नंबर 9415 316093 से संपर्क करें अथवा उक्त दस्तावेज प्रस्तुत करें उक्त खोई हुई विक्रय जिले की मूल प्रति का कोई अन्य उपयोग यदि किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है तो वह शून्य वह अवैध होगा। प्रार्थी/प्रार्थिनी
विनय कुमार सिंह और गीता सिंह

सूचना

श्रीमती बनारसी देवी एजुकेशनल सोसाइटी, सोयेपुर, लमही वाराणसी के समस्त साधारण सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सोसाइटी द्वारा संचालित **डॉ० घनश्याम सिंह कालेज ऑफ एजुकेशन गोसाईपुर, मोहॉव, आजमगढ़ रोड, वाराणसी** के प्रबन्ध समिति का चुनाव 05 नवम्बर 2026 को 01 बजे से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में होगा। सभी सदस्य चुनाव कार्यवाही में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। **प्रबन्धक / सचिव**

सूचना

डी.एल.एड.(बी.टी.सी.)सत्र-2026-28 में अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत सीधे प्रवेश हेतु विज्ञप्ति-

सूचित किया जाता है कि मौलाना अबुल कलाम आजाद अल्पसंख्यक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान परदहां,मऊ में डी.एल. एड.(बी.टी.सी.) सत्र-2026-28 में अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत सीधे प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त हाई स्कूल,इण्टरमीडिएट एवं स्नातक के अंक पत्र व प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं नवीनतम फोटो के साथ संस्था की वेबसाइट www.smdttistitute.org.in दिनांक 26-10-26 से 05-11-2026 तक आवेदन कर सकते हैं तथा उसकी मूल प्रति समस्त प्रमाण पत्रों के साथ संस्थान में दिनांक 06-11-2026 तक जमा कर सकते हैं। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को S.C.E.R.T. के नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी। प्रबन्धक,मो.8009379095

वर्गीकृत विज्ञापन आज

सूचना

सूचना–सूचित किया जाता है मेरा पूर्वनाम– PRABHUNARAN PANDEY था अब से बदलकर **PRABHU NARAYAN PANDEY** पुत्र MOTIC-HAND PANDEY रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय ,पता–VIP Road, चामुण्डा देवी मार्ग, केवटन, विंध्याचल मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश)।

सूचना

सूचना –सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2697409 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2039077 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **सिंपल यादव** पुत्र फूलचंद सिंह यादव ग्राम देऊपुर,पोस्ट गाई, थाना मरदह, जिला गाजीपुर।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबन्धक

सामान्य निकाय की बैठक सूचना

पूर्वांचल एग्रो मार्केटिंग एण्ड प्रोसेसिंग मल्टी-स्टेट को-आपरेटिव सोसायटी हाटा, मुहम्मदाबाद, गाजीपुर की सामान्य निकाय के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांकिय 14 नवम्बर 2026 शनिवार को 11.00 बजे दिन में युसुफपुर सहकारी संघ भवन में सामान्य निकाय की बैठक आहूत की गयी है, जिसमें निम्नलिखित एजेण्डा पर विचार किया जायेगा। अत: निश्चित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर बैठक में भाग लेने का कष्ट करें। बैठक का एजेण्डा निम्नवत है- 1. 4 अक्टूबर 2025 की वार्षिक आम बैठक के कार्यवृत्ति की पुष्टि, 2- कार्योत्तर पर विचार, 3- संतुलन पत्र एवं लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र पर विचार, 4- शुद्ध लाभांश के निस्तारण पर विचार, 5- बजट कार्योत्तर एवं बजट स्वीकृति पर विचार, 6- समिति के सदस्यों पर लगे ऋण पर विचार, 7- समिति के आडिट करने के लिए सनदी लेखाकार नियुक्त करने व पारिश्रमिक निर्धारण पर विचार, 8- प्रबंध समिति के सदस्यों के कार्यरत संबंधियों पर विचार, 9-अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से ।

सचिव — विजय शंकर राय
अध्यक्ष — आनन्द कुमार त्रिपाठी
पूर्वांचल एग्रो मार्केटिंग एण्ड प्रोसेसिंग मल्टी-स्टेट को-आपरेटिव सोसायटी हाटा, मुहम्मदाबाद, गाजीपुर, उ.प्र.

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना सं. 182/2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना



इस कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 181/2026 दिनांक 29.10.2026 के क्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वाराणसी सिटी राजा तालाब वाराणसी सिटी एवं बनारस प्रयागराज रामबाग बनारस के मध्य मेमू गाड़ियों (प्रतिदिन) का नियमित संचलन निम्न अनुसार किया जायेगा।

65135/65136 वाराणसी सिटी–राजा तालाब–वाराणसी सिटी मेमू गाड़ी (प्रतिदिन) 01.11.2026 से

65135 वाराणसी सिटी–राजा तालाब मेमू | 65136 राजा तालाब–वाराणसी सिटी मेमू

आ0	प्र0	स्टेशन	आ0	प्र0
--	05.15	वाराणसी सिटी	08.00	--
05.30	05.32	वाराणसी जं0	07.40	07.43
05.43	05.45	बनारस	07.22	07.27
05.50	05.51	भुल्लनपुर	07.09	07.10
05.58	06.00	हरदत्तपुर	07.03	07.04
06.15	-	राजातालाब	-	06.55

रेक संरचना:– मेमू श्रेणी के कुल 8 कोच

65137/65138 वाराणसी सिटी–राजा तालाब–वाराणसी सिटी मेमू गाड़ी (प्रतिदिन) 01.11.2026 से

65137 वाराणसी सिटी–राजा तालाब मेमू | 65138 राजा तालाब – वाराणसी सिटी मेमू

आ0	प्र0	स्टेशन	आ0	प्र0
--	07.45	वाराणसी सिटी	11.45	--
08.00	08.05	वाराणसी जं0	11.30	11.33
08.15	08.17	बनारस	11.15	11.17
08.22	08.23	भुल्लनपुर	11.05	11.06
08.29	08.30	हरदत्तपुर	10.58	10.59
08.45	-	राजातालाब	-	10.50

रेक संरचना:– मेमू श्रेणी के कुल 8 कोच

65139/65140 वाराणसी सिटी–राजा तालाब–वाराणसी सिटी मेमू गाड़ी (प्रतिदिन) 01.11.2026 से

65139 वाराणसी सिटी–राजा तालाब मेमू | 65140 राजा तालाब – वाराणसी सिटी मेमू

आ0	प्र0	स्टेशन	आ0	प्र0
--	09.10	वाराणसी सिटी	14.05	--
09.28	09.30	वाराणसी जं0	13.43	13.45
09.40	09.42	बनारस	13.28	13.30
09.50	09.51	भुल्लनपुर	13.17	13.18
09.57	09.58	हरदत्तपुर	13.10	13.11
10.10	-	राजातालाब	-	13.00

रेक संरचना:– मेमू श्रेणी के कुल 8 कोच

65141/65142 वाराणसी सिटी–राजा तालाब–वाराणसी सिटी मेमू गाड़ी (प्रतिदिन) 01.11.2026 से

65141 वाराणसी सिटी–राजा तालाब मेमू | 65142 राजा तालाब –वाराणसी सिटी मेमू

आ0	प्र0	स्टेशन	आ0	प्र0
--	16.00	वाराणसी सिटी	18.35	--
16.13	16.15	वाराणसी जं0	18.18	18.20
16.28	16.30	बनारस	18.00	18.05
16.35	16.36	भुल्लनपुर	17.46	17.47
16.43	16.45	हरदत्तपुर	17.38	17.40
17.05	-	राजातालाब	-	17.25

रेक संरचना:– मेमू श्रेणी के कुल 8 कोच

65123/65124 बनारस–प्रयागराज रामबाग–बनारस मेमू गाड़ी (प्रतिदिन) 01.11.2026 से

65123 बनारस–प्रयागराज रामबाग मेमू | 65124 प्रयागराज रामबाग –बनारस मेमू

आ0	प्र0	स्टेशन	आ0	प्र0
--	07.00	बनारस	20.30	--
07.18	07.20	राजा तालाब	19.50	19.52
07.45	07.47	माधोसिंह	19.20	19.22
07.58	08.00	ज्ञानपुर रोड	19.03	19.05
08.23	08.25	हडिया खास	18.40	18.42
09.08	09.10	झूंसी	18.15	18.17
09.50	-	प्रयागराज रामबाग	-	18.00

रेक संरचना:– मेमू श्रेणी के कुल 8 कोच

65111/65112 बनारस–प्रयागराज रामबाग–बनारस मेमू गाड़ी (प्रतिदिन) का औड़िहार तक मार्ग विस्तार के उपरांत परिवर्तित समय–सारणी

65111 औडिहार–प्रयागराज रामबाग मेमू | 65112 प्रयागराज रामबाग – औडिहार मेमू

आ0	प्र0		आ0	प्र0
-	04.15	औड़िहार	-	23.55
04.25	04.26	रजवारी	23.18	23.39
04.33	04.34	कादीपुर	23.11	23.12
04.43	04.45	सारनाथ	23.00	23.02
04.56	04.58	वाराणसी सिटी	22.48	22.50
05.10	05.15	वाराणसी जं0	22.30	22.35
05.25	05.30	बनारस	22.10	22.15
05.36	05.37	भुल्लनपुर	21.45	21.46
05.43	05.44	हरदत्तपुर	21.39	21.40
05.50	05.51	राजातालाब	21.31	21.32
05.56	05.57	ब्रम्हापुर	21.24	21.25
06.02	06.03	निगतपुर	21.19	21.20
06.10	06.11	कछवा रोड	21.11	21.12
06.18	06.19	कटका	20.59	21.00
06.25	06.44	माधोसिंह	20.34	20.36
06.49	06.50	अहिमनपुर	20.25	20.26
06.55	06.56	अल्मऊ हाल्ट	20.19	20.20
07.02	07.04	ज्ञानपुर रोड	20.12	20.14
07.11	07.12	सराय जगदीश	20.04	20.05
07.17	07.18	जंगीगंज	19.59	20.00
07.24	07.25	अटरौरा हाल्ट	19.51	19.52
07.30	07.49	भीटी	19.43	19.44
07.56	07.57	हडिया खास	19.35	19.36
08.04	08.05	सैदाबाद	19.27	19.28
08.15	08.16	रामनाथपुर	19.17	19.18
08.31	08.33	झूंसी	19.05	19.07
-	(आं0) 09.05	प्रयागराज रामबाग	18.50 (प्र0)	-

मुजाधि/टी–72 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, वाराणसी

पत्रांक– दिनांक–

ई–निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. वाराणसी की ई. निविदा सूचना संख्या 5082/15ए दिनांक–31.10.2026 द्वारा निम्न कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 02.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे से दिनांक 07.11.2026 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 07.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक होगी एवं टेक्निकल बिड्स दिनांक 07.11.2026 अपरान्ह 12. 30 बजे खोली जायेगी। यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.inपर दिनांक 07.11.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण हेतु https://etender.up.nic.in पर लाग इन करें ।

क्रम. सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	धरोहर धनराशि (लाख रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	
1	वाराणसी	जनपद वाराणसी में बघवानाला से ढेलवरिया को जोड़ने के लिये वरुणा नदी पर पान्टून जोड़ने/तोड़ने एवं अनुरक्षण का कार्य।	11.00	1.10	854.00	प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. वाराणसी	10 माह

बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी.एस.टी. को छोडते हुये लगाई गयी है।
निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

(के.के. सिंह)
अधिशासी अभियन्ता,प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., वाराणसी

कार्यालय जिलाधिकारी-संत रविदास नगर भदोही
Email:- dmsrn@nic.in

अपील/चेतावनी

जन–साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली शराब का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से बिकने वाली शराब में मिथाइल अल्कोहल का मिश्रण हो सकता है। मिथाइल अल्कोहल एक घातक विष है, जिसके थोड़ी मात्रा में सेवन से रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। अतः जन–साधारण से अपील की जाती है कि किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डों से तथा जरीकेनों एवं पाउचों में बिकने वाली शराब का सेवन न करें। अपना एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकृत आबकारी दुकानों से ही बार कोड एवं सील लगी बोतल खरीदें। अवैध मदिरा का निर्माण/बिक्री की सूचना आबकारी विभाग के निम्न मोबाइल नम्बर पर दें। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

जिला आबकारी अधिकारी, संत रविदास नगर, भदोही मो.नं.–9454465620
आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–1, ज्ञानपुर, मो.नं.–9454466189
आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–2, भदोही, मो.नं.–8299466851
आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–3, औराई, मो.नं.–9454466569

(मुकेश कुमार शर्मा)
जिला आबकारी अधिकारी
संतरविदास नगर भदोही

(शैलेश कुमार)
जिलाधिकारी
संतरविदास नगर भदोही

पत्रांक–1271/जि.आ.अ./सं.र.न. भदोही/दिनाकः अक्टूबर 31, 2026

कार्यालय नगर पालिका परिषद
पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, जनपद-चन्दौली

अल्पकालिक निविदा सूचना

सर्व साधारण/लकड़ी विक्रेताओं/समस्त अधिकृत एवं जी.एस.टी. में पंजीकृत फर्मो/पालिका में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर क्षेत्र में ठण्ड/शीतलहर के प्रकोप से बचने हेतु नगर पालि. का परिषद पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर में सूखी जलावन/अलाव लकड़ी की आपूर्ति के लिए प्रति कुन्तल की दर से मुहरबन्द निविदा दिनांक–13.11.2026 को कार्यालय नगर पालिका परिषद पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर में दिन अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 05.00 बजे मा. अध्यक्ष या उनके द्वारा अधिकृत किसी अधिकारी द्वारा खोला जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र रूपया मु.–1500.00 (एक हजार पॉच सौ रू. मात्र) या नगद जमा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर में सम्बन्धित पटल से निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 12.11.2026 को दिन में 12.00 बजे तक निविदा मुल्य जमा कर क्रय किया जा सकता है।

नियम व शर्ते–

1. निविदा के साथ रू. 50000.00 की एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर के नाम से बंधक होगा या नगर धनराशि नगर पालिका में जमा कर रसीद निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. फर्म/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को सूखी लकड़ी की दर प्रति कुन्तल देना होगा।
3. आपूर्ति किये गये लकड़ी व वजन धर्मकाटा की वजन पर्ची के साथ बिल प्रस्तुत करना होगा अन्यथा की दशा में बिल मान्य नहीं होगा।
4. अलाव की जलावन लकड़ी सूखी होनी चाहिए यदि गीली लकड़ी की आपूर्ति की जाती हे तो उसका भुगतान नहीं किया जायेगा ।
5. विभाग द्वारा समय–समय पर मॉग किये जाने की दशा में चिन्हित स्थल पर सूखी लकड़ी की आपूर्ति किया जाना होगा।
6. यह कि किसी प्रकार का कर जैसे–आयकर, जी.एस.टी. इत्यादि की कटौती ठेकेदार/फर्म के बिल से किया जायेगा जो आपूर्तिकर्ता को मान्य होगा।
7. फर्म/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को लकड़ी जैसे पीपल, बरगद, रबर, गुल्लर, लिप्टस व हरी लकड़ी इत्यादि आपूर्ति मान्य नहीं होगी किसी भी दशा में गीली लकड़ी स्वीकार नहीं है उसे तत्काल वापस कर दिया जायेगा।
8. किसी भी दशा में फर्म/ठेकेदार का दर सरकारी दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
9. यह कि किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र चन्दौली होगा।

(धर्मराज सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिशद
पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर चन्दौली

(सोनू किन्नर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिशद
पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर चन्दौली

पत्रांक–256/अ.अ./न.पा.प.पं.दी.उ.न./2026–27 दिनांक– 30.10.2026

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो.नि.वि., वाराणसी
(Email ID:- secirclevaranasi@gmail.com)

पत्रांक:- 5159/183काम-वा.वृत्त/2026-27 दिनांक:- 24.10.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन ई0 निविदा https://etender.up.nic.in एस0बी0डी0 की शर्तों से अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म द्वारा दिनांक 04.11.2026 से दिनांक 13.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 13.11.2026 अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित अर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष निविदा समिति के सदस्यों द्वारा आनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठकेदारों की फाइनेन्शियल बिड खोलने की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा अलग से दी जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.in पर दिनांक 13.11.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्य का विवरण निम्न है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत 5 वर्षीय अनुरक्षण सहित (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का नाम	अधीक्षण अभियन्ता का नाम	मुख्य अभियन्ता का नाम	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
	चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण योजना–(विधान सभा–चकिया) स्वीकृति की प्रत्याशा में–								
1	जनपद चन्दौली में सैदुपुर पहाड़पुर सवैया मार्ग (अ0जि0मा0) के चैनेज 4.200 से 15.800 तक (लम्बाई 11.600 किमी0) का चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	1948.32	30.00	12 माह	5000.00+ 500.00+ 90 (GST) =5590.00	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A

:– बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
:– निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
:– निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण (https://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध हैं।
प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गई समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जाँच कर ली गई है, जो सही है।

(कृष्ण कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0
वाराणसी

उ.प्र.:– 259945
दिनांक:– 30.10.2026
वेबसाईट:– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता चतुर्थ
बन्धी प्रखण्ड द्वितीय राबर्ट्सगंज, सोनभद्र

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या:-02/स.अ.च./2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित निर्माण/मरम्मत कार्यो हेतु पृथक–पृथक मुहरबन्द निविदायें सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारो से दिनांक 07.11.2026 को 2.00 बजे (अपरान्ह) तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके मनोनित प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष निर्धारित कमेटी द्वारा रावर्टसगंज कार्यालय स्थल पर खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 04.11.2026 से दिनांक 06.11.2026 तक समय–11.00 पूर्वान्ह से 4.00 बजे सायं तक निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।

क्र0स0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	कार्य समाप्ति की अवधि	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी
1	2		3	4	5	6
1	LOT NO. 01 Silt clearance /Bed Scraping & Jungle Clearance of Baghadu-A Minor From km 0.000 to 0.800, Baghadu –B Minor From km 0.000 to 0.800, Nagawa Minor From km 0.000 to 0.800, Gulal Jharia Main Minor From km 0.000 to 0.900 and Gulal Jharia Branch Minor From km 0.000 to 0.600	0.70	30 दिवस	7000.00	500+50+ अतिरिक्त कर सहित	डी0 एवं उच्च श्रेणी
2	LOT NO. 02 Silt clearance /Bed Scraping & Jungle Clearance of Beeder Main Minor From Km 0.000 To km 0.950, Beeder Branch Minor From Km 0.000 to Km 0.950 , Rajkhar Left Minor From Km 0.000 To km 1.200, Rajkhar Right Main Minor From Km 0.000 To km 1.300 & Rajkhar Right Branch Minor From Km 0.000 To km 1.000	0.93	30 दिवस	9300.00	500+75+ अतिरिक्त कर सहित	डी0 एवं उच्च श्रेणी
3	LOT NO. 03 Bed Scraping & Ordinary Jungle Clearance Of Lakara Left Canal between Km 0.000 to km 3.600, Lakara Right Minor between km 0.000 to km 3.200	1.64	30 दिवस	16400.00	500+75+ अतिरिक्त कर सहित	डी0 एवं उच्च श्रेणी

नोट–यह निविदा सूचना उ0प्र0 सरकार सिंचाई विभाग की वेबसाइट (http://irrigation.up.nic.in)पर उपलब्ध है। नियम व शर्ते सिंचाई विभाग की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। यह निविदा बजट आवंटन की प्रत्याशा मे निकाली जा रही है। उक्त निविदा में किसी प्रकार का परिवर्तन या संशोधन होता है तो नोटिस बोर्ड में चस्पा कर सूचित कर दिया जायेगा।

उ.प्र.:– 259941
दिनांक:– 30.10.2026

(संजीव कुमार यादव)
सहायक अभियन्ता चतुर्थ
बन्धी प्रखण्ड द्वितीय
राबर्ट्सगंज, सोनभद्र

वेबसाईट:– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

एक माह में पूरा हो माधोसिंह-खमरिया-डेढ़वा मार्ग का निर्माण-डीएम

जिला उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों की समस्याओं और औद्योगिक विकास की समीक्षा, युवा उद्यमी योजना में लक्ष्य से अधिक ऋण वितरण

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक हुई। इसमें उद्यमियों की समस्याओं, औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास, निर्यात प्रोत्साहन और शासन की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में माधोसिंह से खमरिया होते हुए डेढ़वा तक छह किलोमीटर लंबे मार्ग के सुदृढ़ीकरण की समीक्षा की गई। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि इसमें 4.50 किलोमीटर सड़क का



निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 1.50 किलोमीटर का कार्य शेष है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि अवशेष निर्माण कार्य एक माह के भीतर हर हाल में पूरा कराया जाए। कार्पेट सिटी में आवंटित औद्योगिक भूखंडों के आसपास जल निकासी की समस्या पर बीडा ने बताया कि संबंधित नाली को मुख्य नाले से जोड़ दिया गया है। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं बेहतर रखने और उद्यमियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने देने के निर्देश दिए। कार्पेट सिटी एवं कार्पेट क्लस्टर के प्रभावी संचालन के लिए नियमित निरीक्षण करने को भी कहा। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा में बताया गया कि योजना के तहत 1700 के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष अक्टूबर तक 595 लाभार्थियों को ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित था, जबकि अब तक 717 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने शेष पात्र आवेदनों पर तेजी से कार्रवाई कर युवाओं को स्वरोजगार और उद्यम स्थापना से जोड़ने के निर्देश दिए। निर्यात प्रोत्साहन के संबंध में जिलाधिकारी ने स्थानीय निर्यातकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने और भदोही के कालीन उद्योग की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान मजबूत करने पर जोर दिया। निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी आवेदनों का निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन, निर्यात संवर्धन और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

सरदार पटेल की जयंती पर पुलिसकर्मियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

ज्ञानपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने रिजर्व पुलिस लाइन ज्ञानपुर में सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने पुलिस कार्यालय सरपतहां में तथा क्षेत्राधिकारी औराई राजीव कुमार सिंह ने औराई थाने में माल्यार्पण किया। इसी क्रम में जनपद के सभी थानों पर थाना प्रभारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइन और प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं पुलिस कार्यालय और विभिन्न थानों में भी संबंधित अधिकारी व पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस के आयोजन में सहभागिता की।

भारी मात्रा में पटाखे बरामद, एक गिरफ्तार

सुरियावां। दीपावली के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुरियावां पुलिस ने शनिवार को घनी आबादी वाले इलाके में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित पटाखे बरामद किए। पुलिस ने मौके से मकान मालिक मुमताज अली (44) को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 31 अक्टूबर को शांति व्यवस्था और चेकिंग के दौरान मिली सटीक सूचना पर टीम ने वार्ड नंबर छह स्थित इंद्रानगर में एक बंद मकान पर छापा मारा। तलाशी के दौरान मकान में छिपाकर रखे गए पटाखों का बड़ा जखीरा मिला। पुलिस ने तीन सफेद प्लास्टिक की झाल, 11 छोटी-बड़ी प्लास्टिक की बोरियां और चार छोटे-बड़े कार्टून में रखे पटाखे बरामद किए। पूछताछ में गिरफ्तार मुमताज अली पुत्र स्व. मोहम्मद हारुन निवासी वार्ड नंबर छह इंद्रानगर ने बताया कि दीपावली पर पटाखों की बिक्री से अच्छी आमदनी होने की उम्मीद में उसने पटाखे जमा किए थे। पुलिस के मुताबिक, अभियुक्त के पास पटाखों का वैध लाइसेंस था, लेकिन उसने लाइसेंस की शर्तो का उल्लंघन करते हुए निर्धारित सुरक्षित गोदाम के बजाय घनी आबादी स्थित बंद मकान में पटाखों का भंडारण किया था। मौके पर वह इस स्थान पर भंडारण से संबंधित कोई वैध दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर सका। इस मामले में थाना सुरियावां में मुकदमा अपराध संख्या 338/2026 के तहत धारा 288 बीएनएस और 9बी विस्फोटक अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मोहम्मद शकील खां, हेड कांस्टेबल रजत कुमार सिंह, कांस्टेबल अहम सिंह, आशीष कुमार शुक्ला तथा महिला कांस्टेबल सोनल और प्रियंका शामिल रहीं।

इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस और सरदार पटेल की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया नमन

ज्ञानपुर। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस और देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शनिवार को कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर इंदिरा नगर, सुरियावां स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कैंप कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें दोनों महान विभूतियों के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वसीम अंसारी ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका



साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणा देता रहेगा। वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दूरदर्शिता और दृढ़ नेतृत्व से सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर मजबूत भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। इस मौके पर त्रिलोकीनाथ बिंद, नाजिम अली, सुरेश चौहान, रामाशंकर बिंद, सुमित कुमार शुक्ला (चिंटू), करन मौर्य, चांद भाई, मोहम्मद कासिफ विशाल गौतम, शक्ति मिश्रा, राजेश सरोज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

लक्ष्य से अधिक हुआ पौधरोपण, चार को मनेगा गंगा उत्सव

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक हुई। इसमें पौधरोपण, गंगा संरक्षण, जल प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यो की समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने और आपसी समन्वय से समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। वर्षाकाल 2026 में जिले को 14.44 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष 14.47 लाख पौधे रोपित किए गए। वन विभाग ने 3.48 लाख और अन्य 22 विभागों ने 10.99 लाख पौधे लगाए। इस तरह लक्ष्य से 2300 अधिक पौधरोपण किया गया। जिले में कुल 2630 स्थलों पर पौधे लगाए गए हैं। डीएम ने सभी विभागों को पौधरोपण स्थलों का स्थलीय सत्यापन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में पौधशालाओं की स्थिति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में नौ पौधशालाएं संचालित हैं। डीघ और अभोली विकासखंड में वन विभाग की पौधशाला नहीं है। यहां नई पौधशालाएं स्थापित करने के लिए कम से कम एक हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराने की जरूरत बताई गई। जिला गंगा समिति की बैठक में गंगा में गिरने वाले झिरिया/गोपीगंज नाले के पानी की गुणवत्ता, प्रदूषण के कारणों और आसपास की औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले अपशिष्ट के शोधन की स्थिति पर चर्चा हुई।

सरदार पटेल की जयंती पर सर्व समाज जनहित पार्टी ने दी श्रद्धांजलि

गोपीगंज। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सर्व समाज जनहित पार्टी की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित



की गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ लौह पुरुष के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनका दृढ़ संकल्प, दूरदर्शिता और राष्ट्र के प्रति समर्पण आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके योगदान के बिना अखंड भारत की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति प्रत्येक नागरिक को उसके दायित्वों का बोध कराना है। सर्व समाज जनहित पार्टी सरदार पटेल के आदर्शों एकता, समानता और सर्व समाज के हितों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और

कार्यकर्ताओं से एकता और सामाजिक समरसता मजबूत करने की अपील

देशवासियों से सरदार पटेल के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में आपसी भाईचारा, समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की अपील की। इस दौरान अनुज सिंह, कैसर खान, सिंटू शुक्ला, घनश्याम कौशल, प्रमोद विश्वकर्मा, रामबाबू, रमेश पाल, मुखराम मिश्रा, प्रथम सिंह और संजय चौबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सेंट थामस स्कूल में ग्लोबल एजुकेशन फेयर का आयोजन

छात्र-छात्राओं को कोर्स, छात्रवृत्ति और प्रवेश प्रक्रिया की दी जानकारी

गोपीगंज। सेंट थॉमस स्कूल (सीआईएससीई, नई दिल्ली) में शनिवार को कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए ग्लोबल एजुकेशन फेयर 2026-27 का आयोजन किया गया। जीस (जीएस) के तत्वावधान में आयोजित इस शिक्षा मेले का उद्देश्य बोर्ड परीक्षार्थियों को उच्च शिक्षा और बेहतर करियर के विकल्पों से परिचित कराना था। मेले में देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें केएल यूनिवर्सिटी हैदराबाद, जैन यूनिवर्सिटी बेंगलुरु, बेनेट यूनिवर्सिटी नोएडा, एसआर यूनिवर्सिटी तेलंगाना, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी गुरुग्राम, आईएमएस गाजियाबाद, आरआईटी रुड़की, टीएस मिश्रा मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ, मंगलायतन यूनिवर्सिटी अलीगढ़, संस्कृति यूनिवर्सिटी मथुरा, गीता यूनिवर्सिटी हरियाणा और विक्रांत यूनिवर्सिटी मध्य प्रदेश सहित कई संस्थान शामिल रहे। विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने स्टॉल के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों, छात्रवृत्ति, प्रवेश प्रक्रिया और रोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने अपनी रुचि और भविष्य की योजनाओं के अनुसार प्रतिनिधियों से सीधे संवाद किया तथा उच्च शिक्षा और करियर चयन से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। विद्यालय प्रसासक साम अब्राहम ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को समय रहते



करियर की सही दिशा चुनने और उच्च शिक्षा के अवसरों को समझने में मददगार साबित होते हैं। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या वृन्दा साम ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पेंशनर्स की समस्याएं सुनकर एएसपी ने दिये त्वरित निस्तारण के निर्देश

ज्ञानपुर। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में शनिवार को पुलिस लाइन ज्ञानपुर के सभागार में पेंशनर्स गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। साथ ही उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एएसपी ने कहा कि गोष्ठी का उद्देश्य सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच आपसी संवाद बनाए रखना तथा उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी पुलिस की कार्यप्रणाली और क्षेत्र की परिस्थितियों से भली-भांति परिचित होते हैं। ऐसे में कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों अथवा असामाजिक तत्वों से जुड़ी कोई जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस के उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं और पुलिस का सहयोग करें। साथ ही थानों में बनाए गए पेंशनर्स रजिस्टर को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए।

आरोग्य मेले में पशुओं का हुआ उपचार

कोइरौना। पशुपालन विभाग एवं पशु चिकित्सालय डीघ की ओर से शनिवार को ग्राम पंचायत केवटाही में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ ग्राम प्रधान/प्रशासक अरविंद यादव व अन्य ने गोवंश का पूजन और फीता काटकर किया। इस दौरान पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर बीमार पशुओं का उपचार किया गया तथा पशुपालकों को आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। शिविर में पशुपालकों को विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पशुओं की उचित देखभाल और उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कमलेश प्रकाश, डॉ. सुरेश यादव, फर्मासिस्ट रोहित सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी सोनी सिंह, पैरावेट कमलेश यादव, आनंद यादव, अम्बुज शुक्ला, कुलदीप सरोज के अलावा प्रमुख रूप से रामकृष्ण पाण्डेय, बृजेंद्र प्रताप सिंह, कुलदीप, शेषमणि पाण्डेय, श्यामधर पाण्डेय, मुन्नीलाल पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



सपाइयों ने लिया पार्टी की मजबूती का संकल्प

ज्ञानपुर। जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय कंसापुर, ज्ञानपुर में शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं समाजवादी चिंतक, दार्शनिक आचार्य नरेंद्र देव की जयंती महोत्सव के रूप में मनाई गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। महोत्सव के प्रभारी एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव शांतिप्रकाश पटेल ने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी और नए भारत के शिल्पकार थे। उन्होंने आजादी के बाद देश की 565 रियासतों का विलय कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओ ने उनके आदर्शो को अपनाते हुए समाजवादी पार्टी को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

राजनीति को व्यापार बनाने वालों के खिलाफ उठानी होगी आवाज-डीएम सिंह गहरवार



ज्ञानपुर। अमर शहीद झूरी सिंह के जन्मदिवस पर आयोजित समारोह में युवा नेता एवं जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव डीएम सिंह गहरवार ने अपने संबोधन में राजनीतिक गतिविधियों पर कटाक्ष किया। उन्होंने किसी व्यक्ति विशेष का नाम लिए बिना राजनीति को व्यापार के रूप में इस्तेमाल करने वालों पर निशाना साधा। उनके बयान के बाद समारोह में मौजूद लोगों के बीच चर्चा शुरू हो गई। डीएम सिंह गहरवार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने देश में नील की खेती कराने का प्रयास किया था, जिसका लोगों ने विरोध किया। लेकिन आज जिले में राजनीतिक व्यापार की खेती हो रही है और इसके खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ऐसे प्रयासों का विरोध नहीं किया गया तो भदोही पर व्यापारिक हितों का प्रभाव बढ़ता जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस धरती से देश की आजादी की क्रांति का आगाज हुआ, उसी धरती से जिले के हितों की रक्षा के लिए भी आवाज उठनी चाहिए। युवाओं को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जिले को किसी की गुलामी की मानसिकता से बचाने के लिए जागरूकता और एकजुटता जरूरी है।

राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक थे सरदार वल्लभभाई पटेल-हरिलाल पाल

भदोही। अपना दल (एस) की ओर से शनिवार को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भदोही स्थित जीवनधारा प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिलाल पाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव (बौद्धिक मंच) जय प्रकाश पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिलाल पाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्र की एकता, अखंडता और अटूट संकल्प के प्रतीक थे। आधुनिक भारत के शिल्पकार के रूप में उन्होंने आजीवन शोषित, वंचित और निर्बल समाज के साथ खड़े होकर देशहित में कार्य किया। उनका संपूर्ण जीवन देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। राष्ट्रीय सचिव जय प्रकाश पटेल ने कहा कि अपनी कूटनीतिक कुशलता से सरदार पटेल ने 550 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। प्रदेश सचिव गुलाब सरोज ने कहा कि राष्ट्रीय एकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज भी संगठित और सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प याद दिलाती है। विधानसभा अध्यक्ष अरदास श्रीवास्तव ने कहा कि सरदार पटेल के विचारों से सशक्त, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी भारत के निर्माण की प्रेरणा मिलती है। वहीं कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने उनके जीवन को देशभक्ति और अद्वितीय नेतृत्व का उदाहरण बताया। कार्यक्रम में बंसराज पटेल, रामचरित्र सरोज, कमरुज्जमा अंसारी, राम श्रृंगार पटेल, धर्म प्रकाश सरोज, सुधरी देवी, महिला मंच की जिलाध्यक्ष किरण चौरसिया, पुष्पा गुप्ता, सत्यम मिश्रा, सतीश कुमार पाल, मुन्ना और आफ्ताब आलम सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धूमधाम से मना चिराग पासवान का जन्मदिन

ज्ञानपुर। लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का जन्मदिन शनिवार को भदोही स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर खुशियां मनाईं और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं भदोही प्रभारी कमल तिवारी ने कहा कि चिराग पासवान देश के युवाओं, वंचितों, शोषितों और दलित समाज की बुलंद आवाज हैं। अपने संघर्ष, जनसेवा और दूरदर्शी नेतृत्व के दम पर उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति में अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि एनडीए में चिराग पासवान से बड़ा दलित चेहरा कोई नहीं है। उनका नेतृत्व न केवल दलित समाज, बल्कि सभी वर्गों के लोगों को प्रभावित करता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। धनंजय दुबे ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता चिराग पासवान के विचारों और संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के साथ ही उनके विजन 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' और 'यूपी वाले फर्स्ट' को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर अवनीश तिवारी, जिला अध्यक्ष राम अवध मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष विजय पासी, मंडल अध्यक्ष विजय राय, प्रद्युम्न तिवारी, रत्नेश बिंद, विनोद विश्वकर्मा, सनी



सिंह, विपिन गौतम, राहुल मौर्य, सूरज गुप्ता, अवधेश विश्वकर्मा, आशीष पासी, गोविंद पासवान, आकाश बिंद, विशाल जायसवाल, अनिल सरोज, अभिनव तिवारी और सुजीत पासी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सरदार पटेल की जयंती पर विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता का लिया संकल्प

गोपीगंज। संत विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गेराई में शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय त्रिपाठी ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अजय त्रिपाठी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल देश की एकता और अखंडता के महान प्रतीक थे। उन्होंने देश की सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनका त्याग, साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

पटेल जयंती पर कलेक्ट्रेट में प्रतिमा का अनावरण

ज्ञानपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर शनिवार को जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्रसेवा के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई। डीएम ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन अदम्य इच्छाशक्ति, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति नि:स्वार्थ सेवा का प्रतीक है। स्वतंत्रता के बाद देशी रियासतों के एकीकरण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका ने भारत को एक मजबूत और संगठित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी कारण उन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

धूमधाम से मनी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

ज्ञानपुर। शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जनपद में धूमधाम से मनाई गई। इसी क्रम में उगापुर स्थित श्री रामेश्वर संस्कृत महाविद्यालय में भी सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर डॉ महेश त्रिपाठी, राजीव कुमार पाठक, कुलदीप त्रिपाठी सहित महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। इसी प्रकार सुरियावां स्थित श्री संकट मोचन संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय में भी लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला व उनके द्वारा किए गए योगदान पर भी प्रकाश डाला । इस मौके पर रायचंद उपाध्याय, महेंद्रनाथ मिश्र, संजय कुमार गुप्ता सहित विद्यालय के छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। इसी प्रकार भदोही के नई बाजार स्थित श्री धर्महितकारिणी संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय में भी सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। इस मौके पर निर्मल पाठक, अजय दुबे, संदीप पाण्डेय सहित विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राएं व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

१२ नवम्बर को होगा प्रसिद्ध भरत मिलाप

ऊंज । क्षेत्र के सुभाष नगर बाजार में गुरुवार को प्रसिद्ध भरत मिलाप आयोजन की तैयारियों को लेकर कमेटी की बैठक हुई। इसमें आगामी 12 नवंबर को होने वाले भरत मिलाप कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर चर्चा की गई। साथ ही कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त महिला पुलिस बल तैनात करने की मांग की।इस मौके पर कमेटी के संस्थापक कैलाश नारायण सिंह, धर्मराज मिश्रा, डॉ. महेंद्र यादव, शिवजी यादव, शिवराम हलवाई, सुभाष यादव, योगेश मिश्रा, राहुल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दो दिनों के लिए रामलीला स्थगित

गोपीगंज। क्षेत्र के सरई पठखानी, में हो रही भारी बारिश के कारण सरई पठखानी की ऐतिहासिक रामलीला का मंचन आगामी दो दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। लगातार हो रही बारिश एवं प्रतिकूल मौसम को देखते हुए रामलीला कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दशमी मेला एवं भरत मिलन समारोह आगामी 3 नवंबर 2026 को सम्पन्न होगा। कमेटी ने स्पष्ट किया कि बारिश समाप्त होने के बाद रामलीला का मंचन अपने निधार्ररित समय पर पुन: प्रारंभ किया जाएगा।बैठक एवं निर्णय में प्रमुख रूप से कमेटी कार्यकर्ता अवधेश पाठक, ताड़केश्वर पाठक, यश पाठक, कड़ेचंद पाठक एवं रविशंकर पाठक उपस्थित रहे। रामलीला कमेटी ने समस्त क्षेत्रवासियों से सहयोग एवं सहभागिता की अपील की।

पीड़ितों के खाते में वापस कराये रुपये

गोपीगंज। साइबर ठगी के शिकार तीन लोगों को गोपीगंज पुलिस ने बड़ी राहत दिलाई है। थाना गोपीगंज की साइबर हेल्पडेस्क टीम ने अलग-अलग मामलों में पीड़ितों के खातों से धोखाधड़ी कर निकाली गई कुल 40,500 रुपये की धनराशि वापस कराई है। खाते में रकम वापस मिलने पर पीडितों ने भदोही पुलिस के प्रति आभार जताया।इसी क्रम में गोपीगंज के अंजही मोहाल निवासी विमल कुमार जायसवाल के साथ पेमेंट एप के माध्यम से 17,500 रुपये की ठगी हुई थी। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर हेल्पडेस्क ने कार्रवाई करते हुए पूरी धनराशि वापस कराई। इसी तरह सुंदरपुर निवासी सुखविंदर सिंह मौर्या ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान पांच हजार रुपये की ठगी का शिकार हो गए थे। शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई कर उनके खाते में पूरी रकम वापस कराई। वहीं, गोपीगंज थाने के बगल निवासी आशिक अली के साथ संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से 18 हजार रुपये की साइबर ठगी हुई थी। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सच्चिदानंद पांडेय, कांस्टेबल सुनील वर्मा और महिला कांस्टेबल रति त्रिवेदी शामिल रहे।

जीआरपी-आरपीएफने चलाया सघन जांच अभियान

गोपीगंज। दीपावली पर्व पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ और नई ट्रेनों के शुभारंभ को देखते हुए शनिवार को ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी-प्रयागराज रेलखंड स्थित स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने सघन जांच अभियान चलाकर सुरक्षा का जायजा लिया। जीआरपी चौकी प्रभारी आनंद कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्टेशन पर आने-जाने वाली ट्रेनों की बोगियों, प्लेटफार्मों और यात्रियों के सामान की गहन तलाशी ली।इसे देखते हुए रेलवे प्रशासन सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहा है। जांच अभियान में कांस्टेबल रोशन चौहान, अजय कुमार, मोहम्मद ऐनामुल्लाह सिद्दीकी, रविशंकर सिंह सहित अन्य जवान शामिल रहे।

डीवीए भदोही ने तीन पदाधिकारियों के दायित्व में किया बदलाव

सीतामढ़ी । जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन (डीवीए) भदोही की महत्वपूर्ण बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और खेल एवं खिलाडियों के हित में तीन पदाधिकारियों के दायित्वों में बदलाव किया गया। बैठक विकासखंड डीघ के सूफीनगर स्थित मॉडर्न फिलिंग स्टेशन के सभागार में डीवीए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रकांत शुक्ला, महासचिव डॉ. सुभाष चंद्र यादव और कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई। महासचिव डॉ. सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि लेखराज यादव के स्थान पर आरडी मिश्रा को अनुशासन समिति का चेयरमैन मनोनीत किया गया है। वहीं, अनिल सरोज के स्थान पर लेखराज यादव को टेक्निकल चेयरमैन तथा संतोष कुमार गुप्ता के स्थान पर अतुल शुक्ला को रेफरी बोर्ड का चेयरमैन बनाया गया है। इस अवसर पर सृष्टि नारायण सिंह, राकेश कुमार पाठक, एमएस शुक्ला, लवकुश तिवारी, पूजा पांडेय, राजाराम पाल, श्याम बिहारी मौर्य, नीरज कुमार मिश्रा और दिनेश कुमार यादव समेत अन्य लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।



अपना दल ने सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

ज्ञानपुर। राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शनिवार को अपना दल (कमेरावादी) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष जितेंद्र पटेल के नेतृत्व में अभयनपुर स्थित सरदार पटेल स्थल एवं आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर उनकी प्रतिमा और चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जितेंद्र पटेल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का पूरा जीवन त्याग, संघर्ष, साहस और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। इस अवसर पर समर बहादुर पटेल, मंगल मौर्य, डॉ. बलिराज, विपुल गुप्ता, सुशील पटेल, सिकंदर कन्नौजिया, विवेक पटेल, गोलू पटेल, सुक्खू मौर्य, हुबलाल पटेल, सुरेंद्र पटेल, वीरेंद्र पटेल, डॉ. लालचंद गुप्ता और रवि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक तीन को

ऊंज। भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक आगामी तीन नवंबर को दरवासी स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में किसानों की समस्याओं, संगठन की गतिविधियों और किसान हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी यूनियन के अध्यक्ष श्यामधर सिंह और महासचिव हृदय तोष उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और किसानों से निर्धारित समय पर बैठक में पहुंचने की अपील की है।

विदाई समारोह में एसपी ने दी शुभकामनाएं

ज्ञानपुर। जनपद पुलिस में तैनात रेडियो उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह और उर्दू अनुवादक गुलजार अहमद अंसारी शनिवार को अधिवर्षता आयु पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। दोनों पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुलिस लाइन ज्ञानपुर स्थित सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उपहार एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। सहकर्मियों ने भी दोनों के साथ बिताए कार्यकाल को याद करते हुए उनके सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

सरदार पटेल ने भारत की एकता, अखण्डता को बनाया अक्षुण्य-डीएम

लौह पुरुष ने भारत के भू-राजनीतिक एकीकरण को स्थापित किया

आजमगढ़। स्वतंत्र भारत के वास्तुकार, भारत रत्न, लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी 151वीं जयंती जनपद में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय एकता की शपथ व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, एसएसपी कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी कमलकिशोर देशभूषण कंडारकर एवं मण्डलायुक्त कार्यालय में अपर आयुक्त न्यायिक डॉ0 अर्चना द्विवेदी की अध्यक्षता में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल कौशल प्रशिक्षण



एवं रोजगार क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत एसवीपीएसटीपीजेड की स्थापना विषयक समारोह का उपर्युक्त सभागार स्थलों सहित जनपद के सभी आईटीआई व पालिटेक्निक कालेजों एवं विभिन्न कार्यालयों में सजीव प्रसारण किया गया।

मुख्यमंत्री ने लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर लखनऊ में युवाओं की प्रगति के लिए रू0 1,725 करोड़ लागत की प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर सृजित करने वाली ऐतिहासिक पहल सरदार वल्लभभाई पटेल कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार क्षेत्र विकास योजना का शुभारंभ किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजीव शुक्ला, प्रशासन सिद्धार्थ, मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, उप जिलाधिकारी सदर अविनाश गौतम व उपस्थित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, माल्यापर्ण करते हुए लौह पुरूष के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित संगोष्ठी में अपने विचार रखे। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाते हुए कहा कि भारतीय भू-राजनीतिक एकीकरण के लिए भारत देश हमेशा सरदार पटेल जी के योगदानों के प्रति कृतज्ञ रहेंगा। आजादी के समय विखण्डित भारत को एकीकरण के सूत्र में बाधनें के कारण सरदार पटेल जी को भारत का बिस्मार्क कहा जाता है।

एसएसपी कार्यालय में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस पर एसएसपी डॉ0 अनिल कुमार ने राष्ट्रीय एकता की

दिलायी गयी शपथ

स्टैच्यू आफ यूनिटी देश की एकजुटता, अखण्डता का प्रतिमान- सीडीओ

शपथ दिलाते हुए बताया कि भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सरदार पटेल जी ने अपने अदम्य साहस सूझबूझ का परिचय देते हुए 562 देशी राजे रजवाड़ों को भारतीय संघ में मिलाया। उन्होंने वन नेशन, वन विजन का संदेश दिया था।

विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी कमलकिशोर देशभूषण कंडारकर ने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए 1918 में खेड़ा किसान आन्दोलन, 1928 बारदोली सत्याग्रह, आजादी के पूर्व रियासत विभाग की स्थापना कर 562 भारतीय राजे रजवाड़ों को अपनी कूटनीतिक कौशलता से भारतीय गणराज्य में सम्मलित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकीकरण समिति के सदस्य प्रभुनारायण पाण्डेय 'प्रेमी जी', डॉ0 रविन्द्र नाथ राय, अनीस, मुस्तजाब आलम आदि सहित जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने देश की एकता और अखण्डता में सरदार पटेल की योगदान को रेखांकित किया। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने मण्डलीय जिला चिकित्सालय में सरदार पटेल जी के जयंती पर मरीजों को फल वितरित कर उनको मिल रही सुविधाओं व दवाओं के बारे में जानकारी ली।

प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई/नोडल दीपक कुमार यादव के नेतृत्व में जनपद के सभी राजकीय आईटीआई एवं कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हजारों छात्र/छात्रों ने देखा व सुना। राष्ट्रीय एकता व अखण्डता का संदेश देने के लिए जिला स्टेडियम में क्रीड़ाधिकारी सिराजुद्दीन के नेतृत्व में आयोजित रन फॉर यूनिटी में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ समस्त उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, सभी विभागाध्यक्ष, सभी बेसिक इण्टर, डिग्री कालेजों सहित अशासकीय कार्यालयों में शपथ लेते हुए राष्ट्र की एकता व अखण्डता को बनाये रखने की प्रतिबद्धता के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत को साकार किया।

बाइक की टक्कर से घायल अधेड़ की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। कंधरापुर थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी 42 वर्षीय नरेश राम की सड़क हादसे में घायल होने के बाद मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब छह बजे नरेश राम किशनपट्टी रोड पर टहल रहे थे। इसी दौरान एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिजन उन्हें सिधारी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए। यहां उनका उपचार चल रहा था। शुक्रवार की शाम करीब चार बजे हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। परिजन उन्हें बेहतर उपचार के लिए लखनऊ लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। नरेश राम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र और दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मांगों को लेकर नर्सिंग कर्मियों ने मनाया काला दिवस

बलरामपुर, आजमगढ़। राजकीय नर्सेस संघ के बैनर तले

दो घंटे कार्य बहिष्कार कर रेडक्रास सोसायटी के मुख्य गेट पर दिया धरना

शनिवार को 13 सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों ने कार्य बहिष्कार किया और काला दिवस मनाया। जिलाध्यक्ष अनिता यादव के नेतृत्व में नर्सिंग कर्मियों ने रेडक्रास सोसायटी के मुख्य गेट पर धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि नर्सिंग संवर्ग को एक समान भत्ते दिए जाने, गृह जनपद में तैनाती की व्यवस्था करने तथा निदेशालय से लेकर चिकित्सालय स्तर तक नर्सिंग संवर्ग के सभी पात्र पदों पर पदोन्नति और भर्ती सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख है। इसके अलावा बीएससी नर्सिंग की भांति उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए सवेतन अवकाश देने और चिकित्सालयों में पालना घर की व्यवस्था करने की मांग भी शामिल है। उन्होंने कहा कि संगठन अपनी मांगों को लेकर अभी दो घंटे का कार्य बहिष्कार कर धरना-प्रदर्शन कर रहा है। यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आगे पूरे दिन कार्य बहिष्कार कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। धरने में जिला मंत्री शशिकला, आशा यादव, अर्चना, आशुतोष, ममता, शशिकला गौड़ समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण

आजमगढ़। महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी सूर्य प्रकाश अग्रहरि के संयोजन में राष्ट्रीय एकता दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। अखंड भारत के शिल्पकार सरदार पटेल विषयक कार्यक्रम के तहत अखंड विथिका एवं सरदार पटेल की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया।

कार्यक्रम के संरक्षक कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने अपने संदेश में कहा कि सरदार पटेल का जीवन राष्ट्रीय एकता का अप्रतिम उदाहरण है। सरदार पटेल ने हमें सिखाया कि जब तक देश एक नहीं होगा, तब तक विकास संभव नहीं है। विश्वविद्यालय में स्थापित अखंड विथिका छात्रों को भारत की सांस्कृतिक एकता और विविधता में एकता का बोध कराएगी। मैं



राजनीति विज्ञान विभाग के इस प्रयास की सराहना करता हूँ।

मुख्य अतिथि प्रो. मनोज दीक्षित ने सरदार पटेल के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा, सरदार पटेल को लौह पुरुष यूं ही नहीं कहा जाता। आजादी के बाद देश 562 रियासतों में बंटा हुआ था। कई रियासतें भारत में विलय को तैयार नहीं थीं। सरदार पटेल ने अपनी कूटनीति, दृढ़ता और साहस से सभी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराया। हैदराबाद में ऑपरेशन पोलो और जूनागढ़ का विलय उनकी निर्णायक क्षमता का प्रमाण है। मुख्य अतिथि का स्वागत कुलसचिव अमृत लाल ने स्मृति चिह्न और अंगवस्त्रम देकर किया। विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तक भी भेंट की गई। कुलसचिव अमृत लाल ने कहा, विश्वविद्यालय राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है। यह प्रतिमा छात्रों को कर्तव्य बोध कराएगी। स्वागत भाषण तृषिका श्रीवास्तव ने दिया, जबकि कार्यक्रम का संचालन वैशाली सिंह ने किया। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में शोध लेख में उपासना विश्वकर्मा, देवेश उपाध्याय, आकांक्षा पाण्डेय, प्रतिष्ठा चतुर्वेदी, नंदिनी यादव, फ़रहत जहाँन, अमरजीत को दिया गया। इसके साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता में शिवाशीष सोनी, सिरोन, सलोनी, श्रेया, दीपक, शिवांगी को भी पुरस्कृत किया गया। सरदार पटेल की भव्य प्रतिमा का निर्माण दृश्य कला विभाग के डॉ. गुलशन सोनकर और उनके विद्यार्थियों द्वारा किया गया है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन संयोजक सूर्य प्रकाश अग्रहरि ने किया।

आग लगने से लाखों का नुकसान

लालगंज, आजमगढ़। देवगोव कोतवाली क्षेत्र के चन्देवरा गांव मे शुकवार की रात किराने की दुकान में आग लगने से लाखो का माल जलकर राख हो गया। देवगांव कोतवाली अन्तर्गत चन्देवरा गांव मे अमित गुप्ता की जानवी किराना व जनरल स्टोर की दुकान खोल है। प्रतिदिन की तरह शुकवार की रात्रि लगभग 08 बजे अमित अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। रात्रि लगभग 11 बजे जलने की महक पर आसपास के लोगो ने दुकान से धुआं निकलते देख दुकानदार अमित गुप्ता व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दुकान मे आग लगने की सूचना मिलते ही दुकानदार तत्काल दुकान पर पहुंचा। दुकान का शटर खोलते ही हवा तेज होने के कारण आग तेजी से फैलने लगी। आग लगने से दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड द्वारा आग पर काबू पाया गया ।

विद्युत अधिनियम के मुकदमे में वांछित वारंटी गिरफ्तार

अतरौलिया, आजमगढ़। अतरौलिया थाना पुलिस ने शनिवार को न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर एक वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया अभियुक्त बिजली अधिनियम के एक पुराने मामले में न्यायालय से वांछित चल रहा था। चौकी प्रभारी बूढ़नपुर विश्वजीत पाण्डेय हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त और वारंटियों की धरपकड़ के अभियान पर थे। इस दौरान विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट, आजमगढ़ की अदालत से मुकदमा संख्या 58/04 अंतर्गत धारा 135 विद्युत अधिनियम में जारी वारंट के क्रम में पुलिस टीम शेरवा गांव पहुंची। वारंटी सुरेश वर्मा पुत्र वंशू वर्मा अपने घर पर ही मौजूद मिला। पुलिस ने उसे अदालत द्वारा निर्गत एनबीडब्ल्यू की जानकारी देते हुए सुबह करीब 11:40 बजे विधिक नियमों का पालन करते हुए हिरासत में ले लिया।

कूटरचित नियुक्ति पत्र जारी कर धोखाधड़ी करने वाला धराया

आजमगढ़। सिधारी थाने के उ0नि0 मृत्युंजय सिंह ने मय हमराह मुखबिर की सूचना पर धोखधड़ी के मामले में वांछित रितेश मणि त्रिपाठी पुत्र सुभाष चन्द्र मणि त्रिपाठी, निवासी सवायां टोला मउववा, थाना कसया, जनपद कुशीनगर, वर्तमान पता कमिश्नरी कार्यालय के सामने, थाना सिधारी को होमगार्ड ग्राउंड के पास से समय करीब 11:25 बजे गिरफ्तार किया। इस मामले में सुनील कुमार सिंह, कनिष्ठ सहायक, कार्यालय मण्डलीय उप निदेशक (पंचायत), आजमगढ़ मण्डल दी तहरीर दी थी कि आरोपी द्वारा उक्त कार्यालय के नाम पर कूटरचित तरीके से फर्जी नियुक्ति पत्र एवं आदेश जारी किए गए।

दुकानदार पर चाकू से हमला करने वाले दो गिरफ्तार

आजमगढ़। चौकी प्रभारी पहाड़पुर प्रमोद कुमार यादव ने मय हमराह जानलेवा हमले के मामले में वांछित अमित मोदनवाल पुत्र अनिल मोदनवाल, निवासी सुभाष चन्द्र बोस नगर, कस्बा महराजगंज व मिंटू मोदनवाल पुत्र स्व0 बैकुंठ, निवासी पहाड़पुर, थाना कोतवाली को मुकेरीगंज से समय करीब 13:40 बजे गिरफ्तार किया गया। इस मामले में 30 अक्टूबर को गुड्डू कुमार सोनकर निवासी मुहल्ला पहाड़पुर, थाना कोतवाली द्वारा तहरीर दी गई कि उनके भाई मनोज सोनकर अपनी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान राहुल मोदनवाल एवं एक अन्य युवक के बीच हो रहे विवाद में उनके भाई द्वारा बीच-बचाव किया गया। आरोप है कि इसके बाद राहुल मोदनवाल ने मिंटू मोदनवाल एवं उसके दामाद अमित मोदनवाल के कहने पर मनोज सोनकर पर जान से मारने की नीयत से चाकू से गर्दन पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता यूपी कप के लिए चयनित

जहानागंज,आजमगढ़। एसकेडी विद्या मंदिर, धनहुआँ में इंटर-स्कूल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु एवं भार वर्गों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा, साहस, अनुशासन और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। 12 वर्ष आयु वर्ग के 37 किग्रा भार वर्ग में आयुष चौरसिया ने स्वर्ण तथा रुद्र प्रताप ने रजत पदक जीता। 47 किग्रा वर्ग में चंदन ने स्वर्ण, रितेश ने रजत और प्रतीक ने कांस्य पदक हासिल किया। 52 किग्रा वर्ग में हिमांशु ने स्वर्ण तथा विशेष ने रजत पदक प्राप्त किया। 14 वर्ष आयु वर्ग में 37 किग्रा भार वर्ग के धैर्यजीत ने स्वर्ण पदक जीता। 47 किग्रा वर्ग में प्रखर ने स्वर्ण तथा मानस ने रजत पदक प्राप्त किया। 52 किग्रा वर्ग में समर ने स्वर्ण और यशवीर ने रजत



पदक हासिल किया, 16 वर्ष आयु वर्ग में सुधांशु ने 51 किग्रा सत्यम ने 57 किग्रा तथा कृष्णकांत ने 63 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। 19 वर्ष आयु वर्ग के 57 किग्रा भार वर्ग में पंकज ने स्वर्ण, अनूप ने रजत तथा अभिनव ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 63 किग्रा वर्ग में आर्यन ने स्वर्ण और पीयूष ने रजत पदक जीता। वहीं, 69 किग्रा वर्ग में प्रिंस ने स्वर्ण तथा अंश प्रताप ने रजत पदक अपने नाम किया। स्वर्ण पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों का चयन उत्तर प्रदेश किक बॉक्सिंग कप 2026 के लिए किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक विजय बहादुर सिंह, श्रीकांत सिंह, प्रधानाचार्य के.के. शरण एवं उपप्रधानाचार्य योगेश अस्थाना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर, माँ सरस्वती का पूजन तथा फीता काटकर किया।

सड़क किनारे मिले शव की हुई पहचान, हत्या का आरोप

बलरामपुर, आजमगढ़। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के भटौरा गांव के समीप शुक्रवार की रात सड़क किनारे मिले युवक के शव की शनिवार को पहचान हो गई। मृतक की पहचान मलिक सुदनी गांव निवासी 28 वर्षीय सोमनाथ के रूप में हुई। वह राजगीर का काम करता था। मोर्चरी हाउस पहुंचे स्वजन ने हत्या कर शव सड़क किनारे फेंकने का आरोप लगाया है।

परिजनों के अनुसार, सोमनाथ शुक्रवार की सुबह काम पर निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। इसके बाद स्वजन ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शनिवार को सड़क किनारे मिले शव की जानकारी होने पर परिजन मोर्चरी हाउस पहुंचे और उसकी पहचान की। मृतक के भाई ओमनाथ ने आरोप लगाया कि सोमनाथ की हत्या कर शव को वहां फेंका गया है। शव की पीठ पर चोट के निशान थे और तेजाब से जलाए जाने की बात भी सामने आई है। ओमनाथ ने बताया कि वर्ष 2024 में सोमनाथ की शादी जहानागंज थाना क्षेत्र के अवांव गांव निवासी घुरहू की पुत्री आशा से हुई थी। किसी बात को लेकर दोनों के बीच अनबन हो गई थी। करीब 15 दिन पहले खुली पंचायत में दोनों का तलाक हुआ था। आरोप है कि तलाक के दौरान आशा और उसके चाचा ने सोमनाथ को जान से मारने की धमकी दी थी। मुबारकपुर थानाध्यक्ष शशिचंद चौधरी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कैंसर पीड़ित की मदद को आगे आए अभिषेक

बिलरियागंज, आजमगढ़। इंसानियत और समाजसेवा की असली पहचान जरूरतमंदों के मुश्किल समय में उनकी मदद करने से होती है। इसी भावना को साकार करते हुए बिलरियागंज क्षेत्र के पिपरहा दुलियावर निवासी राजकुमार राम, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, की मदद के लिए क्षेत्र के लोग आगे आए हैं। लोगों द्वारा आर्थिक सहयोग कर पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसीक्रम में समाजसेवी अभिषेक सिंह राठौर ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए राजकुमार राम के इलाज के लिए 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। उनकी इस पहल को जरूरतमंदों की मदद और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की दिशा में सराहनीय कदम माना जा रहा है।

न्यायालय के आदेश के बावजूद नहीं हुआ कोटे का चयन

रानीकीसराय, आजमगढ़। रानी की सराय ब्लाक क्षेत्र के सेमरहा गांव मे सरकारी राशन कोटा का चयन विभाग के कागजी प्रक्रिया के चलते लटका हुआ है। जबकि न्यायालय द्वारा चयन प्रक्रिया पूरी करने के आदेश के बावजूद आज तक चयन नही हो सका। सेमरहा गांव में हाल ही में सरकारी कोटे का चयन किया गया था। चयन के बाद कार्य चल रहा था कि कोटे पर रोक लगाते हुए ब्लाक स्तर से फिर से चयन की सूचना ग्रामीणों को दी गई। इस चयन की सूचना पर कोटेदार ने उच्च न्यायालय मे गुहार लगाई तो कोटे की प्रक्रिया को बहाल करने का आदेश हुआ परंतु कोटा बहाल के बजाय फिर से चयन की प्रक्रिया शुरु हो गई। पीड़ित ने जिला प्रशासन को भेजे गये प्रार्थना पत्र मे कहा है कि ग्राम सचिव द्वारा जो ब्लाक से जारी चयन सूचना पत्रक है वही त्रुटी पूर्ण है। सटे गांव वस्ती के नाम का पत्रक सेमरहा गांव मे दिया गया है वही आरक्षण उल्लेख भी त्रुटी पूर्ण है। पीड़ित मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। बुद्धवार को भी गांव मे खुली बैठक मे चयन की सूचना दी गई थी लेकिन सबंधित अधिकारियों के न आने से ग्रामीण मायूस लौट गये थे।

सरदार पटेल की जयंती पर एकता दौड़

अतरौलिया। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शनिवार को अमर शहीद राजा जय लाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने रन फॉर यूनिटी के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। साथ ही राष्ट्र की एकता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश प्रसाद सिन्हा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

धड़ल्ले से बिक रहा सिंथेटिक खोवा-पनीर

रानी की सराय आजमगढ़। रानी की सराय क्षेत्र मे सिंथेटिक खोआ पनीर जहां धडल्ले से बिक रहे है वही क्षेत्र के गाहूखोर गाव मे केमिकल युक्त पानी के दुर्गंध से ग्रामीण परेशान है। कस्बे के साथ ही आसपास के गांवो में भी सिंथेटिक खोआ पनीर धड़ल्ले से बिक रहे है। यही नही सिंथेटिक मिठाईयां भी बिक रही है जो सेहत खराब कर रही है। क्षेत्र के गाहूखोर गांव मे खोआ पनीर बनने वाले स्थान पर बाहर जमा पानी केमिकल युक्त होने के चलते दुर्गंध दे रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को पत्रक भेज कर अवगत भी कराया है। रंजीत कुमार, विमलेंद्र, समर राम आदि ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते इस पर रोक नही लगी तो संक्रामक बिमारी भी झेलनी पडेगी। ग्रामीणों ने मिलावट पर रोक की मांग की है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फार यूनिटी' का आयोजन

सिधौना, आजमगढ़। कूबा पीजी कॉलेज, दरियापुर, नेवादा में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशेष रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने इस दौड़ में अपनी ऊर्जावान भागीदारी दर्ज कराई।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अभिमन्यु यादव द्वारा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा, देश को एकीकृत करने का ऐतिहासिक एवं



महान कार्य सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया था। उनकी जयंती को हम राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं। रन फॉर यूनिटी का आयोजन कर हम प्रतीकात्मक रूप से प्रत्येक नागरिक के अंदर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का भाव पैदा करते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेंद्र प्रताप रघुवंशी, डॉ. राणा प्रताप सिंह, रितेश वर्मा, पंकज सिंह, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. शशिभूषण तिवारी यशपाल सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
आईआरसीटीसी आमंत्रित करता है:-
खुली ई-निविदा सं: 2026/आईआरसीटीसी/कैट./रिफ्रेशमेंट रूम/दिसम्बर/26 निम्नलिखित स्टेशनों के 5 वर्षों की अवधि के लिए रिफ्रेशमेंट रूम में खानपान सेवाओं के प्रावधान हेतु सह ई-नीलामी बोली दस्तावेज। एमटीजे(ए1) = 200 वर्ग मीटर, केएलके(ए) = 144 वर्ग मीटर, इटीडब्लू(ए) = 63.2 वर्ग मीटर, एनजीओ(ए) = 94.41 वर्ग मीटर, टीडीएल(ए1) = 137.22 वर्ग मीटर, पीटीके(ए) = 75.4 वर्ग मीटर। प्री-बिड मीटिंग की तिथि 06.11.2026 को 11:00 बजे, और बोली जमा करने की अंतिम तिथि 01.12.2026 को 15:00 बजे तक है।
निविदा दस्तावेज "www.irctc.com" "http://www.tenderwizard.com/IRCTC" और "eprocure.gov.in/cppp वेबसाइटों से डाउनलोड किए जा सकते है, और इन्हें केवल http://www.tenderwizard.com/IRCTC पर ही जमा/स्वीकार किया जाएगा।
उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में जारी कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
जीजीएम (उत्तरी क्षेत्र) आईआरसीटीसी लिमिटेड, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी-148, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

फॉर्म-ए
सार्वजनिक घोषणा
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड
(कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन)
श्रीश्याम ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदार के ध्यानार्थ हेतु

प्रासंगिक विवरण		
1.	कॉर्पोरेट देनदार का नाम	श्रीश्याम ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट देनदार के गठन की तिथि	13.10.2016
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट देनदार गठित/ पंजीकृत है	आर ओ सी उत्तर प्रदेश।
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या / कॉर्पोरेट देनदार की सीमित देयता पहचान सं.	U74999UP2016PTC087017
5.	कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकरण कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	13/35 श्री राम मार्केट तेलियाबाग, वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत, 221002
6.	कॉर्पोरेट देनदार के सम्बन्ध में दिवाला आरम्भ तिथि	26.10.2026 (आदेश 30.10.2026 को अपलोड /प्राप्त हुआ)
7.	दिवाला समाधान प्रक्रिया समापन होने की अनुमानित तारीख	24.04.2027
8.	अंतरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या	वीरेंद्र मौर्य आईबीबीआई पंजी सं. IBBI/IPA-001/IP-P-02627/2021-2022/14022
9.	अंतरिम रिज़ोल्यूशन प्रोफेशनल का पता और ईमेल पता जो बोर्ड के पास पंजीकृत हो	पंजीकृत पता: ई 1/145, वर्रा – 8, केडीएमए स्कूल के पास, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश, 208027 पंजीकृत ईमेल आईडी: virendramaurya.ip@gmail.com
10.	अंतरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाला पता और ई-मेल	पत्राचार के लिए पता: सेक्टर 8सी, एचएन 28, वृंदावन कॉलोनी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश – 226029 ईमेल आईडी: cirp.shreeshyamtradeventures@gmail.com
11.	दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	13.11.2026
12.	धारा 21 के उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत अंतरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई, सुनिश्चित की गई हो	एनए
13.	किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम)	एनए
14.	(क) प्रासंगिक फार्म और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है	दावा फॉर्म हेतु वेब लिंक: https://ibbi.gov.in/home/downloads भौतिक पता: एनए

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, ने दिनांक 26.10.2026 को श्रीश्याम ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने का आदेश दिया है।
श्रीश्याम ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों को इसके द्वारा आवाह किया जाता है कि प्रविष्टि नं. 10 के सामने उल्लिखित पते पर अंतरिम रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल को 13.11.2026 तक या उससे पहले सबूत के साथ अपने दावें प्रस्तुत करें।
वित्तीय लेनदार अपने दावें प्रमाण के साथ केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सबूत के साथ दावें प्रस्तुत कर सकते हैं।
प्रविष्ट नं. 12 के सामने सूचीबद्ध एक श्रेणी संबंधित एक वित्तीय लेनदार, फार्म सी ए में श्रेणी के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्ट सं. 13 के खिलाफ सूचीबद्ध तीन इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल में से अधिकृत प्रतिनिधि की अपनी पसंद का संकेत देगा।
दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने से जुर्माना लगाया जाएगा।
हस्ताक्षर/-
श्री वीरेंद्र मौर्य
अंतरिम समाधान पेशेवर
श्रीश्याम ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के मामले में
दिनांक: 30.10.2026 पंजीकरण संख्या: IBBI/IPA-001/IP-P02627/2021-2022/14022
स्थान: लखनऊ एएफए वैधता 30.06.2027 तक

रोजगार मेले में ५८३ बेरोजगार अभ्यर्थियों का हुआ चयन

२८ नामी कंपनियों ने लिया प्रतिभाग, लगभग २१०० युवाओं ने कराया पंजीकरण

लालगंज, आजमगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना रोजगार मिशन के अंतर्गत युवाओं को रोजगार

आयोजन

श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय महाविद्यालय में लगा एकदिवसीय रोजगार मेला

के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, आजमगढ़ के तत्वावधान में विधानसभावार रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को लालगंज विधानसभा क्षेत्र के श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय महाविद्यालय में एकदिवसीय रोजगार मेले का भव्य आयोजन किया



गया। रोजगार मेले में युवाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया तथा विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर रोजगार के लिए चयन किया गया। रोजगार मेले में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, हेल्थ सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल एवं मार्केटिंग सेक्टर सहित विभिन्न क्षेत्रों की 28 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इन कंपनियों द्वारा युवाओं को उनकी शैक्षिक योग्यता, कौशल एवं अभिरुचि के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

सहायक निदेशक सेवायोजन राम मूर्ति ने बताया कि मेले में प्रात:काल से ही युवाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। रोजगार प्राप्त करने के प्रति युवाओं में विशेष उत्साह रहा। इस दौरान लगभग 2100 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया, जिनमें से विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के उपरांत कुल 583 अभ्यर्थियों का रोजगार हेतु चयन किया गया। इस प्रकार रोजगार मेले के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऋषिकांत राय, अध्यक्ष, सहकारी चीनी मिल संघ उपस्थित रहे। उन्होंने रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ उठाकर अपने कौशल एवं योग्यता के अनुरूप आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक सेवायोजन राम मूर्ति, जिला रोजगार सहायता अधिकारी राहुल गोंड, अनुदेशक अवधेश कुमार, श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ऋषिकेश सिंह, प्राध्यापक डॉ. अतुल कुमार यादव सहित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय महाविद्यालय के समस्त संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे। रोजगार मेले का आयोजन युवाओं को रोजगार के अवसरों से सीधे जोड़ने, निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं स्थानीय युवाओं के बीच समन्वय स्थापित करने तथा उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

अनिल निषाद बने निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव

अतरौलिया, आजमगढ़। निषाद पार्टी ने संगठन को मजबूत करने में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभा रहे अतरौलिया विधानसभा क्षेत्र के प्रयागपुर, अहिरौला निवासी अनिल निषाद को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व की ओर से उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपे जाने की खबर मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और उन्हें बधाई दी। अनिल निषाद लंबे समय से पार्टी संगठन में सक्रिय रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते आ रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत पकड़ और लगातार सक्रियता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर अनिल निषाद ने पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया।

राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनी सरदार पटेल की जयंती

सोनभद्र। जनपद मुख्यालय स्थित चुर्क पुलिस लाइन में शनिवार को लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय चुर्क में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने की शपथ दिलाई। इस दौरान लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के उनके संकल्प को स्मरण किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री मेविस टॉक, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋ षभ रुणवाल, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर,यातायात, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सोनभद्र के समस्त थानों पर भी सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।



घर के सामने खड़ी दो आटो से बैट्री चोरी

चुर्क(सोनभद्र)। नगर पंचायत चुर्क/घुर्मा के वार्ड आठ पथरहिया में दुकानदार के घर के सामने खड़ी दो आटो से बैट्री चोरी हो गई। जबकि एक आटो से बैट्री खोलने में चोर सफल नही हो सके। वार्ड आठ निवासी दुकानदार विजेन्द्र कुमार कन्नौजिया ने बताया कि उनके घर के सामने खड़ी दो आटो से बैट्री चोरी हो गई जब कि घर से कुछ दूरी पर खडी एक आटो से बैट्री खोलने में चोर सफल नहीं हो सके। बताया गया कि चोर तीसरी आटो की बैट्री जब खोल रहा था तभी किसी के आने की भनक लगते ही चोर वहां से भाग निकले। चोरी की सूचना पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र के माध्यम से दी है। चौकी प्रभारी सूर्य नारायण भार्गव ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी मिली है वैसे इसकी जांच करायी जा रही है।

जिलाधिकारी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण

आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के दिये निर्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने शनिवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित निर्वाचन के ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा तथा रखरखाव से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के चारों ओर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की संख्या एवं उनकी क्रियाशीलता, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों, रोशनदानों तथा दीवारों की रंगाई-पुताई सहित विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस के बाहरी परिसर की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सुरक्षा गार्डों की शिफ्टवार तैनाती तथा सुरक्षा से जुड़े सभी प्रबंधों को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में संचालित ईवीएम-वीवीपैट के प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) कार्य का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से इसकी प्रगति की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त जनपद जौनपुर को भेजी जा रही 100 वीवीपैट मशीनों का निरीक्षण कर उनके प्रेषण से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा और रखरखाव सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

जनपद जौनपुर भेजी जा रहीं १०० वीवीपैट मशीनों की भी परखी व्यवस्था

आधुनिक भारत के निर्माण में लौह पुरुष का योगदान अविस्मरणीय

डिबाए ने मनायी सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को डीबीए सभागार में देश के प्रथम गृह मंत्री, राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार एवं लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ताओं ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके महान व्यक्तित्व एवं राष्ट्र के प्रति अतुलनीय योगदान का स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महामंत्री एवं डीजीसी रामजियावान सिंह यादव ने की। सरदार पटेल के अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शी नेतृत्व एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण और देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने अपनी कुशल राजनीतिक सूझबूझ एवं दृढ़ संकल्प से देश की सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की नींव को मजबूत किया। पूर्व अ ध्य क्ष। जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के ऐसे प्रतीक थे। स ं च ा ल न महामंत्री राजेंद्र कुमार यादव ने किया। इस मौके पर प्रदीप कुमार मौर्य, प्रेम प्रताप विश्वकर्मा, राजेश कुमार यादव, पंकज यादव, राजकुमार सिंह, सुरेश सिंह, रियाज खान, संतोष यादव, कामता प्रसाद यादव, संगीता, सुमन, अनूप शुक्ला, आकृति निर्भया, बीपी सिंह, चतुर्भुज शर्मा, सुदेश कुमार, हरिद्वार, रामगुल्ली यादव मौजूद रहे।



लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ होगी काररवाई

नगर पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक

दुद्धी(सोनभद्र)। नगर पंचायत प्रशासन ने नगर में दीपावली व छठ पर्व के मद्देनजर साफ-सफाई को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद प्रभारी ईओ एवं एसडीएम आकांक्षा गौतम सफाई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए। वहीं, सभासदों के साथ बैठक कर वार्डों की समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की गई। बैठक के पूर्व चरण उन्होंने सफाईकर्मियों के साथ बैठक कर नगर के सभी वार्डों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी वार्ड में गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। सफाई में लापरवाही या गंदगी की शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कूड़ा उठान और सार्वजनिक स्थलों की सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। वार्डों में नाली, सड़क, सफाई और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखी गईं। एसडीएम ने सभासदों की ओर से बताई गई समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें नोट किया। मनोनीत सभासद पूजा चंद्रवंशी ने वार्ड छह सहित अन्य स्थानों पर कुछ दुकानदारों द्वारा दिनभर का कचरा सड़क पर फेंकने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि इससे सड़क पर गंदगी फैलती है और त्योहार के दौरान व्रतधारी महिलाओं को परेशानी होती है। बैठक में प्रेम नारायण सिंह मोनू, धीरज जायसवाल, निरंजन गुप्ता, सुमित सोनी, धनंजय रावत, राकेश आजाद, शाहिद आलम मौजूद रहे।



६५ वाहन स्वामियों ने पेनाल्टी में छूट प्राप्त कर ६० लाख रुपये जमा किया टैक्स

सोनभद्र। परिवहन विभाग के कार्यालय में शनिवार को बकाया टैक्स जमा करने हेतु विशेष कैम्प के आयोजन में 65 वाहन स्वामियों ने बकाया टैक्स जमा कर पेनाल्टी में छूट का लाभ प्राप्त किया । कैंप के माध्यम से विभाग को करीब 60 लाख रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई। बताया गया कि जनपद में अभी भी 11 हजार 500 वाहन स्वामियों पर करीब अट्ठासी करोड़ चालीस लाख रुपये का टैक्स बकाया है। विभाग की ओर से नोटिस जारी करने और तहसील के माध्यम से आरसी भेजे जाने के बावजूद बड़ी संख्या में वाहन स्वामी बकाया टेक्स जमा नहीं कर रहे हैं। बकाया राजस्व की वसूली में तेजी लाने और वाहन स्वामियों को राहत देने के उद्देश्य से शनिवार को परिवहन विभाग कार्यालय परिसर में विशेष कैंप लगाया गया। इसमें वाहन स्वामियों को बकाया टैक्स की पेनाल्टी में छूट का लाभ दिया गया। कई वाहन स्वामियों ने डिजिटल भुगतान के जरिए भी बकाया जमा कर छूट का लाभ उठाया। कैंप में वाहन स्वामियों की सहभागिता से विभाग को करीब 60 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। उधर, परिवहन विभाग ने बड़े बकायेदारों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दिया है। बड़े बकायेदारों में सौरभ सिंह, बालाजी मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड की पांच गाड़ियां, नीलम ग्रुप, आशुतोष कुमार पाठक, अभिषेक और नीरज कुमार के नाम शामिल हैं। विभाग की ओर से इन बकायेदारों से भी राजस्व वसूली के लिए कार्रवाई की जा रही है। एआरटीओ कौशल कुमार सिंह ने बताया कि विशेष कैंप में 65 वाहन स्वामियों ने बकाया टैक्स जमा कर पेनाल्टी में छूट का लाभ प्राप्त किया। इससे करीब 60 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने वाहन स्वामियों से अपील किया कि वे बकाया टैक्स जल्द जमा कर दें। राजस्व वसूली में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी और बड़े बकायेदारों के खिलाफभी कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन सुधा सिंह, प्रधान सहायक कृपांकर दूबे, ललित नरायण त्रिपाठी, विनोद सोनकर, अमल त्रिपाठी, विकास सोनकर, डीवीए अनूप कुमार, सारथी स्टॉफ दीपक सिंह आदि रहे।

अपहरण हुई पीड़िता बरामद, आरोपी की तलाश जारी

बीते २७ अक्टूबर को रेलवे स्टेशन से बहला-फुसलाकर ले गया था बाहर

दुद्धी(सोनभद्र)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र से बीते 27 अक्टूबर को एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 30 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की और पीड़िता को बरामद कर लिया है। पीड़िता के मां ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण को लेकर कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। पुलिस की शुरुआती जांच और सामने आई सूचना के मुताबिक, आरोपी नाबालिग पीड़िता को दुद्धी रेलवे स्टेशन से बहला-फुसलाकर कहीं बाहर ले गया था। जानकारी के आधार पर यह भी बात सामने आ रही है कि आरोपी ने बाहर ले जाकर एक मंदिर में पीड़िता के साथ जबरन शादी रचाई है। जैसे ही इस बात की भनक पुलिस को लगी, महकमे में हड़कंप मच गया और पुलिस ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए सख्ती से जांच शुरू कर दी। पीड़िता के बरामद होने के बाद पुलिस अब उसका बयान दर्ज करने और मेडिकल मुआयना कराने की प्रक्रिया में जुटी है। वहीं, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। प्रभारी निरीक्षक अंगद तिवारी का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

स्वास्थ्य, स्वच्छता, आत्म-देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल

महिला स्वास्थ्य जागरूकता शिविर के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को किया गया जागरूक

डाला(सोनभद्र)। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड डाला सीमेंट वर्क्स द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सीएसआर के तहत स्वास्थ्य सुविधा कार्यक्रम का आयोजन भलुआ टोले में हुआ। इस मौके पर ग्रामीण महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए महिला स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन प्रमुख डॉ. शशिकांत के दिशा-निर्देशन एवं आदित्य वेलनेस सेंटर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज कुमार पाठक के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में आदित्य वेलनेस सेंटर की चिकित्सक डॉ. आयुषी प्रिया ने महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म के दौरान आवश्यक सावधानियों, संतुलित पोषण, गर्भावस्था के दौरान देखभाल, मातृ स्वास्थ्य एवं स्वयं की देखभाल के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन का वितरण भी किया गया। प्रमुख निशा तिर्की ने कहा कि महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें अपनी सेहत के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित करना हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। इसी उद्देश्य से इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र की महिलाओं के लिए चरणबद्ध तरीके से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं तक स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी पहुंचाई जा सके और वे अपने परिवार एवं समुदाय में भी जागरूकता का प्रसार कर सकें।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी आमंत्रित करता है:–

खुली ई-निविदा सं.: 2026/आईआरसीटीसी/कैट./रिफ्रेशमेंट रूम/दिसम्बर/26 निम्नलिखित स्टेशनों के 5 वर्षों की अवधि के लिए रिफ्रेशमेंट रूम में खानपान सेवाओं के प्रावधान हेतु सह ई-नीलामी बोली दस्तावेज। एमटीजे(ए1) = 200 वर्ग मीटर, कैएलके(ए) = 144 वर्ग मीटर, इटीडब्लू(ए) = 63.2 वर्ग मीटर, एनजीओ (ए) = 94.41 वर्ग मीटर, टीडीएल(ए1) = 137.22 वर्ग मीटर, पीटीके(ए) = 75.4 वर्ग मीटर। प्री-बिड मीटिंग की तिथि 06.11.2026 को 11:00 बजे, और बोली जमा करने की अंतिम तिथि 01.12.2026 को 15:00 बजे तक है।

निविदा दस्तावेज "www.irctc.com" "http://www.tenderwizard.com/IRCTC" और "eprocure.gov.in/cppp वेबसाइटों से डाउनलोड किए जा सकते हैं, और इन्हें केवल http://www.tenderwizard.com/IRCTC पर ही जमा/स्वीकार किया जाएगा।

उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में जारी कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

जीजीएम (उत्तरी क्षेत्र) आईआरसीटीसी लिमिटेड, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी-148, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

धूमधाम से मना एटक का १०६वां स्थापना दिवस

अनपरा(सोनभद्र)। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) के 106वें स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के ककरी क्षेत्र में विविध कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह, गरिमा एवं श्रमिक एकता के वातावरण में किया गया। सुबह सात बजे ककरी आवासीय परिसर में सद्भावना रैली निकाली गई तथा ध्वजारोहण के माध्यम से श्रमिक आंदोलन की गौरवशाली विरासत को नमन किया गया। इस मौके पर महामंत्री कॉमरेड अजय कुमार ने ध्वजारोहण कर श्रमिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले संस्थापक महापुरुषों, वरिष्ठ नेताओं एवं आंदोलनकारी साथियों के योगदान का स्मरण किया। उन्होंने श्रमिकों की एकजुटता, सम्मान, अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा की रक्षा के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता दोहराई। समारोह का प्रमुख आकर्षण संविदा श्रमिकों का सम्मान रहा। कामरेड अजय कुमार ने संविदा कर्मचारियों को उपहार भेंट करते हुए सम्मानित किया। इस पहल ने श्रम की गरिमा, श्रमिकों के प्रति आत्मीयता और स्थायी एवं संविदा कर्मचारियों के बीच एकजुटता का संदेश दिया। वक्ताओं ने एटक की गौरवशाली संघर्ष परंपरा को स्मरण करते हुए श्रमिक हितों की रक्षा, न्यायपूर्ण अधिकारों तथा संगठनात्मक एकता को और मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। स्थापना दिवस समारोह ने ककरी क्षेत्र में श्रमिक एकता, आपसी सद्भाव और मजदूर हितों के प्रति प्रतिबद्धता को नई ऊर्जा प्रदान की। शाखा अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने आये हुए सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं श्रमिक साथियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में कोलियरी मजदूर सभा एटक, सिंगरौली के महामंत्री कॉमरेड अजय कुमार, ककरी शाखा अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, सचिव दिलीप कुमार वर्मा मौजूद रहे।

तीन दिवसीय सरस मेले में लगेंगे ४० स्टाल

सोनभद्र। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के सहयोग से सोनभद्र में तीन दिवसीय सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। चार नवंबर से राबर्ट्सगंज स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) परिसर में शुरू होने वाले इस मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के 40 स्टॉल लगाए जाएंगे। दीपावली के त्योहार को देखते हुए यह मेला महिलाओं के लिए बेहतर आमदनी का अवसर लेकर आएगा।

राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहा सरदार पटेल का सम्पूर्ण जीवन

सोनभद्र। जनपद में गुरुवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जगह -जगह आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में राष्ट्रीय लोक दल के जिला कार्यालय पर देश की एकता एवं अखंडता के सूत्रधार, लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री तथा पूर्व गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर अपनी भावांजलि दी तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सामाजिक एकता और किसानों के अधिकारों के संघर्ष को समर्पित रहा। वर्ष 1928 के ऐतिहासिक बारडोली सत्याग्रह में अंग्रेजी हुकूमत द्वारा किसानों पर अनुचित रूप से बढ़ाए गए लगान के विरोध में उन्होंने किसानों को संगठित कर संघर्ष का नेतृत्व किया। उनके नेतृत्व में किसानों ने एकजुट होकर अन्यायपूर्ण लगान का विरोध किया और अंतत: अंग्रेजी सरकार को अपना फैसला वापस लेने पर मजबूर होना पड़ा। यह आंदोलन किसान एकता, साहस और संगठित संघर्ष का ऐतिहासिक उदाहरण बना। उन्होंने 560 रियासतों को भारत में विलय कराकर अखंड भारत की मजबूत नींव रखी। इस अवसर पर जिला संगठन महासचिव धीरज चौबे ने भी सरदार पटेल के किसान हितों में किए गए योगदान और राष्ट्र की एकता के लिए उनके ऐतिहासिक प्रयासों को याद करते हुए कहा कि खेड़ा सत्याग्रह में फसल खराब होने के बावजूद किसानों से लगान वसूली के विरोध में उन्होंने किसानों का साथ दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला सचिव रामदेव चौहान ने किया। इस अवसर विजय कुमार भारती, मनदीप सिंह, अनुज त्रिपाठी, प्रदीप त्रिपाठी, ओम प्रकाश पटेल, मो आमीन, नागेश्वर आदिवासी, बाबा रामदेव, रॉबर्ट्सगंज सुनील सिंह पटेल, गंगेश्वर पटेल, काशी नाथ देव पाण्डेय ओम प्रकाश भारती भूषण पटेल बुधनी देवी जीतेन्द्र चौबे सतेंद्र देव राजनारायण सिंह पटेल शिव पूजन त्रिपाठी राजबली मिश्रा राजकुमार विवेक चतुर्वेदी एवं सूरज चौबे रामसेवक पटेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फॉर्म-ए
सार्वजनिक घोषणा
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड
(कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन)

श्रीश्याम ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदार के ध्यानार्थ हेतु

प्रासंगिक विवरण

1.	कॉर्पोरेट देनदार का नाम	श्रीश्याम ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट देनदार के गठन की तिथि	13.10.2016
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट देनदार गठित/ पंजीकृत है	आर ओ सी उत्तर प्रदेश।
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या / कॉर्पोरेट देनदार की सीमित देयता पहचान सं.	U74999UP2016PTC087017
5.	कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकरण कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	13/35 श्री राम मार्केट तेलियाबाग, वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत, 221002
6.	कॉर्पोरेट देनदार के सम्बन्ध में दिवाला आरम्भ तिथि	26.10.2026 (आदेश 30.10.2026 को अपलोड / प्राप्त हुआ)
7.	दिवाला समाधान प्रक्रिया समापन होने की अनुमानित तारीख	24.04.2027
8.	अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या	वीरेंद्र मौर्य आईबीबीआई पंजी सं. IBBI/IPA-001/IP-P-02627/2021-2022/14022
9.	अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल का पता और ईमेल पता जो बोर्ड के पास पंजीकृत हो	पंजीकृत पता: ई 1/145, बर्रा – 8, केंडीएमए स्कूल के पास, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश, 208027 पंजीकृत ईमेल आईडी: virendramaurya.ip@gmail.com
10.	अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाला पता और ई-मेल	पत्राचार के लिए पता: सेक्टर 8सी, एचएन 28, वृंदावन कॉलोनी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश – 226029 ईमेल आईडी:. cirp.shreeshyamtradeventures@gmail.com
11.	दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	13.11.2026
12.	धारा 21 के उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई, सुनिश्चित की गई हो	एनए
13.	किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम)	एनए
14.	(क) प्रासंगिक फार्म और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है	दावा फॉर्म हेतु वेब लिंक: https://ibbi.gov.in/home/downloads भौतिक पता: एनए

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, ने दिनांक 26.10.2026 को श्रीश्याम ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने का आदेश दिया है।

श्रीश्याम ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों को इसके द्वारा आवाह्न किया जाता है कि प्रविष्टि नं. 10 के सामने उल्लिखित पते पर अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल को 13.11.2026 तक या उससे पहले सबूत के साथ अपने दावे प्रस्तुत करें।

वित्तीय लेनदार अपने दावे प्रमाण के साथ केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सबूत के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रविष्ट नं. 12 के सामने सूचीबद्ध एक श्रेणी संबंधित एक वित्तीय लेनदार, फार्म सी ए में श्रेणी के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्ट सं. 13 के खिलाफ सूचीबद्ध तीन इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल में से अधिकृत प्रतिनिधि की अपनी पसंद का संकेत देगा ।

दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने से जुर्माना लगाया जाएगा।

हस्ताक्षर/-
श्री वीरेंद्र मौर्य
अंतरिम समाधान पेशेवर
श्रीश्याम ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के मामले में
दिनांक: 30.10.2026 पंजीकरण संख्या: IBBI/IPA-001/IP-P02627/2021-2022/14022
स्थान: लखनऊ एएफए वैधता 30.06.2027 तक

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर निकली जागरुकता रैली

ओबरा(सोनभद्र)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को किड्स केयर इंग्लिश स्कूल, ओबरा की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर डिग्री कॉलेज चौराहे तक पहुँची। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और देशभक्ति के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। रैली में बच्चों ने भारत माता की जय, जय हिंद, जय भारत तथा सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहें जैसे नारों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन त्याग, साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने देश की रियासतों का एकीकरण कर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत आधार प्रदान किया। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक सत्यपाल सिंह तनेजा ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस जैसे आयोजन विद्यार्थियों में देशप्रेम, आपसी सद्भाव और एकता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी को देश के महान महापुरुषों के योगदान और उनके आदर्शों से परिचित कराया जाता है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के अध्यापक कुमार सौरभ सिंह ने किया। रैली के सफल आयोजन में अध्यापक प्रमोद यादव, शुभम निगम, राहुल कुमार, प्रवीण कुमार एवं मोनू कुमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता बनाए रखने का संदेश दिया गया। पूरे उत्साह और



राष्ट्रीय एकता दिवस पर निकली जागरुकता रैली,सत्यनिष्ठा का दिया संदेश

शक्तिनगर(सोनभद्र)। एनटीपीसी सिंगरौली में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को राष्ट्रीय एकता रैली और सतर्कता जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन हुआ। सत्यनिष्ठा से समृद्धि थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति का संदेश दिया गया। रैली का शुभारंभ टाउनशिप परिसर स्थित अंबेडकर भवन से हुआ, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए सिद्धार्थ भवन अतिथि गृह पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण अगम प्रकाश तिवारी एवं महाप्रबंधक प्रचालन एवं ईंधन प्रबंधन अंजन कुमार पाल ने उपस्थित लोगों को सतर्कता जागरूकता की शपथ दिलाई। सभी ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने के साथ अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में ईमानदारी, निष्पक्षता तथा नैतिक मूल्यों का पालन करने का संकल्प लिया। अगम प्रकाश तिवारी ने कहा कि सत्यनिष्ठा केवल नैतिक मूल्य नहीं, बल्कि सतत एवं समावेशी विकास का आधार है। रैली में महाप्रबंधक सुनील कुमार मिश्रा, सौमित्र घोष, अवनीश कुमार सिंह, सीआईएसएफ कमांडेंट विवेक आर्य, सतर्कता प्रमुख सुशोभन दास, मानव संसाधन प्रमुख प्रणव वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि, कर्मचारी मौजूद रहे।

सुभाषित

कलयुगमें धन और विषय-वासनामें आसक्तिके चलते पुत्र समर्थ होते हुए भी वृद्ध माता-पिताकी सेवा तथा उनके पालन-पोषणसे विमुख रहते हैं। ❐ ***श्रीमदभगवद्गीता***

सुप्रीम नसीहत

उत्तर प्रदेशमें मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षणके दौरान फार्म-सातके माध्यमसे बड़े पैमानेपरनाम कटवानेके लिए फर्जी आवेदन जमा किये जानेका मामला लोकतांत्रिक व्यवस्थाकी पारदर्शिता और निष्पक्षतापर गम्भीर सवाल खड़े करता है। सर्वोच्च न्यायालयके मुख्य न्यायाधीश सूर्यकान्त, न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहनाकी पीठका इस मामलेमें हस्तक्षेप और निर्वाचन आयोगको अनियमितताओंकी जांचके निर्देश देना इस बातका संकेत है कि मतदाता सूचीमें गड़बड़ीको सामान्य चूक मानकर नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता है। चुनावकी निष्पक्षता केवल मतदानकी व्यवस्थासे सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि इसकी बुनियादी विश्वसनीय मतदाता सूचीपर टिकी होती है। फार्म-सातका उद्देश्य मृत, स्थानान्तरित अथवा अपात्र मतदाताओंके नाम सूचीसे हटाना है, लेकिन यदि इसी वैधानिक व्यवस्थाका इस्तेमाल जीवित और पात्र नागरिकोंके नाम कटवानेके लिए किया जाने लगे तो यह मताधिकारके साथ खिलवाड़ है। किसी दूसरे व्यक्तिकी पहचान और हस्ताक्षरका दुरुपयोग कर आवेदन देना चुनावी प्रक्रियाकी विश्वसनीयताको प्रभावित करने वाला गम्भीर मामला है। इससे भी चिन्ताजनक यह है कि बड़ी संख्यामें संदिग्ध आवेदन प्रारम्भिक स्तरपर ही पकड़में क्यों नहीं आये। निर्वाचन आयोगने जांचमें फर्जी पाये गये आवेदनोंको स्वीकार किया है लेकिन केवल यह कहना पर्याप्त नहीं है कि उनके आधारपर किसी मतदाताका नाम नहीं काटा गया। यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि इतने आवेदन किसने जमा किये, उनके पीछे कौन लोग थे और क्या इस पूरे प्रकरणमें किसी स्तरपर प्रशासनिक लापरवाही या मिलीभगत रही। दोषियोंकी पहचान कर उनके खिलाफ काररवाई करना आवश्यक है, ताकि भविष्यमें ऐसी घटनाओंकी पुनरावृत्ति न हो। मतदाता सूचीके पुनरीक्षणमें पारदर्शिताके साथ नागरिकोंकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। किसी भी मतदाताका नाम हटानेसे पहले उसे अनिवार्य रूपसे सूचना दी जाय और अपना पक्ष रखनेके लिए पर्याप्त समय दिया जाय। आवेदनकी सत्यताकी जांच और शिकायतोंके त्वरित निस्तारणके लिए प्रभावी व्यवस्था भी जरूरी है। डिजिटल दौरमें निर्वाचन आयोगको अपनी सत्यापन प्रणालीको और अधिक पारदर्शी और मजबूत बनानी चाहिए। लोकतंत्रमें एक-एक वोटका महत्व है। किसी पात्र नागरिकको मतदानसे वंचित करना उसकी राजनीतिक भागीदारीके अधिकारको सीमित करना है, इसलिए निर्वाचन आयोगको न्यायालयके निर्देशोंके अनुरूप निष्पक्ष जांच, जवाबदेही और सुधारात्मक काररवाई सुनिश्चित करनी होगी। मतदाता सूची आंकड़ोंका दस्तावेजपर नहीं, बल्कि लोकतंत्रमें नागरिकोंकी भागीदारीका आधार है। इसकी विश्वसनीयताको बनाये रखना ही चुनावी व्यवस्थामें जनताके विश्वासकी सबसे बड़ी कसौटी है।

चेतावनीकी अनदेखी

मौसम विभागकी चेतावनीकी अनदेखी और मनमानीका कितना हृदयविदारक परिणाम हो सकता है, इसे चमोलीमें हुए हेलीकाप्टर दुर्घटनाके परिप्रेक्ष्यमें देखा जा सकता है। खराब मौसममें कोहरेके बाद भी उड़ानका जोखिम जिन्दगियोंपर भारी पड़ी। बदरीनाथ धामसे तीर्थयात्रियोंको लेकर देहरादून लौट रहा हेलीकाप्टर शुक्रवारको चमोली जिलेमें पांडुकेश्वरकी पहाड़ीसे टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया इस दर्दनाक हादसेमें पायलट सहित सभी छह यात्रियोंकी मौकेपर ही मौत अत्यन्त दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। हेलीकाप्टरपर सवार सभी पांच तीर्थयात्री कर्नाटकके थे जो बदरीनाथके दर्शन कर देहरादूनके सहास्रधारा हेलीपैड लौट रहे थे। ज्योर्तिमठके चांई और लामबगढ़के बीच हाथी पर्वतके शीर्ष चट्टानसे टकरानेकी घटना इतनी भीषण थी कि हेलीकाप्टर पूरी तरह जल गया। उसके मलबेके आसपास क्षत-विक्षत हालतमें शव मिले। प्रारम्भिक जांचमें हादसेका मुख्य कारण प्रतिकूल मौसममें हेलीकाप्टरका उड़ान माना जा रहा है। मौसम विभागने पहले ही जिन पांच जिलोंमें शुक्रवारको तेज वर्षाका अलर्ट जारी किया था उनमें चमोली भी शामिल था। हैरान करने वाली बात यह है कि मौसम खराब होनेके बावजूद कम्पनीने उड़ानकी अनुमति कैसे दी। चमोलीमें शुक्रवार सुबहसे ही बारिश हो रही थी और पहाड़ोंके चोटियोंसे घाटियोंतक कोहरा छाया हुआ था जिससे दृष्यता भी कम थी, बावजूद इसके हेलीकाप्टर धड़ल्लेसे उड़ान भर रहे थे। हादसेके बाद ट्रांस भारत एविएशनकी सभी हेलीकाप्टर सेवाओंपर रोक लगा दी गयी है। कम्पनीको यह कदम पहले ही उठाना चाहिए था लेकिन शायद उसे इस तरहके हादसेका इन्तजार था। इस हादसेके लिए ट्रांस एविएशन पूरी तरह जिम्मेदार है जिसकी मनमानी छह जिन्दगियोंपर भारी पड़ गयी। यह अक्षम्य अपराध है। कम्पनीपर कड़ी काररवाई की जानी चाहिए जो दूसरोंके लिए सबक बने।

लोक संवाद

न्यायिक नियुक्तियोंमें पारदर्शिता

महोदय,-सर्वोच्च न्यायालयके पूर्व न्यायाधीश संजय किशन कौल, जिन्होंने चार वर्षोंतक भारतके मुख्य न्यायाधीशके बाद शीर्ष अदालतके सबसे वरिष्ठ न्यायाधीशके रूपमें सेवा दी, का आगामी संस्मरण न्यायाधीशोंकी नियुक्तिसे जुड़ी कालेजियम प्रणालीके कामकाजपर कई परेशान करने वाले सवाल खड़े करता है। 'विदाऊट फियर एंड फेवर' शीर्षक वाला यह संस्मरण अभी प्रकाशित होना बाकी है, लेकिन जस्टिस कौलने कई साक्षात्कारोंमें कालेजियम प्रणालीसे जुड़े विभिन्न पहलुओंपर प्रकाश डाला है। उन्होंने यह संकेत देकर इस प्रणालीकी विश्वसनीयतापर सवाल उठानेका प्रयास किया है कि इसके विचार-विमर्शको संचालित करनेके लिए पर्याप्त रूपसे सुसंगत और पारदर्शी प्रक्रियाका अभाव है। उन्होंने एक ऐसे प्रसंगका भी उल्लेख किया जिसमें एक संभावित न्यायाधीशकी जाति-समुदायपर चर्चा की गयी थी। अपने साक्षात्कारोंमें उन्होंने विशेष रूपसे न्यायिक नियुक्तियोंको लेकर भारतके पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़के दृष्टिकोणको निशानेपर लिया है और इस बातपर बल दिया है कि न्यायपालिकामें सरकारके हस्तक्षेपका दृढ़तासे विरोध करनेका साहस होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सीजेआई सरकारके प्रति अत्यधिक संवेदनशील विनम्र थे। उन्होंने एक घटनाका हवाला दिया, जिसमें जस्टिस चंद्रचूड़ सर्वोच्च न्यायालयके एक न्यायाधीशकी नियुक्तिके पक्षमें थे, लेकिन वे उस विशेष व्यक्तिकी नियुक्तिपर सरकारका रुख भी जानना चाहते थे। एक साक्षात्कारमें जस्टिस कौलने कहा कि सरकारें उन्हीं मुख्य न्यायाधीशोंका सम्मान करती हैं जो कड़ा रुख अपनाते हैं और ऐसा होना भी चाहिए। उन्होंने यह दावा भी किया कि उन्होंने विरोध स्वरूप कालेजियमकी एक बैठकसे वॉकआऊट किया था, हालांकि जस्टिस चंद्रचूड़ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उन्हें ऐसे किसी वाकआऊटकी याद नहीं है और कालेजियमके सदस्यों द्वारा सभी निर्णय सर्वसम्मतिसे लिये गये थे। सर्वोच्च न्यायालयके एक अन्य पूर्व न्यायाधीशने यह भी इंगित किया कि जस्टिस चंद्रचूड़ने एक धार्मिक अनुष्ठानके लिए प्रधान मंत्रीको अपने आवासपर आमंत्रित करके एक अन्य अलिखित नियमको तोड़ा था। यद्यपि संस्मरण प्रकाशित होनेके बाद उच्च न्यायपालिकाके कामकाजके बारेमें और अधिक विवरण सामने आयंगे, लेकिन यह स्पष्ट है कि सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयोंके न्यायाधीशोंकी नियुक्तिसे संबंधित मानदंडों और प्रक्रियाओंमें पारदर्शिताकी भारी कमी है। कालेजियम प्रणालीको कार्यपालिकाके हस्तक्षेपसे न्यायिक नियुक्तियोंको सुरक्षित रखनेके लिए विकसित किया गया था। किन्तु सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने उत्तराधिकारियोंके चयनमें न्यायाधीशोंको प्रधानता दिये जानेके तीन दशक बाद भी यह व्यवस्था अपारदर्शिता और असंगत प्रक्रियाओंकी शिकार बनी हुई है। जस्टिस कौल की टिप्पणियां कालेजियम प्रणालीमें स्पष्ट सुधारोंकी मांग करती हैं, लेकिन सुधार लानेका अर्थ न्यायाधीशोंकी नियुक्तिका अधिकार सरकारको सौंपना या एनजेएसीको उसी पुराने स्वरूपमें पुनर्जीवित करना नहीं है, जिसे रद कर दिया गया था। सुधारका वास्तविक अर्थ यह होना चाहिए कि सार्वजनिक रूपसे घोषित पात्रता मानदंड, प्रलेखित मूल्यांकन, सुसंगत एवं तर्कसंगत प्रस्ताव, तबादलोंकी एक स्पष्ट रूपरेखा और एक पारदर्शी शिकायत निवारण तंत्रके माध्यमसे अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित की जाय। कालेजियमकी विश्वसनीयता इस बातपर निर्भर करेगी कि वह इन सुरक्षा उपायोंको संस्थागत रूप देनेमें कितनी सक्षम है। फिर भी न्यायिक नियुक्तियोंमें कार्यपालिकाको प्रभाव सौंपनेके किसी भी कदमका पुरजोर विरोध किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे उस संस्थाकी साखको गंभीर चोट पहुंच सकती है, जिसका समाजमें आज भी अत्यधिक सम्मान है। **-विपिन पब्बी, वाया ईमेल।**

भारत कर सकता है अगुआई

विश्व व्यापार संघटन (डब्ल्यूटीओ) की अक्तूबर २०२६ में जारी वैश्विक व्यापार रिपोर्टमें एक चौंकाने वाली बात सामने आयी है। दुनियामें बढ़ते भू-राजनीतिक तनावोंके बावजूद वर्ष २०२५ में वस्तुओंके वैश्विक व्यापारकी मात्रामें ४.२ फीसदीकी वृद्धि हुई जबकि २०२४ में यह वृद्धि २.८ फीसदी थी।

❐ **डी. रवि**

डब्ल्यूटीओंके अनुसार रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशियाका संकट, एकतरफा शुल्क लगानेकी नीतियां और होर्मुज स्ट्रेट तथा लाल सागर जैसे समुद्री मार्गोमें बाधाओंके बावजूद व्यापारमें यह तेजी देखनेको मिली। आज भी दुनियाका लगभग ७२ फीसदी व्यापार, सबसे तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) के आधारपर होता है। इससे पता चलता है कि दुनियाके देश अब भी नियमोंपर आधारित बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्थामें भरोसा रखते हैं। हालांकि इस सकारात्मक तस्वीरके पीछे विकासशील देशोंकी कई गम्भीर समस्याएं छिपी हुई हैं। ऐसेमें आज जरूरत केवल विश्व व्यापार संघटनको फिरसे मजबूत करनेकी नहीं, बल्कि उसमें जरूरी सुधार करनेकी भी है। जब १९९५ में विश्व व्यापार संघटनकी स्थापना हुई थी तब दुनियाको मुख्य रूपसे विकसित और विकासशील देशोंके दो वर्गोमें देखा जाता था। उस समय यह सोच थी कि विकासशील देशोंको वैश्विक अर्थव्यवस्थासे जुड़नेके लिए विशेष सहायता और कुछ अतिरिक्त छूट दी जानी चाहिए। इसी उद्देश्यसे विशेष एवं विभेदकारी व्यवहार (एसऐंडडीटी) का प्रावधान किया गया। इसके अलावा फैसले आम सहमतिसे लेनेकी व्यवस्था बनायी गयी। इसका बुनियादी सैद्धांतिक उद्देश्य यह था कि शक्तिशाली देश बहुमतके बलपर कमजोर देशोंपर अपनी शर्तें न थोप सकें। लेकिन पिछले ३० वर्षोंमें वैश्विक अर्थव्यवस्थामें काफी बदलाव आया है। ऐसेमें इन बुनियादी सिद्धांतोंकी नये सिरेसे समीक्षा करना जरूरी हो गया है। वर्ष १९९५ में विकासशील देशोंको दी गयी विशेष एसऐंडडीटी छूटका उद्देश्य सही था। हालांकि उस समय यह अनुमान नहीं लगाया गया था कि आने वाले वर्षोंमें देशोंकी आर्थिक स्थितिमें इतना बड़ा बदलाव आयेगा। पिछले दो दशकोंमें उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) का प्रभाव तेजीसे बढ़ा है। आज करीब ३० बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाएं, वैश्विक अर्थव्यवस्थाको आगे बढ़ानेमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

विश्व व्यापार संघटनके कुल १६६ सदस्य देशोंमें विकसित देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओंकी संख्या मिलाकर लगभग ६० है। बाकी देशोंमें कम आय वाले विकासशील देश और सबसे कम विकसित देश शामिल हैं। वैश्विक व्यापारमें इन बाकी सभी देशोंकी संयुक्त हिस्सेदारी दस फीसदीसे भी कम है। ऐसेमें उभरती अर्थव्यवस्थाओंको विकासशील देशोंसे अलग एक नया वर्ग बनानेका विचार राजनीतिक रूपसे संवेदनशील है। इससे विकासशील देशोंकी एकता कमजोर हो सकती है और वैश्विक मंचोंपर उनकी सामूहिक ताकत घट सकती है। विकसित देश लम्बे समयसे इस बातको रेखांकित करते रहे हैं कि विकासशील देशोंके समूहमें आर्थिक हितोंको लेकर काफी अंतर है। दूसरी ओर, सभी विकासशील देशोंकी जरूरतें एक जैसी नहीं हैं। जो देश तेजीसे विकास करना चाहते हैं, उन्हें अपने विकासके लक्ष्य पूरे करनेके लिए अधिक छूट चाहिए। वहीं, सबसे गरीब देशोंको और अधिक रियायतों तथा बाजारतक बेहतर पहुंचकी जरूरत है। इसमें उभरती अर्थव्यवस्थाओंके बाजार भी शामिल हैं। इसका एक रास्ता यह हो सकता है कि उभरती अर्थव्यवस्थाएं अपनी इच्छासे विशेष एसऐंडडीटी छूटोंका कुछ हिस्सा छोड़ दें। हर देश अपनी आर्थिक क्षमता और सुविधाके अनुसार ऐसा कर सकता है। यदि भारत इस दिशामें पहल करता है तब दूसरे देश भी इससे प्रेरित हो सकते हैं।

भारत बेहद संवेदनशील क्षेत्रोंमें भी इस बदलावकी अगुआई करनेकी क्षमता रखता है। फिलहाल भारत सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के आधारपर किसानोंसे अनाज खरीदती है जिसका संबंध कृषि उत्पादोंकी कीमतों और उत्पादनसे जुड़ा होता है। डब्ल्यूटीओके नियमोंके तहत इस तरहकी सहायताको सामान्यत: ऐम्बर बॉक्समें रखा जाता है, जिसपर कुछ शर्तों के साथ सीमाएं लागू होती हैं। इसके बजाय प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये किसानोंको सीधे आर्थिक सहायता देनेकी भारतकी व्यवस्था वास्तवमें उत्पादन, कीमतों या उत्पादनके साधनोंसे जुड़ी न हो तो इसे विश्व व्यापार संघटनके कृषि समझौतेके अनुबंध-२ के तहत ग्रीन बॉक्समें रखा जा सकता है। इस श्रेणीकी सहायतापर कटौतीकी बाध्यता नहीं होती।

यही सोच मत्स्य क्षेत्रमें भी अपनायी जा सकती है। भारत विश्व व्यापार संघटनमें मछली पकड़नेसे जुड़ी सब्सिडीपर चल रही बातचीतमें ईंधन और मछली पकड़ने वाले जहाजोंकी क्षमता बढ़ाने वाली सब्सिडीके स्थानपर मछुआरा परिवारोंको सीधे आर्थिक सहायता देनेका प्रस्ताव रख सकता है। इस तरहके सुधारोंकी दिशामें पहल करनेपर भारतको विश्व व्यापार संघटनमें विकासशील देशोंके हितोंकी पैरवी करनेके लिए अधिक नैतिक बल मिलेगा। इसी तरह आम सहमतिका सिद्धांत भी भले ही अच्छे इरादेके साथ बनाया गया था लेकिन इसमें कुछ बुनियादी खामियां थीं। इस सिद्धांतमें यह मान लिया गया था कि सभी सदस्य देशोंके हित एक-दूसरेसे मेल खायंगे जबकि उनकी आर्थिक ताकत और विकासका स्तर काफी अलग-अलग है। व्यवहारमें इसका नुकसान यह हुआ है कि कोई छोटा देश भी बातचीत रोक सकता है और किसी फैसलेपर सहमति बननेमें बाधा डाल सकता है। इस तरहकी रुकावटोंको दूर करनेके लिए आम सहमतिके सिद्धांतमें कुछ बदलाव जरूरी हैं।

डब्ल्यूटीओका एक अन्य महत्वपूर्ण सिद्धांत है तरजीही राष्ट्र यानी एमएफएन। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सदस्य देश व्यापारमें किसी एक देशके साथ भेदभाव न करें और सामान्य तौरपर एक सदस्यको दी गयी व्यापारिक सुविधा दूसरे सदस्योंको भी मिले। डब्ल्यूटीओकी महानिदेशक ओकोंजो-इवेला लगातार इस बातपर जोर देती रही हैं कि इस व्यवस्थाका कमजोर पड़ना एक वास्तविक समस्या है। लम्बे समयमें इसका असर यह हो सकता है कि देश एमएफएन व्यवस्थामें पैदा हुई असमानताओंकी भरपाईके लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की ओर अधिक बढ़ें। इससे उन विकासशील देशोंको नुकसान हो सकता है, जो इन समझौतोंका हिस्सा नहीं हैं। भारतकी सक्रियतासे ऐसी व्यापार व्यवस्था बनानेमें मदद मिल सकती है, जिसमें विकासशील देशोंके हितोंका भी ध्यान रखा जा सकता है। डब्ल्यूटीओके ११वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलनमें पहली बार जिन मुद्दोंपर कुछ सदस्य देशोंके बीच समझौतेकी पहल हुई थी, वे अब विवादका विषय बन गये हैं। इनमें निवेशको आसान बनाना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), ई-कॉमर्स और स्त्री-पुरुष समानतासे जुड़े मुद्दे शामिल हैं। भारतका अबतक यह रुख रहा है कि ये मुद्दे सीधे तौरपर व्यापारसे संबंधित नहीं हैं। लेकिन आजकी परस्पर निर्भर वैश्विक अर्थव्यवस्थामें इस तर्कको बनाये रखना लगातार कठिन होता जा रहा है। निवेश, छोटे कारोबार, डिजिटल व्यापार और महिलाओंकी आर्थिक भागीदारीका वैश्विक व्यापारसे गहरा संबंध है। भारतने इनमेंसे कई विषयोंपर द्विपक्षीय समझौतोंके तहत प्रतिबद्धताएं पहले ही स्वीकार की हैं। इसके बावजूद वह डब्ल्यूटीओमें इन मुद्दोंपर बहुपक्षीय नियम बनानेकी प्रक्रियामें भाग लेनेको लेकर हिचकिचाता रहा है।

डब्ल्यूटीओकी विवाद निबटान व्यवस्थाको उसकी सबसे बड़ी उपलब्धियोंमें गिना जाता है। लेकिन वर्ष २०१७ से यह व्यवस्था गम्भीर संकटका सामना कर रही है। उस समय अमेरिकाने अपील निकायमें नयी नियुक्ति रोक दी थी। इसके कारण विवादोंपर अपील सुनने वाली व्यवस्था प्रभावी रूपसे ठप हो गयी जो व्यापारमें निष्पक्षता और समानता सुनिश्चित करनेका एक महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता था। इस समस्याके समाधानके लिए यूरोपीय संघके वैकल्पिक मॉडलपर विचार किया जा सकता है। इस मॉडलमें मध्यस्थता, अपीलके बिना विवादोंका निबटारा और फैसलोंको लागू करानेकी व्यवस्था जैसे विकल्प शामिल हैं। इसके लिए रचनात्मक सोचकी जरूरत है। डब्ल्यूटीओ और द्विपक्षीय समझौतोंके तहत व्यापारिक विवादोंसे निबटनेका भारतको लम्बा अनुभव है। इस अनुभवका उपयोग ऐसी व्यवस्था तैयार करनेमें किया जा सकता है, जिसपर अधिकसे अधिक सदस्य देशोंकी सहमति बन सके।

> **डब्ल्यूटीओके ११वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलनमें पहली बार जिन मुद्दोंपर कुछ सदस्य देशोंके बीच समझौतेकी पहल हुई थी, वे अब विवादका विषय बन गये हैं। इनमें निवेशको आसान बनाना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, ई-कॉमर्स और स्त्री-पुरुष समानतासे जुड़े मुद्दे शामिल हैं। भारतका यह रुख रहा है कि ये मुद्दे सीधे तौरपर व्यापारसे संबंधित नहीं हैं। लेकिन आजकी परस्पर निर्भर वैश्विक अर्थव्यवस्थामें इस तर्कको बनाये रखना लगातार कठिन हो रहा है। निवेश, छोटे कारोबार, डिजिटल व्यापार और महिलाओंकी आर्थिक भागीदारीका वैश्विक व्यापारसे गहरा संबंध है।**

अनुभूतिमें प्रवाहित मधु

निद्रामें मस्तिष्कके भीतर बहुत सारे रासायनिक परिवर्तन होते हैं। जल और वायुकी तरह निद्रा महत्वपूर्ण आवश्यकता है। निद्रा ऊर्जा, स्मृति और तेज ओज देती है तो भी इस अन्तः मधुक्षेत्रसे हमारा परिचय नहीं।

❐ **हृदयनारायण दीक्षित**

हमारे पूर्वजोंने निद्राकी आवश्यकतापर गहरा अध्ययन किया था। वैदिक ऋषि मधुप्रिय हैं। एक मधु अनुभूतिमें प्रवाहित होता है और दूसरा मधु पदार्थ है। आयुर्वेदका प्रतिष्ठित ग्रन्थ चरक संहिता है। चरक संहिताके रचनाकालमें दोनों मधु प्रवाहमान हैं। मधुमक्खियोंका शहद एक मधु है। अन्य सभी मीठे पदार्थ मधु हैं। चरक संहितामें कहते हैं कि केवल मधुरसका अधिक सेवन करनेसे स्थूलता, कोमलता और निद्राकी अधिकता बढ़ती है। 'निद्राकी अधिकता' की ओर स्वाभाविक ही सबका ध्यान जाता है। रक्त रसमें शक्कर या सुगरकी अधिकता आधुनिक समाजकी समस्या है। मधु शक्करका पर्याय नहीं है। शक्कर पदार्थ है और मधु स्वाद अनुभूति। रक्त रसमें शक्करका बढ़ना रोग है लेकिन निद्रा अधिकताकी जगह अनिद्रा भी आधुनिक समाजका बड़ा रोग है। चरक संहितामें बताया गया है, जब कार्य करते-करते मन थक जाता है, इन्द्रियां भी थकनेके कारण अपने-अपने विषयोंसे निवृत्त हो जाती हैं, तब निद्रा। पतंजलि योग सूत्रोंमें भी निद्राको विषयमुक्त चित्तका परिणाम बताया गया है। लेकिन तनावग्रस्त मनका क्या करें। मन थकता ही नहीं। इन्द्रियां विषयोंसे निवृत्त होती ही नहीं। करें तो क्या करे। विषय विषाद देते हैं। प्रसाद फिसल जाता है।

ऊषा आ रही हैं। रात्रि विदा हो रही हैं। पूरा अस्तित्व जागरणसे भर गया है। पक्षी कलरव कर रहे हैं। जो जागे हुए हैं, वे प्रात:कालका सूर्य, तेज अनुभव कर रहे हैं। निद्रा पूरी नहीं है। मेरा मन करता है कि थोड़ा और सो लिया जाय। एक झपकी और। निद्रा रहस्य है। चरक संहितामें बताया गया है कि निद्राके समय रजस् गुणकी शिथिलता होती है, तम गुणका आच्छादन होता है। सत् गुण निष्क्रिय हो जाता है। मैं अपना विश्लेषण करता हूं। स्वविश्लेषण ही अध्यात्म भी है। मैं प्राय: तमगुणके प्रवाहमें ही रहता हूं। तमकी सक्रियताका नेतृत्व रजस् करता है। रजस्का अर्थ ही सक्रियता है। मन थकता नहीं। इन्द्रियां विषयोंसे मुक्त नहीं होतीं। नींदकी प्रतीक्षा बेचैन करती है। नींद जरूरी है। जैसी गहरी निद्रा वैसा ही उतना ही ऊंचा जागरण। शरीर निद्राके समय ही पुनर्नवा ऊर्जा पाता है। टूटे कोष नये होते हैं। चरक संहितामें बताया है कि निद्रासे आरोग्य, शरीरका पोषण, बलवृद्धि, ज्ञानेन्द्रियोंकी उचित प्रवृत्ति और आयु नियत रूपमें बनी रहती है। यहां सबसे बड़ी बात है-ज्ञानेन्द्रियोंकी उचित प्रवृत्ति। अनिद्रा पीड़ितकी ज्ञानेन्द्रियां अपना काम ठीकसे नहीं करतीं। स्मृतिपर भी प्रभाव पड़ता है। निद्रा जरूरी है लेकिन कोई भी व्यक्ति स्वयं निद्रामें नहीं जा सकता। ज्यादासे ज्यादा हम लेट सकते हैं। निद्रा लानेमें हम कर्ता नहीं हैं। निद्रा स्वयं आती है, हमारे बुलानेपर नहीं। हमारे प्रयाससे वह और भी दूर भागती है। बिन बुलाये आना नींदकी लत है। सरकारी बैठकोंमें नेता अफसर सोते देखे जाते हैं। वे बिना प्रयास ही सो जाते हैं। चरक या पतंजलिकी मानें तो उनका मन विषयोंसे पृथक होता है और वे सो जाते हैं। निद्राका अन्त: क्षेत्र मधुमय है। यह एक अज्ञात दिक्हीन, कालहीन चित्तदशा है। दिक्हीन इसलिए कि निद्राका क्षेत्र भौगोलिक नहीं है। निद्रामें समयका अनुभव नहीं होता, निद्रामें काल नहीं होता लेकिन रस होता है। निद्रासे जागरणमें वापसी की मुहूर्त बड़ी मधुरसा है। मन करता है थोड़ा और सो लूं, एक झपकी और। पूर्वजोंने आलस्यको बुरा कहा है। लेकिन निद्रासे जागरणमें आने वाले संधिकालका आलस्य मुझे बहुमूल्य लगता है। आलस्य स्वत: कर्म प्रवृत्तिसे भागनेका नाम है। निद्राका मधुमत्त आलस्य दूसरा ही है। निद्रा ताजा करती है, ऊर्जा देती है, स्मृति और तेज ओज देती है तो भी इस अन्त: मधुक्षेत्रसे हमारा परिचय नहीं। सामान्य बोलचालमें अच्छी नींदको मीठी नींद कहा जाता है।

दुर्गा सप्तशतीके रचनाकारने निद्राको देवी बताया और अनेकश: नमस्कार किया है। अनिद्राके रोगियोंको दवाइयां दी जाती हैं। वे शरीरमें रासायनिक परिवर्तन लाती हैं। उनसे लायी गयी कृत्रिम निद्रा मधुमत्त नहीं होती। जीवन मधुरसकी इच्छासे भरापूरा है। यह सहज उपलब्ध है। सप्रयास नहीं। अनायास ही। निद्रा सप्रयास नहीं आती। प्रकृतिका अन्तस् मधुरसा है। सुख स्वस्ति और संतुष्टि मधुरस हैं। आनन्द मधुरसा है। आनन्द मधुरसविहीन नहीं हो सकता। वृक्ष, वनस्पति मधुरसा हैं। नदियां और सारे जल भी। वाणीका मधु या मधुमय वाणी सबकी अभीप्सा है। मंत्रोंका छन्दस मधु माधव है। स्वभाव अध्यात्म है और अध्यात्मकी लब्धि मधु है। वृहदारण्यक उपनिषद्में धर्मको भी मधु बताया गया है। प्रीति रीतिका मधु संसार व्यापी है। बादलोंमें भरा मधुकोष ऋग्वेदके ऋषियोंने ही देखा था। नृत्यका आस्वाद मधुमय है। सर्वभूतहितके सभी कर्म मधुकर्म और मधुरसा हैं। सर्वभूतहित संलग्न लोग मधुकर हैं। यह सृष्टि स्रष्टाका मधुकार्य है और द्रष्टाकी मधु अनुभूति। कवि हृदयका सौन्दर्यबोध वस्तुत: मधुबोध है। काव्यरस मधुरसा है और कविता मुधमत्त मधुर चिरकुमारी युवती। ऋचाएं मधुमती हैं। यहां सब तरफ मधुका आच्छादन है। मधुने ही दशों दिशाओंसे मधुको आवृत्त कर लिया है लेकिन विषादग्रस्त चित्तका क्या करें, मधुरसा प्रवाहमें गतिशील होनेके बावजूद हम जीवनके मधुसे वंचित हैं। मैं मधुरसा नादमें हूं। नाद भीतरसे बाहरकी ओर प्रवाहमान है। नाद सुनता हूं, लेकिन भीतर रस प्रवाह नहीं है। रस है, लेकिन मन पराजित है। देव शक्तियां कृपा करें और सही मार्गपर चलनेका साहस दें।



शक्ति हैं मां अहोई

❐ **श्वेता गोयल**

अहोई अष्टमीकी मान्यताके अनुसार इस दिन विशेष पूजा-अर्चना करनेसे माता अहोई संतान सुख प्रदान करती हैं। अहोई माताको देवी पार्वतीका अवतार माना जाता है, जिन्हें बच्चोंकी रक्षकके रूपमें पूजा जाता है। यह व्रत काफी कठिन और महत्वपूर्ण माना जाता है। महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखती हैं और माता पार्वतीके अहोई रूपकी पूजा करती हैं, उसके बाद तारोंको देखकर अर्घ्य देनेके बाद ही अपना व्रत खोलती हैं। अहोई अष्टमीका पर्व भारतीय समाजमें मातृत्वकी शक्ति और बच्चोंके प्रति मांकी चिन्ताको दर्शाता है। अहोई अष्टमीपर माताएं अहोई मातासे यही आशीर्वाद मांगती हैं कि उनके बच्चोंके सभी सपने साकार हों, उनका जीवन स्वस्थ रहे और वे दीर्घायु हों। परिवारकी एकताको मजबूत करता यह पर्व न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोणसे भी बहुत महत्व रखता है। धार्मिक आस्थाका प्रतीक पर्व अहोई अष्टमी हमारी संस्कृति और परम्पराओंको जीवित रखनेमें अहम भूमिका निभाता है। दरअसल इस पर्वकी पूजा विधि, कथा और परम्पराएं हमें अपने परिवार और समाजके प्रति जिम्मेदारीका अहसास कराती हैं और इस प्रकार यह पर्व हमारे जीवनमें एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हुए हमें यह भी सिखाता है कि हम कैसे अपने बच्चोंके प्रति अपने प्रेम और चिंताको प्रकट कर सकते हैं। अहोई अष्टमी पर्वके माध्यमसे हम अपने पारिवारिक बंधनोंको मजबूत करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारी आने वाली पीढ़ियां भी इस सांस्कृतिक धरोहरको संजोकर रखें। अष्टमीके दिन अधिकांश स्थानोंपर तारोंको देखकर अर्घ्य देनेकी परम्परा है। माना जाता है कि आसमानमें सभी तारे अहोई माताके वंशज हैं, इसीलिए यह व्रत तबतक पूरा नहीं माना जाता, जबतक तारोंको अर्घ्य नहीं दिया जाता। अष्टमीके दिन तारोंकी पूजाको लेकर मान्यता है कि यदि माताएं अहोई अष्टमीके दिन असंख्य तारोंके दर्शन और पूजा करेंगी तो पूजा करनेसे उनके कुलमें अनगिनत संतान होती हैं। अहोईका अर्थ है 'अनहोनीको होनी बनाना'। समयके साथ अहोई अष्टमी मनानेकी परम्पराओंमें सुखद बदलाव भी आया है। दरअसल पहले अहोई अष्टमी व्रत केवल पुत्रकी खुशहाली और लंबी उम्रके लिए ही किया जाता था और यह व्रत केवल वही महिलाएं करती थीं, जो पुत्रवती होती थी लेकिन अब अहोई अष्टमी व्रत पुत्र-पुत्रीका भेद किये बिना माताएं अपनी संतानकी सुख-समृद्धिके लिए करती हैं। यह पर्व मातृत्व, परिवार और समुदायके बीचकी कड़ीको मजबूत बनाता है। ऐसे पर्व हमारे समाजमें सामंजस्य, प्रेम और एकताका संदेश देते हैं, जो हमें आगे बढ़ने और अपने बच्चोंके लिए एक बेहतर भविष्य बनानेके लिए प्रेरित करते हैं।

पत्रकारिताकी स्वतंत्रतापर सवाल

❐ **रजनीश कपूर**

लोकतंत्रमें जनता की जवाबदेही तभी संभव है जब मीडिया स्वतन्त्र और निष्पक्ष हो। अब सर्वोच्च न्यायालय से ही उम्मीद है कि वह पत्रकारिताकी स्वतंत्रताकी रक्षा करे और इसे कमजोर न होने दे। हालमें डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स असोसिएशन (डीएनपीए) ने सुप्रीम कोर्टमें डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटैक्शन (डीपीडीपी) एक्ट २०२३ और उसके नियमों २०२५ के खिलाफ याचिका दायर की है। देशके २१ प्रमुख मीडिया संघटनोंका प्रतिनिधित्व करने वाली इस याचिकामें आरोप लगाया गया है कि कानून पत्रकारीय गतिविधियोंके लिए कोई स्पष्ट छूट नहीं देता, जिससे खोजी पत्रकारिता बाधित हो सकती है। सुप्रीम कोर्टने केन्द्रको नोटिस जारी किया है और १७ नवम्बरको सुनवाई तय की है। अदालतने इसपर किसी भी तरहकी अंतरिम रोक नहीं लगायी लेकिन निजता और अभिव्यक्तिकी स्वतंत्रताके बीच संतुलनकी जरूरत पर जोर दिया।

उल्लेखनीय है कि इस याचिकामें याचिकाकर्त्ताओंका मुख्य तर्क है कि कानून पत्रकारों, संपादकों और समाचार संघटनोंको 'डाटा फिड्यूशियरी' मानकर नोटिस, सहमति और डाटा मिटाने जैसी बाध्यताएं लागू करता है। इस कानूनकी धारा सात (वैध उपयोग) और धारा १७ (छूट) में पत्रकारिताका कोई उल्लेख नहीं है, जबकि पहलेके मसौदों (२०१८, २०१९, २०२१) में ऐसी छूट थी। इसकी अनुपस्थितिका मतलब है कि किसी व्यक्तिपर रिपोर्ट लिखते समय उसकी सहमति लेनी पड़ सकती है। ऐसी खोजी रिपोर्टोंमें यदि संदिग्धको पहलेसे सूचित किया जाय तो वह सबूत नष्ट करने, गवाहोंको धमकाने या कहानी रोकनेका प्रयास कर सकता है। इसके अलावा धारा ३६ और नियम २३ के तहत सरकार बिना न्यायिक निगरानीके किसी भी डाटा फिड्यूशियरीसे जानकारी मांग सकती है। याचिकाकर्त्ताओंका कहना है कि यह पत्रकारीय स्रोतोंको उजागर कर सकता है। धारा ४४(३) ने आरटीआई अधिनियमकी धारा ८(१)(जे) में संशोधन कर व्यक्तिगत सूचना' को व्यापक रूपसे छूट दे दी है। पहले सार्वजनिक हितका प्रावधान था, अब वह हटा दिया गया है। इससे आरटीआइके जरिये सार्वजनिक पदाधिकारियोंकी जानकारी हासिल करना और कठिन हो सकता है। वहीं सरकारका आधिकारिक रुख निजताकी रक्षा है। २०१७ के पुट्टस्वामी फैसलेके बाद निजता मौलिक अधिकार बन चुकी है। सरकारका तर्क है कि आजके डिजिटल युगमें विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म और कम्पनियों द्वारा डाटाके दुरुपयोगको रोकनेके लिए यह कानून जरूरी माना गया। विभिन्न मीडिया संघटनों और उनके प्रतिनिधियोंके साथ हुई कुछ बैठकोंमें मीडिया संघटनों को आश्वासन भी दिये गये कि इस कानूनसे प्रेसकी स्वतंत्रता प्रभावित नहीं होगी। लेकिन लिखित छूट न होने और पहलेके मसौदोंसे हटाये जानेपर सवाल उठते हैं।

यूरोपीय संघके जनरल डाटा प्रोटैक्शन रैगुलेशन (जीडीपीआर) के अनुच्छेद ८५ में स्पष्ट कहा गया है कि सदस्य देश डाटा संरक्षण और अभिव्यक्तिकी स्वतंत्रता (पत्रकारिता सहित) के बीच सामंजस्य बैठायें। ब्राजीलके सामान्य डेटा संरक्षण कानून (एलजीपीडी) और कई अन्य देशोंमें भी पत्रकारीय उद्देश्यके लिए छूट या संतुलित प्रावधान हैं। ये कानून निजताकी रक्षा करते हैं लेकिन सार्वजनिक हित की रिपोर्टिंगको रोकते नहीं।

पत्रकारिता लोकतंत्रका चौथा स्तंभ है। खोजी पत्रकारिता भ्रष्टाचार, सत्ताके दुरुपयोग और सार्वजनिक मुद्दोंको उजागर करती है। यदि हर रिपोर्टके लिए सहमति जरूरी हो जाय तो कई कहानियां छप ही नहीं पायंगी। स्रोत गोपनीयता खतरेमें पड़नेसे व्हिसलब्लोअर और आम नागरिक भी जानकारी सांझी करनेसे हिचकिचायंगे। विश्व प्रैस फ्रीडम इंडैक्समें भारतकी रैंकिंग पहलेसे ही चिन्ताजनक बनी हुई है। निजता और सूचनाका अधिकार दोनों मौलिक हैं और इनमें संतुलन भी जरूरी है। समाधान यह हो सकता है कि पत्रकारिताके लिए स्पष्ट छूट दी जाय, जो प्रेस काउंसिल या स्व-नियामक संहिताओंसे जुड़ी हो। सार्वजनिक हितका परीक्षण, आनुपातिकता और न्यायिक निगरानी जैसी सुरक्षाएं भी रखी जायं। डाटा मिटानेके अधिकारको प्रकाशित खबरोंपर लागू न किया जाय, खासकर जब वे सार्वजनिक रिकॉर्ड बन चुकी हों। लोकतंत्रमें सत्ताकी जवाबदेही तभी संभव है जब मीडिया स्वतंत्र और निष्पक्ष हो। आने वाले समयमें सुप्रीम कोर्टका फैसला इस संतुलनको तय करेगा। उम्मीद की जा सकती है कि अदालत निजताकी रक्षा करे लेकिन पत्रकारिताकी स्वतंत्रताको कमजोर न होने दे। अन्यथा यह स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडियाके लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है, जो किसी भी जीवंत लोकतंत्रके लिए खतरनाक होगा।

आयात शुल्क घटाने के बावजूद खाद्य तेलों की कीमतों में में नहीं आयी कमी

नयी दिल्ली। त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है। दशहरा, दीपावली और छठ को लेकर बाजारों में रौनक है और लोग तैयारियों में जुटे हैं लेकिन बढ़ती महंगाई ने त्योहारों की खुशियों पर असर डालना शुरू कर दिया है। खासतौर पर खाद्य तेलों की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। सरकार की ओर से खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में कटौती किए जाने के बावजूद उपभोक्ताओं को कीमतों में राहत नहीं मिली है। पिछले एक साल के दौरान खाने के तेल की कीमतों में करीब 15 से 25 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सितंबर में ही रिफाइंड तेल लगभग 15 फीसदी और मूंगफली का तेल करीब 14 फीसदी महंगा हुआ। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों से उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सरकार ने सितंबर में आयात शुल्क में 5 फीसदी की कटौती की थी। इसके तहत क्रूड पाम ऑयल और क्रूड सोयाबीन ऑयल पर ड्यूटी 10 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दी गई थी। वहीं, क्रूड सनफ्लावर ऑयल पर आयात शुल्क शून्य कर दिया गया था। रिफाइंड खाद्य तेलों पर भी ड्यूटी में कटौती की गई थी। सरकार का उद्देश्य आयात लागत कम करके घरेलू बाजार में खाद्य तेलों की कीमतों को नियंत्रित करना और ग्राहकों को राहत पहुंचाना था। इसके साथ ही कंपनियों को भी ड्यूटी में कटौती का फायदा उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्य तेलों की कीमतों में तेजी के कारण घरेलू बाजार में इसका अपेक्षित असर दिखाई नहीं दिया। नतीजतन, त्योहारों के सीजन में भी लोगों को महंगे तेल खरीदने पड़ रहे हैं।

200 रुपये के पार पहुंचे कई खाद्य तेल

खाद्य तेलों की मौजूदा कीमतों पर नजर डालें तो कई तेल 200 रुपए प्रति लीटर के स्तर को पार कर चुके हैं। इससे रसोई का खर्च लगातार बढ़ रहा है। खाद्य तेल कीमत (रुपए प्रति लीटर) मूंगफली का तेल 231 सरसों का तेल 222 सनफ्लावर ऑयल 214, वनस्पति तेल 184 सोया ऑयल 180, पाम ऑयल 165, मूंगफली और सरसों के तेल की कीमतें 200 रुपए से ऊपर पहुंचने से आम परिवारों का मासिक बजट प्रभावित हो रहा है। त्योहारों के दौरान खाद्य तेल की खपत बढ़ जाती है। ऐसे में कीमतों में उछाल ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। खाद्य तेलों की महंगाई के पीछे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में तेजी भी एक बड़ी वजह है। इसके अलावा रुपए की कमजोरी ने भारत के लिए खाद्य तेलों का आयात महंगा कर दिया है। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के शुरुआती छह महीनों में भारत को खाद्य तेलों के आयात पर करीब 87,000 करोड़ रुपए खर्च करने पड़े। पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा लगभग 73,000 करोड़ रुपए था यानी आयात बिल में करीब 14,000 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है।

दैनिक मंडी समीक्षा



नयी दिल्ली। सरकार द्वारा खुली बिक्री गेहूं की मात्रा बढ़ाये जाने तथा आटा मिलों की मांग कमजोर होने से गेहूं 75 रुपए प्रति क्विंटल नीचे आ गया। जबकि दाल मिलों की मांग व बिकवाली घटने से अरहर, मसूर, उड़द की कीमतों में 50/100 रुपए क्विंटल की तेजी बन गयी। खाद्य तेलों में आपूर्ति घटने तथा मांग बढने् से सरसों, बिनौला, राइसब्रान तेल 50/200 रुपए गरम हो गये। आवक की कमी से शक्कर व खांडसारी की कीमतों में 100/400 रुपए प्रति क्विंटल का उछाल आ गया। किराना जिंसों में बिकवाली कमी से हल्दी 100 रुपए क्विंटल, सिंघाड़ा व चिरौंजी 5/50 रुपए किलो सुर्ख हो गये। त्योहारी मांग को देखते हुए छुहारा व गोला दोनों के भाव 1000 रुपए क्विंटल तेज बोले गये।

अनाज-दाल

सरकार द्वारा खुली बिक्री में गेहूं की 8000 टन बढ़ाकर 12 हजार टन कर दिये जाने एवं आटा मिलों की मांग कमजोर पड़ जाने के बाद गेहूं मिल डिलीवरी 75 रुपए गिरकर 3075/3080 रुपए तथा चक्की पहुंच के भाव 3090/3100 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गये। इसके विपरीत दाल मिलों की मांग बढने् व आयातक बिकवाली घटने से एसक्यू उड़द 150 रुपए बढ़ाकर 10250/30300 रुपए पर पहुंच गया। बिकवाल के अभाव में रंगूनी तुवर 75 रुपए बढ़ाकर 9800/9825 रुपए तथा विदेशी मटर 50 रुपए बढ़ाकर 5050/5100 रुपए प्रति क्विंटल हो गयी। कनाडा की मसूर भी पूछताछ आने से 100 रुपए तेज होकर 6100/6125 रुपए प्रति क्विंटल हो गयी। जबकि दाल मिलों की लिवाली कमजोर होने से राजस्थानी चना 75 रुपए गिरकर 7450/7475 रुपए रह गया। इसके समर्थन में चनादाल भी 50 रुपए मुलायम होकर 8450/8850 रुपए प्रति क्विंटल रह गयी।

तेल-तिलहन

तेल मिलों की मांग बढने् तथा स्टॉकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से सरसों 50 रुपए तेज होकर 9100/9150 रुपए प्रति क्विंटल के ऊंचे स्तर को छू गयी। आपूर्ति की कमी से सरसों तेल 200 रुपए सुर्खी लिये 18200 रुपए पर जा पहुंचा। रिफाइंड वालों की मांग से बिनौला तेल 200 रुपए बढ़ाकर 14600 रुपए क्विंटल बोला गया। विदेशों में सीपीओ के भाव 1235 डॉलर प्रति टन बोले जाने एवं आयातकों की बिकवाली लगातार कमजोर होने के चलते कांदला में इसके भाव 11700 रुपए प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। साबुन निर्माताओं की मांग होने तथा स्टॉकिस्टों की बिकवाली से सोया एसिड ऑयल के भाव 50/100 रुपए घटकर 9450/9500 रुपए प्रति क्विंटल रह गये।

गुड़-चीनी

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (एनएनएस) सरकार द्वारा नवंबर महीने के प्रथम पखवाड़े के दौरान 13 लाख टन का कोटा आवंटित किया गया है, लेकिन दिवाली मांग आने तथा हाजिर में माल की शॉर्टेज पड़ जाने के चलते मिल डिलीवरी चीनी 5600/6050 रुपए तथा हाजिर में इसके भाव 6100/6400 रुपए प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। हरियाणा की मिलों में इसके भाव 5400/5500 रुपए एक्स मिल बोले गये। उत्तर प्रदेश की मंडियों से आवक में कमी आने से शक्कर 100 रुपए बढ़ाकर 6200/6300 एवं खांडसारी भी 300/400 रुपए बढ़ाकर 6800/7000 रुपए प्रति क्विंटल बोली गयी। बिकवाली कमी के चलते गुड़ 5400/5700 रुपए प्रति क्विंटल पर मजबूत रहा।

किराना-मेवे

ग्राहकी निकलने तथा स्टॉकिस्टों की बिकवाली कमी से चिरौंजी 50 रुपए उछलकर 1450/1650 रुपए प्रति किलो हो गयी। बिकवाली की कमी के चलते सिंघाड़ा भी 5 रुपए बढ़ाकर 165/175 रुपए प्रति किलो कर दिया गया। हल्दी भी मांग बढने् से 100 रुपए बढ़ाकर इरोड गट्ठा 23500/23600 रुपए तथा सेलम फली के भाव 24500/29800 रुपए प्रति क्विंटल हो गयी। आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से छुहारा 1000 रुपए बढक़र 19000/29500 रुपए प्रति क्विंटल हो गया। दक्षिण भारत की मंडियों के तेज समाचारों से गोला 1000 रुपए बढ़ाकर 37000/46000 रुपए प्रति क्विंटल हो गया। इसका समर्थन पाकर गोला बुरादा 200 रुपए तेज होकर 7700/7900 रुपए प्रति 25 किलो हो गया।

सर्राफा बाजार

वैश्विक बाजारों के मंदे समाचार आने से स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना 2600 रुपए प्रति दसग्राम तथा चांदी में 4000 रुपए प्रति किलो की गिरावट दर्ज हुई।

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग द्वारा बांड की ब्याज दर 4.26 से बढ़ाकर 5.51 प्रतिशत किये जाने की खबर आने तथा निवेशकों की लिवाली, कीमती धातुओं में कमजोर पड़ गयी, जिससे सोना 3972 से घटकर 3876 डॉलर प्रति औंस रह गया। फलस्वरूप सोना 2600 रुपए टूटकर 141000 रुपए तथा स्टैण्डर्ड भाव 142100 रुपए प्रति दसग्राम रह गया। अठग्रामी गिन्नी भी 2000 रुपए घटकर 106000 रुपए रह गयी। वहीं विदेशों में चांदी भी 5065 की बजाय 4920 सेंट प्रति औंस रह जाने से चांदी हाजिर 4000 रुपए घटकर 186000 रुपए प्रति किलो रह गयी।

नई खबर...

समृद्धि, सौभाग्य और नई शुरुआत के प्रतीक सोनाटा गोल्ड कलेक्शन

सोनाटा लेकर आए हैं अपने सोनाटा गोल्ड कलेक्शन का नया रूप। खासतौर पर धनतेरस के लिए पेश किए गए इस कलेक्शन में शानदार डिज़ाइन और नए रंगों का संयोजन देखने को मिलता है। समृद्धि, सौभाग्य और नई शुरुआत के प्रतीक के रूप में सोने के महत्व को ध्यान में रखते हुए, यह कलेक्शन पारंपरिक त्योहारों को आधुनिक डिज़ाइन और रोज़मर्रा की उपयोगिता के साथ एक नया रूप देता है। अपनी बारीक कारीगरी के साथ, नया सोनाटा गोल्ड कलेक्शन आपके त्योहारों के लुक में चार-चांद लगा देगा। यह सोने के महत्व को ऐसी घड़ी के रूप में पेश करता है, जिसे आप त्योहारों के बाद भी पहन सकते हैं और हमेशा संजोकर रख सकते हैं। परंपरा और रोज़मर्रा की ज़रूरत का बेहतरीन संयोजन होने के कारण, यह कलेक्शन आपकी त्योहारों की खरीदारी को खास बना देगा। क्योंकि यह आपके अपने स्टाइल और त्योहार की भावना को एक साथ लाता है।

कोस्मो फर्स्ट वाराणसी में लेकर आए पीवीसी-फ्री ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स

कोस्मो फर्स्ट, अपने कोस्मो फिल्म्स बिज़नेस के माध्यम से, वाराणसी में लेकर आए हैं ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स- जो व्यवसायों, प्रिंटरों और साइनबोर्ड निर्माताओं को पारंपरिक पीवीसी-आधारित ग्राफिक फिल्मों का पीवीसी-मुक्त विकल्प प्रदान करती हैं। विज़ुअल अपील और मटीरियल इनोवेशन के संयोजन से डिज़ाइन किया गया यह प्रोडक्ट ऐसे ब्रांडिंग समाधानों की बढ़ती ज़रूरत को पूरा करता है, जो गुणवत्ता और प्रत्यास्थता के साथ ग्राफिक्स के ज़िम्मेदार विकल्प प्रदान करें। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, कोस्मो फिल्म्स के ग्लोबल बिजनेस हेड, श्री कुलभूषण मलिक ने कहा आजकल व्यवसाय केवल ब्रांडिंग मटीरियल के विज़ुअल अपील के दायरे से बढ़कर, इसकी बनावट, कार्यक्षमता और सस्टेनेबिलिटी को भी ध्यान में रखते हैं। ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स के साथ, हम मार्केट में एक नया और पीवीसी-रहित विकल्प ला रहे हैं, जो प्रिंट की बेहतरीन गुणवत्ता, लाईटवेट में कई फिनिश के विकल्प पेश करता है। इस समय ज़्यादातर व्यवसाय दिवाली की तैयारियों में जुटे हैं, ऐसे में वे विज़ुअल अपील के साथ कोई समझौता किए बिना त्योहारों के दौरान प्रमोशन के लिए नए-नए विकल्प आज़माना चाहते हैं।

सरकार ने कपास के शुल्क-मुक्त आयात की समयसीमा 31 दिसंबर तक बढ़ायी

नयी दिल्ली। सरकार ने घरेलू कपड़ा क्षेत्र में कपास की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कपास आयात पर सीमा शुल्क छूट दो महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2026 तक कर दी है। मई में कपास आयात को पांच महीने यानी 31 अक्टूबर, 2026 तक के लिए सीमा शुल्क से छूट दी गयी थी। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, इस विस्तार से कपड़ा और परिधान क्षेत्र में उत्पादन लागत कम होने की उम्मीद है। इससे कपड़ा बनाने वाली कंपनियों और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। साथ ही घरेलू किसानों के हितों का भी ध्यान रखा गया है। मंत्रालय ने कहा कि इस कदम से बाजार में कपास की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी जिससे घरेलू कपड़ा उद्योग, विशेषकर छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

उत्तर मध्य रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 REGD. No. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-यू.पी.-अ.-28102026-277487
CG-UP-E-28102026-277487
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II- खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5587] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 27, 2026/कार्तिक 5, 1948
No. 5587] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 19, 2026/KARTIKA 5, 1948

रेल मंत्रालय
[उत्तर मध्य रेलवे (निर्माण विभाग)]
अधिसूचना
प्रयागराज, 23 अक्तूबर, 2026

का.आ. 5812(अ).- केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि लोक प्रयोजन के लिए, वह भूमि, जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, उत्तर प्रदेश राज्य के **मिर्जापुर** जिले में विशेष रेल परियोजना, अर्थात् प्रयागराज - पं. दीन दयाल उपाध्याय, तीसरी रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना (150 किमी) के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है;

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर, उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (1) के अधीन उपरोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के संबंध में आक्षेप कर सकेगा;

प्रत्येक ऐसा आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, अर्थात्, **विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी मिर्जापुर (सिंचाई)** को लिखित में किया जाएगा और उसमें उसके आधार उपवर्णित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आक्षेपकर्ता को या तो व्यक्तिगत रूप से या विधि व्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी और जांच, यदि कोई हो, करने के पश्चात्, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा, या तो आक्षेपों को अनुज्ञात या अननुज्ञात कर सकेगा;

उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई आदेश अंतिम होगा;

इस अधिसूचना के अधीन आनेवाली भूमि का रेखांकन और अन्य ब्योरे उपलब्ध हैं और इच्छुक व्यक्ति द्वारा सक्षम प्राधिकारी के उपर्युक्त कार्यालय में उनका निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

उत्तर प्रदेश राज्य में विशेष रेल परियोजना पं0 दीनदयाल उपाध्याय - प्रयागराज के मध्य तीसरी लाइन निर्माण परियोजना के लिए **मिर्जापुर** जिले के **चुनार तहसील** में आने वाली अवसंरचना सहित या रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।

क्र. सं.	तहसील का नाम	गाँव का नाम	भूमि का प्रकृति	भूमि का प्रकार	खाता सं0	गाटा सं0	अर्जित क्षेत्रफल (हे0) में
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1	चुनार	उस्मानपुर	कृषि	निजी	130	116	0.2180
			कृषि	निजी	127	117	0.0250
			कृषि	निजी/सरकारी	84, 95, 138	118	0.0850
			कृषि	निजी	121	133	0.1260
			कृषि	निजी	121	163	0.1390
			कृषि	निजी	119	164	0.4560
						योग	1.0490
2	चुनार	दरगाह शरीफ	कृषि	निजी	डाटा नहीं	154	0.0140
			कृषि	निजी	169	156	0.0320
			कृषि	निजी	82, 111, 131,132, 161, 169, 249	157	0.3130
			कृषि	निजी	202	158	0.0160
			कृषि	निजी	135, 136, 169	159	0.2720
			कृषि	निजी	169	160	0.0130
			कृषि	निजी	201	161	0.0700
						योग	0.7300
3	चुनार	फुलवारी	कृषि	निजी	35, 66	60	0.2600
			कृषि	निजी	51, 64	80	0.0520
			कृषि	निजी/सरकारी	51, 64, 75	81	0.0720
			कृषि	निजी/सरकारी	51, 74, 71, 73	82	0.1450
			कृषि	निजी/सरकारी	78, 85	96	0.2100
			कृषि	निजी/सरकारी	05, 04, 21, 22, 22, 28, 29, 30, 33, 44, 57, 57, 78, 79, 80, 86,75	116	0.2000
						योग	0.9390
4	चुनार	समसपुर	कृषि	निजी	183	369	0.1760
			कृषि	निजी	183	365	0.0440
			कृषि	निजी	226	370	0.0380
			कृषि	निजी	226	371	0.1900
			कृषि	निजी	226	374	0.0680
						योग	0.5160
						महायोग	3.2340

अविनाश कुमार, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सिंचाई), मिर्जापुर
अजीत सिंह यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/प्रयागराज
2469/26 (PH)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

मुक्त व्यापार समझौतों से 85 लाख करोड़ डालर के बाजार तक पहुंचेगा भारत- गोयल

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत के व्यापार समझौतों से आने वाले वर्षों में 85 लाख करोड़ डॉलर के संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वाले देशों में भारतीय वस्तुओं और सेवाओं को तरजीही पहुंच मिलेगी। ऐसे में उद्योग जगत को बड़े घरेलू बाजार पर निर्भर रहने के बजाय वैश्विक बाजारों में विस्तार के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारत ने जिन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) लागू किए थे, उनका कुल जीडीपी 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर था। गोयल ने फेस्टिवल ऑफ आइडियाज के चौथे संस्करण में कहा कि पिछले साढ़े चार साल में सरकार ने नौ व्यापार समझौते किए हैं, जिनमें 38 विकसित देश शामिल हैं। इन देशों का कुल जीडीपी 60 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। उन्होंने कहा कि भारत फिलहाल सात से आठ और व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। इनके लागू होने से 15 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के अतिरिक्त बाजार तक भारतीय वस्तुओं और सेवाओं की तरजीही पहुंच होगी।

कार्यालय-उपनिदेशक (नि.)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.
नवीन मण्डी स्थल, पहड़िया वाराणसी

पत्रांक-उ.नि.(नि.)/वाराणसी/निविदा /2026-1126 दिनांक-31.10.2026

ई-प्रोक्यूरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निर्माण खण्ड मण्डी परिषद वाराणसी क्षेत्रान्तर्गत जनपद-गाजीपुर मण्डी समिति-युसूफपुर में निविदा अनुभवी तथा मण्डी परिषद में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ ठेकेदारों से अलग-अलग तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक-21.11.2026 को आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाइट www.etender.up. nic.in पर दिनांक-13.11.2026 के पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक-20.11.2026 के सायं 5.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। कार्य की निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 21.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे खोली जायेगी। तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त ही वित्तीय बिड खोली जायेगी।

क्र सं	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रू. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित (18% जी.एस.टी. सहित)	धरोहर धनराशि (लाख रू.में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी	निविदा की वैधता
1	2	3	4	5	6	7	8
मण्डी समिति युसूफपुर							
1	नवीन मण्डी स्थल युसूफपुर (गाजीपुर) में कार्यालय भवन का मरम्मत एवं रंगाई-पुताई, 20 नग "स" श्रेणी दुकानों की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई, चहारदीवारी की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई, आन्तरिक मार्ग का हाटमिक्स पद्वति से मरम्मत/सुदृढ़ीकरण, 03 नग नग 500 एम.टी. क्षमता के गोदाम की ए.सी. शीट के स्थान पर प्रोफाईल शीट लगाने एवं रंगाई-पुताई इत्यादि के कार्य, 01 नग मीटिंग हॉल का निर्माण, सचिव कार्यालय के चारो तरफ एवं रोड व नाली के मध्य विकास कार्य, आन्तरिक नालियों का निर्माण, 02 नग वाटर स्टोरेज टैंक (04 किलो लीटर प्रति नग) का निर्माण तथा जलापूर्ति हेतु पाईप-लाईन के निर्माण कार्य। 2026_RKUMP_1203539_1	451.42	29500.00	24.60	12 माह	"अ"	03 माह

विशेष शर्ते-

1. धरोहर धनराशि का मूल्य (जी.एस.टी. सहित) उप निदेशक (निर्माण) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद वाराणसी के भारतीय स्टेट बैंक पहड़िया शाखा के खाता संख्या-30394570557 आई.एफ.एस.सी. कोड संख्या SBIN0002598 एवं निविदा का मूल्य खाता संख्या 30394555461 आई. एफ.एस.डी. कोड संख्या SBIN0002598 उप निदेशक (निर्माण) वाराणसी के नाम से अलग-अलग आर.टी.जी.एस. करना होगा। जिसका बैंक से सत्यापित यू.टी.आर. नं. हार्ड कापी में उपलब्ध कराना होगा एवं अपलोड भी करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र व धरोहर राशि का मूल्य राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद वाराणसी के सम्बन्धित खाते में न प्राप्त होने या ससमय से प्राप्त न होने की दशा में विभाग की कोई जिम्मेदारी नही होगी व निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
2. निविदा प्रपत्र में दी गयी शर्तो की अर्हता पूरी न करने वाली निविदा पर विचार नही किया जायेगा और निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
3. निविदा की समस्त प्रमाण पत्रों निविदादाता फर्म/प्रोपराईटर जो लागू हो, के नाम का आधार, पैन (साझेदार फर्म की दशा में फर्म के नाम), फर्म के नाम का लेटर पैड, टी-4, टी-5 अपलोड करते समय टी-4, टी-5 एवं टी-6 को नोटरी के साथ सत्यापित कर मूलरूप वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र विगत 05 वर्षो का प्रमाणित सी.ए. द्वारा निर्गत टर्न ओवर जो सिविल वर्क्स से ही सम्बन्धित हो एवं S.B.D के अनुसार विगत 05 वर्ष में किये गये कार्यो का सक्षम स्तर से निर्गत समान प्रकृति का अनुभव प्रमाण पत्र एवं मण्डी परिषद में या किसी अन्य निर्माण संस्था में वर्तमान में निर्माणाधीन कार्यो स्वीकृत एवं स्वीकृति हेतु विचाराधीन कार्यो के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप पर घोषणा को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। वर्णित अभिलेखों में कमी पाये जाने या अन्यथा की दशा मे निविदा तकनीकी रूप से अनुपयुक्त मानी जायेगी।
4. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ पंजीकरण श्रेणी के अनुरूप टी एण्ड पी एवं मशीनरी का विवरण फर्म द्वारा तकनीकी स्टाफ के होने की घोषणा (वेतन विवरण सहित) व तकनीकी कर्मी द्वारा शपथपत्र निर्धारित प्रारूप पर तथा निविदा योग्यता से सम्बन्धित समस्त मूल प्रपत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
5. समस्त निविदा प्रपत्र को निविदादाता द्वारा हार्ड कापी निविदा के अन्य प्रपत्र के साथ कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
6 शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार जी.एस.टी. एवं श्रम उपकर सेस के सम्बन्ध में कार्यवाही की जायेगी। सम्बन्धित ठेकेदार को नियमानुसार श्रम विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता मण्डी परिषद आदेश पत्रांक मु. अभि.ग्रेड-2/(1168/भाग-4/2005) /2022-'1190 में उल्लेखित बिड कैपेसिटी के अनुरूप ही निविदा में प्रतिभाग कर सकता है जिसका घोषणा शपथपत्र पर करना अनिवार्य है।
8. निविदादाता बार कांउसिलिंग का सदस्य नही होना चाहिए। जिसके लिए निविदादाता को शपथपत्र पर घोषणा करना अनिवार्य होगा।
9. वेबसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किये गये प्रपत्रों से किसी भी तरह की विभिन्नता की स्थिति में कार्यालय में अनुरक्षित निविदा प्रपत्र की मूल प्रति ही मान्य होगी।
10. एक या समस्त निविदा निविदादाता को बिना अवगत कराये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार उप निदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद वाराणसी को होगा।
11. निविदा प्राप्त करने की तिथि को यदि अवकाश हुआ तो अगले कार्य दिवस में निविदा प्राप्त की जायेगी एवं खोली जायेगी।
12 शेष नियम शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी व पढ़ी जा सकती है।
13 कार्य क्षमता से अधिक लागत की निविदा न डाली जाय। अन्यथा निविदा अस्वीकार मानी जायेगी।
14 परिषद आदेश पत्रांक मु.-अभि. (पंजी.नि.-1168-भाग-4)-2023-217 दिनांक-29.05.2023 द्वारा निर्देश दिया गया है कि मण्डी परिषद के निर्माण खण्ड में "द" श्रेणी में पंजीकृत (अनुभव विहीन) ठेकेदार रू. 20.00 लाख से अधिक लागत के कार्यो हेतु आमंत्रित निविदा में प्रतिभाग नही कर सकते है।
15. यह निविदा उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग की मानक बोली दस्तावेज (Standard Bidding Document) T-1/T-2 तथा उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद लखनऊ द्वारा निर्गत नवीनतम शासनाद. `शो कार्यालय आदेशों एवं तकनीकी दिशानिर्देशों के पूर्ण अनुपालन में आमंत्रित की जा रही है।
16. यदि निविदा दस्तावेजो, SBD शर्तो एवं परिषद मुख्यालय द्वारा निर्गत निर्देशों में किसी प्रकार की भिन्नता/विरोधाभास/ अस्पष्टता पाई जाती है तो उस स्थिति में परिषद मुख्यालय के नवीनतम आदेश एवं प्रासंगिक SBD प्रावधानों को वरीयता प्रदान की जाएगीं ।
17. सभी निविदाकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे निविदा भरने से पूर्व सभी शर्तो निर्देशों एवं प्रावधानों का भली भांति अध्ययन कर ले। शर्तो की अवहेलना अथवा अपूर्ण जानकारी के आधार पर भविष्य में कोई दावा मान्य नही होगा।

(एस.के. वर्मा)
उप निदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद वाराणसी

पत्रांक-उ.नि.(नि.)/वाराणसी/निविदा /2026-1127 दिनांक-31.10.2026

उत्तर मध्य रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 REGD. No. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-यू.पी.-अ.-28102026-277488
CG-UP-E-28102026-277488
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3 - उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5588] नई दिल्ली,मंगलवार, अक्तूबर 27, 2026/कार्तिक 1948
No. 5588] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 27, 2026/KARTIKA 5, 1948

रेल मंत्रालय
[उत्तर मध्य रेलवे (निर्माण विभाग)]
अधिसूचना
प्रयागराज, 23 अक्तूबर, 2026

का.आ 5813 (अ).- केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है)की धारा 20क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात कि लोक प्रयोजन के लिए, वह भूमि, जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, उत्तर प्रदेश राज्य के मिर्जापुर जिले में विशेष रेल परियोजना, अर्थात् प्रयागराज पं दीन दयाल उपाध्याय, तीसरी रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना (150 किमी)' के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है;

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर, उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (1) के अधीन उपरोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के संबंध में आक्षेप कर सकेगा;

प्रत्येक ऐसा आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, अर्थात्, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी मिर्जापुर (सिंचाई) को लिखित में किया जाएगा और उसमें उसके आधार उपवर्णित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आक्षेपकर्ता को या तो व्यक्तिगत रूप से या विधि व्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी और जांच, यदि कोई हो, करने के पश्चात, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा,या तो आक्षेपों को अनुज्ञात या अननुज्ञात कर सकेगा;

उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई आदेश अंतिम होगा,

इस अधिसूचना के अधीन आनेवाली भूमि का रेखांकन और अन्य ब्योरे उपलब्ध हैं और इच्छुक व्यक्ति द्वारा सक्षम प्राधिकारी के उपर्युक्त कार्यालय में उनका निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

उत्तर प्रदेश राज्य में विशेष रेल परियोजना पं0 दीनदयाल उपाध्याय - प्रयागराज के मध्य तीसरी लाइन निर्माण परियोजना के लिए मिर्जापुर जिले के सदर तहसील में आने वाली अवसंरचना सहित या रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।

क्र.सं.	तहसील का नाम	गाँव का नाम	भूमि का प्रकृति	भूमि का प्रकार	खाता सं0	गाटा सं0	अर्जित क्षेत्रफल (हे0) में
1	सदर	गोंडसर सरपती	कृषि	निजी	65, 107	759	0.0100
						योग	0.0100
2	सदर	जासा बघौरा	कृषि	निजी	430	1003	0.0260
			कृषि	निजी	451	1004	0.0500
						योग	0.0760
3	सदर	मुल्लहवा	कृषि	निजी	91, 255	181	0.0800
						योग	0.0800
						महायोग	0.1660

अविनाश कुमार, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सिंचाई), मिर्जापुर
अजीत सिंह यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/प्रयागराज
2468/26 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

पत्रांकः 752 ई/ ई एडमिन /रि-इंगेजमेंट/2026 दिनांकः- 29.10.2026

अधिसूचना

विषयः - सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को प्रयागराज मण्डल में मासिक पारिश्रमिक आधार पर पुनर्नियोजित (Re-engagement) किये जाने के संबंध में।

रेलवे बोर्ड के पत्र सं. E(NG) II/2024/RC-4/9 dated 15.10.2024 (RBE No. 96/2024), & dated 20.06.2025 (RBE No. 55/2025) एवं प्रधान कार्यालय, सूबेदारगंज (प्रयागराज) के पत्र संख्या NCRHQOPERS(ESTT)/56/2026-0/o Dy. CPO/HQ/NCR दिनांक 29.10.2026 के अनुपालन में, सक्षम अधिकारी के अनुमोदन उपरान्त **प्रयागराज मण्डल के सामान्य प्रशासन विभाग** में रिक्त पद पर सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को मासिक पारिश्रमिक के आधार पर पुनर्नियोजित किया जाना है। सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों से निम्नलिखित शर्तों के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक उम्मीदवार अपना पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन दिनांक 06.11.2026 तक या उससे पूर्व ई एडमिन अनुभाग में, आर.एण्ड डी. अनुभाग के माध्यम से मण्डल रेल प्रबंधक (कार्मिक), प्रयागराज को भेज सकते हैं।

रिक्तियों का विवरणः-

SN	Department	Post/Category	G.P./Level	Vacancy
1	General Admin	वरिष्ठ आशुलिपिक (Sr. Stenographer)	जीपी-4200/लेवल-6	01

पुनर्नियोजन हेतु निर्धारित नियम एवं शर्तें (Terms and Conditions):- उपर्युक्त पद हेतु रेल सेवा से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को पुनर्नियोजन के लिए रेलवे बोर्ड एवं मुख्यालय, प्रयागराज द्वारा निर्धारित निम्नलिखित शर्तें पूर्ण करने के उपरांत ही पुनर्नियोजन हेतु विचार किया जाएगा। **(i)** सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पुनर्नियोजन की योजना प्रारंभ में 02 वर्ष की अवधि तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) लागू रहेगी। सेवानिवृत्त कर्मचारियों की व्यक्तिगत नियुक्ति प्रारंभ में 01 वर्ष की होगी। पुनर्नियोजित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के संतोषजनक कार्य के आधार पर, उनकी नियुक्ति अवधि को 01 वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो)बढ़ाया जा सकता है। **(ii)** उपरोक्त पद से सेवानिवृत्त कर्मचारी निर्धारित प्रारूप पर उक्त योजना के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। पे लेवल-6 के रिक्त अराजपत्रित पद को भरने के संबंध में उन रेल सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आमंत्रित किया जाता है जो उसी कैडर/श्रेणी के पदों से सेवानिवृत्त हुए हों, जो उस पद से तीन स्तर ऊपर तक के हों। उपयुक्त पाये जाने पर उच्च वेतन स्तर (Higher Pay Level) से सेवानिवृत्त उम्मीदवारों को प्रथम प्राथमिकता दी जायेगी। (आवेदन का प्रारूप संलग्न है।) **(iii)** अधिकतम आयु सीमाः पुनर्नियोजन हेतु अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष तक होगी। **(vi)** प्रशासन को यह अधिकार होगा कि जिन पुनर्नियोजित सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कार्य /व्यवहार संतोषजनक नहीं होने पर पुनर्नियोजन की अवधि पूर्ण होने से पूर्व ही उनकी सेवायें 07 दिन का नोटिस देकर समाप्त की जा सकती हैं। इसी प्रकार पुनर्नियोजित सेवानिवृत्त कर्मचारी को भी अपनी सेवा समाप्त करने से पूर्व 07 दिन का नोटिस देना होगा। **(V)** अनुशासनात्मक कार्यवाही के परिणामस्वरूप रिमूव (Removed), डिसमिसल (Dismissed), अनिवार्य सेवानिवृत्ति (Compulsory Retirement) एवं लार्जेस (LARGESS) के अन्तर्गत सेवानिवृत्त कर्मचारी पुनर्नियोजन के आवेदन हेतु पात्र नहीं हैं। **(vi)** रेलवे बोर्ड के पत्र सं0 E(NG)II/2024/RC-4/9 दिनांक 15.10.2024 (आरबीई सं0 96/2024) के अनुसार पुनर्नियोजित सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अनुबंध अवधि के दौरान पारिश्रमिक के रूप में एक निश्चित मासिक राशि देय होगी। इस अनुबंध अवधि में निर्धारित पारिश्रमिक की राशि अपरिवर्तित रहेगी। पुनर्नियोजित सेवानिवृत्त कर्मचारी को अनुबंध अवधि के दौरान कोई भी वार्षिक वेतन वृद्धि, मँहगाई भत्ता (DA),एचआरए (HRA) आदि देय नहीं होगी। **(vii)** सेवानिवृत्त कर्मचारी को पुनर्नियोजन के सभी नियमों और शर्तों का पालन करने के लिए एक अनुबंध (Agreement Contract) निष्पादित करना होगा। **(viii)** चिकित्सा परीक्षा :- सेवानिवृत्त कर्मचारी को पुनर्नियोजन चयन के लिए निर्धारित कैटेगरी/पद की मेडिकल परीक्षा को पास करना आवश्यक होगा। **(ix)** चयन एवं मूल्यांकन पद्धतिः प्राप्त आवेदनों की उपयुक्तता /योग्यता का निर्धारण संबंधित नामित समिति द्वारा उनके पुनर्नियोजन से पहले व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। पुनर्नियोजन से पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सेवा रिकॉर्ड को भी देखा जा सकता है। **(x)** पुनर्नियोजित सेवानिवृत्त कर्मचारी की ड्यूटी की अवधि 08 घण्टे या आवश्यकतानुसार निर्धारित होगी। एक दिन के साप्ताहिक अवकाश के साथ प्रशासन द्वारा कार्यों की आवश्यकता के अनुसार ड्यूटी में परिवर्तन किया जा सकता है। (xi) पुनर्नियोजित कर्मचारी को प्रत्येक माह की सेवा पूर्ण करने पर 1.5 दिन का अवकाश देय होगा। कैलेण्डर वर्ष की समाप्ति पर इस अवकाश को संचित नहीं किया जायेगा। **(xii)** आरआरबी अथवा अन्य माध्यमों (पदोन्नति) से नियमित अभ्यर्थियों के कार्यग्रहण करने पर पुनर्नियोजित सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पुनर्नियोजन तुरन्त प्रभाव से समाप्त कर दिया जायेगा। **(xiii)** आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-हस्ताक्षरित प्रति संलग्न करना अनिवार्य हैः- **(अ)** सेवा प्रमाण-पत्र (Service Certificate) **(ब)** पेंशनर पहचान पत्र (Pensioner Identity Card) **(स)** पेंशन भुगतान आदेश (PPO) **(द)** अंतिम पाँच वर्षों की एपीएआर (APAR) जिसमें कम से कम 'अच्छा' (Good) ग्रेडिंग हो। **(xiv)** पुनर्नियोजन हेतु जारी अधिसूचना, पदों का विवरण एवं निर्धारित शर्तें उत्तर मध्य रेलवे की आधिकारिक वैबसाइट **www.ncr.indianrailway.gov.in.** पर देखी जा सकती है। अतः इच्छुक सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी अपना पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र (एनेक्ज़र-ए) अंतिम तिथि **06.11.2026** तक ई एडमिन अनुभाग में,आरएण्डडी अनुभाग के माध्यम से मण्डल रेल प्रबंधक (कार्मिक), ई एडमिन अनुभाग, उत्तर मध्य रेलवे, नवाब यूसुफ रोड, प्रयागराज मण्डल (उ0प्र0) पिन कोड 211001 के पते पर भेज सकते हैं। अंतिम तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जायेगा।

सहायक कार्मिक अधिकारी
कृते मण्डल रेल प्रबंधक (कार्मिक)
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज
2476/26 (D)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

शार्ट-सर्किट से दुकान में लगी आग, सामान जलकर राख

पट्टीनरेंद्रपुर चौराहे पर सुबह दुकान से धुआं उठता देख मची अफरा-तफरी

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के पट्टी नरेंद्रपुर चौराहे पर शार्ट सर्किट से एक दुकान में आग लग गई। हादसे में दुकान में रखा करीब 80 फीसदी सामान जलकर नष्ट हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार सुलतानपुर जिले के करौंदीकला थाना क्षेत्र के अमिलिया गांव निवासी शुभम कुमार चतुर्वेदी की पट्टी नरेंद्रपुर बाजार में शुभम इंटरप्राइजेज के नाम से किराये के भवन में इलेक्ट्रिक पार्ट्स की दुकान है। शुक्रवार की शाम करीब सात बजे वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार की सुबह बाजार के दुकानदार हवलदार मौर्य ने फोन कर दुकान से धुआं निकलने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही शुभम अपने भाई सत्यम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां दुकान से धुआं उठ रहा था और काफी संख्या में स्थानीय लोग जुटे थे। लोगों की मदद से दुकान का ताला खोलकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा लगभग 80 फीसदी सामान जलकर नष्ट हो चुका था। दुकानदार शुभम चतुर्वेदी ने बताया कि आग लगने से लगभग 8 लाख कीमत का सामान जलकर राख हो गया है। चौकी प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शार्ट सर्किट से दुकान में आग लगी है, मामले की छानबीन की जा रही है।

सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प, निकली जन एकता यात्रा

राष्ट्रवादी नौजवान सभा की यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज से तिलकधारी महाविद्यालय तक गूंजे एकता के नारे



जौनपुर। राष्ट्र की एकता, अखंडता और सशक्त भारत के निर्माण में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए राष्ट्रवादी नौजवान सभा की ओर से शनिवार को उनकी जयंती के अवसर पर भव्य जन एकता यात्रा-2026 निकाली गई। यात्रा में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही दूरदराज के इलाकों से पहुंचे लोगों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया।

यात्रा का शुभारंभ मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के मैदान से हुआ। यहां से निकली यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए तिलकधारी महाविद्यालय परिसर स्थित महाराणा प्रताप व्यायामशाला पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल लोगों के उत्साह और जोश से माहौल राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने तथा देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पूर्व सांसद धनंजय सिंह एवं विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। देश की एकता और मजबूती के लिए सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।

राष्ट्रवादी नौजवान सभा कोई राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि युवाओं को राष्ट्रहित, सामाजिक एकता और सकारात्मक सोच के प्रति जागरूक करने वाला संगठन है। सरदार पटेल का जीवन हमें आपसी भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र की मजबूती के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता से देश की रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की मजबूत नींव रखी थी। उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। इस मौके पर विनय सिंह प्रमुख, केडी सिंह प्रमुख, नवीन सिंह, राणा प्रताप सिंह, अब्दुल्ला तिवारी, दुर्गेश सिंह, डॉ. अब्बासी, शैलेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

ग्रीन वैली इंग्लिश स्कूल में उत्साहपूर्वक मना राष्ट्रीय एकता दिवस

विद्यार्थियों ने लगायी एकताकी दौड़

केराकत। ग्रीन वैली इंग्लिश स्कूल में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी भाईचारे और देशभक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) रहा, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर से थानागद्दी चौराहे तक दौड़ लगाई।

विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ इस आयोजन में सहभागिता करते हुए समाज को एकता, सद्भाव और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों एवं विचारों से प्रेरित किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रीय एकता



की शपथ लेकर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं उनमें राष्ट्रीय चेतना विकसित करने के उद्देश्य से विशेष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, उनके ऐतिहासिक योगदान तथा भारत के एकीकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं ज्ञान का प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. राकेश सिंह ने इस आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और आपसी सद्भाव के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की कोऑर्डिनेटर निशात परवीन के साथ योगेश गुप्ता, तरुण श्रीवास्तव, प्रथमेश शर्मा, निवेदिता सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। शिक्षकगण ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय का यह आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक समरसता और एकजुटता की भावना विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल रहा। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि देश की वास्तविक शक्ति उसकी एकता में निहित है और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्र की अखंडता एवं एकता को बनाए रखने में अपना योगदान दे।

सीडीओ की पहल लाई रंग, चला सफाई अभियान

हर शनिवार चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान, 50 सफाईकर्मियों की टास्क फोर्स ने संभाली कमान

खुटहन। गांवों और सार्वजनिक



स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में प्रशासन की पहल धरातल पर दिखने लगी है। मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जनपद के प्रत्येक विकासखंड में गठित 50 सफाईकर्मियों की क्लीनिंग टास्क फोर्स ने शनिवार को पट्टी नरेंद्रपुर चौराहे और गौशाला परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया। प्रशासन की ओर से गठित यह टास्क फोर्स प्रत्येक शनिवार को चिह्नित गंदे एवं उपेक्षित स्थलों पर साफ-सफाई करेगी। इसी क्रम में कर्मचारियों ने दोनों स्थलों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। मुख्य विकास अधिकारी की इस पहल की ग्रामवासियों ने सराहना करते हुए इसे स्वच्छ वातावरण बनाने की दिशा में सराहनीय कदम बताया। अभियान के दौरान नोडल अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अजय मिश्रा उपस्थित रहे।

आधार सेवाओं में लापरवाही पर होगी कारर्वाई

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. के निर्देशन में शनिवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के आधार नामांकन तथा 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट की प्रगति की समीक्षा की गई। सीडीओ ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि आधार नामांकन और बायोमेट्रिक अपडेट के कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा किया जाए। इसके लिए विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराए गए आधार ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा आमजन को इसकी सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने आधार केंद्रों की नियमित जांच एवं निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि फर्जी आधार केंद्र संचालित करने, धोखाधड़ी करने अथवा आधार डेटा से छेड़छाड़ करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने सहित कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आधार सेवाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्राचार्य के पिता के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

समाजसेवा और इंसानियत की मिसाल शमीम अहमद को नम आंखों से अंतिम विदाई

जौनपुर। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान के पिता शमीम अहमद इब्ने नूरुद्दीन खान के इंतकाल से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। 85 वर्ष की आयु में दुनिया से रुख्सत हुए मरहूम शमीम अहमद को शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2026 को जोहर की नमाज़ के बाद ग्राम उत्तर पट्टी, पोस्ट बघैला, मल्हनी बाजार, विकासखंड करंजाकला, जनपद जौनपुर स्थित पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस अवसर पर उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, मित्रों, शुभचिंतकों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ-साथ विभिन्न धर्मों, जातियों एवं समुदायों के लोगों ने उपस्थित होकर मरहूम के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। माहौल बेहद गमगीन और भावुक रहा तथा लोगों



ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। मरहूम शमीम अहमद एक नेकदिल, मिलनसार, मददगार और इंसानियत को महत्व देने वाले व्यक्ति थे। दूसरों के दुःख-दर्द को समझना, जरूरत के समय उनके काम आना और सभी के साथ प्रेम एवं अपनापन बनाए रखना उनके व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषताएं थीं। उनके इंतकाल पर विभिन्न धर्मों, जातियों और समुदायों के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल पेश की। लोगों की मौजूदगी और भावुक माहौल ने यह साबित किया कि इंसान अपने अच्छे व्यवहार, नेक कार्यों और दूसरों की मदद के जरिए समाज के दिलों में विशेष स्थान बनाता है। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज परिवार ने भी मरहूम के इंतकाल पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और दिवंगत के लिए दुआ-ए-मगफिरत की। अल्लाह तआला से दुआ की गई कि वह मरहूम की मगफिरत फरमाए, उनकी कब्र को नूर से मुनव्वर करे, उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मकाम अता फरमाए तथा परिवार के सभी सदस्यों को इस अपार दुःख को सहन करने के लिए सब्र-ए-जमील प्रदान करे।

९० टीबी मरीजों को वितरित किया पोषाहार

जौनपुर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति के मुख्यालय गौरीशंकर मंदिर, सिंगरामऊ परिसर में 90 टीबी मरीजों को पोषाहार वितरित किया गया। पोषाहार वितरण संस्था प्रमुख डॉ. अंजू सिंह एवं संस्था के सहयोगियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसटीएस तरुण कुमार ने टीबी के लक्षणों, बचाव



और सरकार द्वारा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी मरीजों को टीबी मुक्त भारत ऐप डाउनलोड कराया। साथ ही इच्छुक लोगों को अभियान से जोड़ते हुए वालंटियर के रूप में पंजीकृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुमार अनुज सिंह ने किया। इस मौके पर लालमणि मिश्रा, तौकीर अहमद, उषा यादव, किरण यादव, किरण सरोज, सद्दाम हुसैन और सूरज गौतम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

डीएम-एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने शनिवार को जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जेल अधीक्षक भी मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल की बैरकों, भोजनालय, चिकित्सालय, मुलाकाती कक्ष, सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की जांच की। उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उनके भोजन, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही जेल के अभिलेखों, सुरक्षा उपकरणों और साफ-सफाई की व्यवस्था का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को कारागार की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, नियमित निगरानी करने तथा बंदियों को नियमानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इंदिरा गांधी, पूर्व विधायक को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह डब्बू के नेतृत्व में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा, बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेसजन

जौनपुर। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं जनपद रारी विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय तेज बहादुर सिंह की पुण्यतिथि पर शनिवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह डब्बू के नेतृत्व में किया गया। सभा में वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के देश के प्रति योगदान, उनके साहसिक नेतृत्व और ऐतिहासिक निर्णयों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखते हुए अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण



फैसले लिए। उनका राजनीतिक जीवन संघर्ष, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। देश के विकास और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मजबूत पहचान स्थापित करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं, पूर्व विधायक स्वर्गीय तेज बहादुर सिंह को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने जनसेवा और क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका सार्वजनिक जीवन और सामाजिक सरोकार हमेशा याद किए जाते रहेंगे।

उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से कांग्रेसजनों ने उनके विचारों और जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर सिंह, छोटे लाल यादव, पूर्व कलेक्ट्रेट बार अध्यक्ष मनोज मिश्रा, लाल बहादुर यादव, प्रमोद मिश्रा, शशांक तिवारी, अली अंसारी सब्बल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

वीडियो चुराकर वायरल करने की धमकी, मुकदमा

मछलीशहर। मोबाइल रिपेयरिंग के दौरान निजी वीडियो चुराकर वायरल करने की धमकी और पैसे मांगने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जमूहर बरैया निवासी दिलीप कुमार बिंद ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर जमुहर बजार मोबाइल की दुकान चलाने वाले विकास बिंद पर आरोप लगाया कि मरम्मत के दौरान मोबाइल में रखा निजी वीडियो चुरा लिया और 20 हजार रुपये मांगते हुए वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करें युवा-जितेंद्र बहादुर सिंह

सरदार पटेल के त्याग और अनुशासन से प्रेरणा लें विद्यार्थी-वाइसचांसलर

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक, लखनऊ के चेयरमैन जितेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आज के इस दौर में, जब देश को वैचारिक और सामाजिक एकता की सबसे अधिक आवश्यकता है, सरदार पटेल के विचार और आदर्श हमारे लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश पुंज की तरह हैं। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने भीतर के सामर्थ्य को पहचानना चाहिए और अनुशासन के साथ 'राष्ट्र-प्रथम' की भावना को अपने आचरण में उतारना चाहिए। सरदार पटेल के दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम अपनी मेहनत और निष्ठा से एक भारत, श्रेष्ठ



भारत के महान संकल्प को साकार कर सकते हैं। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने की। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम में तमाम कठिनाइयां सहते हुए भी देशहित के प्रति अपना समर्पण हमेशा बनाए रखा। उनका त्याग आज की युवा पीढ़ी को यह सिखाता है कि बड़े उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए धैर्य, अनुशासन और व्यक्तिगत सुविधाओं से ऊपर उठकर कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल से प्रेरणा लेकर विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत बनाए रखें, पूरी ईमानदारी से अध्ययन करें और अपने अर्जित ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई के लिए करें। प्रो. अजय प्रताप सिंह, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. अनुराग मिश्र समेत विभिन्न संकायों के शिक्षक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर-बाइक की भिड़ंत, महिला की मौत, चालक फरार

गौराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव के पास शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान पिलखिनी गांव निवासी चंद्रकला (36 वर्ष), पत्नी अनिल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अनिल अपनी पत्नी चंद्रकला के साथ मोटरसाइकिल से गौराबादशाहपुर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान पिलखिनी गांव के पास पुलिया लदे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में चंद्रकला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ट्रैक्टर को थाने ले गई, जबकि हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

एक नज़र इधर भी

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, सदस्य दो को आयेंगे जनपद

जौनपुर। उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यगण दो नवंबर को जनपद के भ्रमण पर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोग के अध्यक्ष व सदस्य सुबह 10 से 10:30 बजे तक जिलाधिकारी से मुलाकात कर जनपद द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के संबंध में चर्चा करेंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक अन्य पिछड़ा वर्ग की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी। वहीं दोपहर तीन से पांच बजे तक एक विकास खंड का भ्रमण कर बैठक की जाएगी। आयोग के इस दौरे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

दो पहले ही गिरफ्तार कर भेजे जा चुके हैं जेल

पवांरा। पुलिस ने दहेज हत्या से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके पहले ही दो अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार रीता देवी पत्नी स्व. रामसेवक गौतम निवासी-नरायनपुर खुर्द थाना-फतनपुर जिला-प्रतापगढ़ द्वारा लिखित सूचना दिया गया था कि उसकी पुत्री सविता को उसके पति व ससुरालीजनों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करते हुए मार डाला गया है। जिसके संबंध में पुलिस ने धारा 80(2), 85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था और पुलिस दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी थी। एक अभियुक्त बनवारी लाल पुत्र शंकर गौतम निवासी-सोंगरा थाना-पवांरा, जौनपुर जो वांछित चल रहा था, जिसे शनिवार की दोपहर मुखबिर खास की सूचना वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने कान्सटेबल रोहित यादव, कान्सटेबल रामनिवास यादव के साथ उसे उचौरा तिराहे से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

कब्जे के विरोध में महिला सहित भाई को पीटा

बरसठी। थाना क्षेत्र के कारो बनकट (राजाबाजार) गांव में कमरे पर कब्जे के विरोध में महिला और उसके भाई की पिटाई का मामला सामने आया है। संगीता सोनी ने तहरीर में आरोप लगाया कि 29 अक्टूबर की रात शिव आसरे सोनी, करन, अर्जुन, अमन और खुशी सोनी उसके कमरे पर कब्जा करने पहुंचे। विरोध करने पर मारपीट की और वीडियो बनाने पर मोबाइल तोड़ दिया। बचाव में पहुंचे उसके भाई को लाठी-डंडों से पीटकर सिर फोड़ दिया। आरोप है कि महिला को भगाकर कमरे में ताला लगा दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पांचों नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है

खंड विकास अधिकारी ने गौशाला का किया निरीक्षण

सुजानगंज। शनिवार को खंड विकास अधिकारी सुजानगंज हरिओम गुप्ता द्वारा सुजानगंज विकास खंड में स्थित बाबूरामपुर, बेरमांव, भैसहारामपुर के गौशालाओं का निरिक्षण किया गया। जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी ने बताया कि गौशालाओं में भूंसा चारा, पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण रही तथा सभी गौशालाओं में साफ सफाई और गोवंशो को ठंड से बचाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं भैसहां रामपुर गौशाला में तेज हवा से क्षतिग्रस्त टीनशैड को तुरंत बदलने का निर्देश दिया गया। इस दौरान जेई सुखनाथ सिंह, ग्राम सचिव भी उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि पर वितरित की पठन-पाठन सामग्री

जफराबाद। पूर्व विधायक स्वर्गीय तेज बहादुर सिंह की 13 वीं पुण्यतिथि पर एसएनबी इंटर कॉलेज कजगांव में एक श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 150 छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन सामग्री वितरित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक के पुत्र सुरेंद्र वीर विक्रम बहादुर सिंह 'बाबा' के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में आये अतिथि विकेश उपाध्याय ने पूर्व विधायक के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके सामाजिक और जनसेवा से जुड़े कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम को अमित सिंह सुधीर सिंह शिवेंद्र सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया इस मौके पर विशाल सिंह हुकुम, शिवेंद्र गौरव,अजय सोनकर गुलाब सिंह नीरज सिंह जोगेंद्र सिंह जगत दादा सुभाष सिंह इकबाल अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय के प्रबंधक संतोष मिश्र 'सुग्गू' ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

थाने में पुलिसकर्मियों ने ली एकता की शपथ

शाहगंज। लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती शनिवार को थाना शाहगंज परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाई गई। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक निदेश कुमार सिंह सहित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी ने उनके व्यक्तित्व एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में दिए गए योगदान को याद किया।

इस दौरान प्रभारी दिनेश कुमार सिंह निरीक्षक शाहगंज ने समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने देश की एकता और संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के माध्यम से सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार पटेल को किया नमन



जौनपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को विकास भवन सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विकास भवन परिसर में स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा एवं क्रांति स्तंभ पर माल्यार्पण कर अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सरदार पटेल के महान व्यक्तित्व, आदर्शों, विचारों तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर चर्चा की गई। साथ ही राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और समर्पण की भावना को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

दीपावली पर शांति और सौहार्द बनाये रखने में पुलिस का करें सहयोग-सीओ प्रतिमा वर्मा

सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें नागरिक, आतिशबाजी के दौरान बरतें सावधानी, नियमों का पालन कर हर्षोल्लास से मनायें त्योहार

शाहगंज। दीपावली पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण



वातावरण में संपन्न कराने के लिए क्षेत्राधिकारी शाहगंज प्रतिमा वर्मा ने क्षेत्रवासियों से विशेष अपील की है। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों, प्रकाश और आपसी भाईचारे का त्योहार है। सभी नागरिक आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ पर्व मनाएं तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। क्षेत्राधिकारी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आतिशबाजी के दौरान विशेष सावधानी बरतें और बच्चों को पटाखों से दूर रखें। निर्धारित मानकों के अनुरूप ही आतिशबाजी करें तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में पटाखे न जलाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें, ताकि दीपावली का पर्व सभी के लिए सुखद, सुरक्षित और यादगार बन सके।

लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की मनी जयंती

चंदौली। पुलिस लाइन चन्दौली पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा जनपद चन्दौली के समस्त थानों पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को श्राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल द्वारा पुलिस लाइन में स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्र निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल के अमूल्य योगदान को याद करते हुए, राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही जनपद चन्दौली के समस्त पुलिस थानों, चौकियों एवं कार्यालयों में भी पुलिसकर्मियों द्वारा राष्ट्र की एकता की शपथ ली गई। पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान कहा कि सरदार पटेल की जयंती हमें उनके दूरदर्शी नेतृत्वए अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की याद दिलाती है। उन्होंने अपनी राजनीतिक दूरदर्शिता से देश को एक सूत्र में पिरोया। राष्ट्रीय एकता के मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। **वहीं चन्दौली।** सरदार वल्लभभाई पटेल कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार क्षेत्र विकास योजना की स्थापना के संबंध में आयोजित उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण रेवसा आईटीआई सभागार में संपन्न हुआ। इस योजना का औपचारिक उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूर्वाह्न 10:30 बजे लोक भवन स्थित सभागार से किया गया। जनपद के आईटीआई, पॉलीटेक्निक और अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों के छात्रों ने इसका लाइव प्रसारण देखा। **दुलहीपुर प्रतिनिधिनुसार-** सनबीम स्कूल मुगलसराय में लौह पुरुष सरदार



विभिन्न कार्यक्रम में देश की एकता अखंडता पर डाला गया प्रकाश

वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। यह कार्यक्रम 91 यूपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुखबीर पूनिया के दिशा-निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्वेता कनुडिया ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता,अखंडता एवं आपसी भाईचारे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को देश की एकता और संप्रभुता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सौमिता चटर्जी ने भी अपने संबोधन में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, उनके योगदान तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को एकजुट होकर राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने का संदेश दिया। **मुगलसराय।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नगर पालिका इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार सिंह ने एनसीसी कैडेटों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कैडेटों को देश की एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे के महत्व के बारे में बताया। शपथ ग्रहण के बाद एनसीसी कैडेटों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली नगर पालिका इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर कसा महल होते हुए नगर पालिका परिषद जीटी रोड पहुंची। इसके बाद रैली वापस नगर पालिका इंटर कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और देशभक्ति का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में 91 यूपी एनसीसी बटालियन के डॉ. अशोक कुमार त्रिपाठी सहित विद्यालय के अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। शिक्षकों ने भी कैडेटों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। कैडेटों ने राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।





सैयदराजा के सफाईकर्मियों को मिले बकाया वेतन, बोनस- मनोज

चंदौली। गाली-गलौज, दुर्व्यवहार व बकाया वेतन नहीं मिलने से आहत सैयदराजा नगर के सफाई कर्मियों ने झाड़ू के साथ पैदल मार्च किया। नगर भ्रमण करते हुए पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू के आवास पर पहुंचे। इस दौरान महिला-पुरुष सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत के कर्मियों व अफसरों पर बड़ा आरोप लगाया। कहा कि बात-बात पर उनसे गाली-गलौज की जाती है। इतना ही नहीं बकाया वेतन नहीं दिया जा रहा है। साथ ही दीवाली का बोनस भी नगर पंचायत ने रोक रखा है। इस दौरान मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि सफाई कर्मियों की बातों को नगर पंचायत के ईओ के साथ ही जिलाधिकारी के संज्ञान में लाने का काम होगा। उन्होंने डीएम से मांग किया कि सैयदराजा नगर की सफाई का जिम्मा संभालने वाले कर्मियों के साथ गाली-गलौज व अभद्र आचरण बंद किया जाए। इसके साथ ही उन्हें समय पर वेतन जारी करने के साथ ही 51 दिन दीवाली बोनस त्यौहार से पहले प्रदान किया जाए, ताकि शहर को साफ-सुथरा रखने वाले सफाई कर्मियों की भी दीवाली खुशियों से रौशन हो। इसके अलावा उन्होंने पीएफ व ईएसआई जैसी सुविधाएं भी दिए जाने की मांग की। कहा कि समय पर वेतन और सम्मान इन सफाई कर्मियों का हक है जो इन्हें मिलना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इन कर्मियों को अपने वेतन के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है। चेताया कि यदि दीवाली तक सफाई कर्मियों के वेतन व बोनस का भुगतान नहीं किया गया तो वे सफाई कर्मियों के हक की लड़ाई को सड़क पर लड़ने का काम करेंगे। उन्होंने आवास परिसर में मौजूद सभी सफाई कर्मियों को भरोसा दिया कि जल्द से जल्द उनका वेतन दिलाने का काम किया जाएगा।



इंजेक्शन लगने के बाद महिला की मौत

सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के भोजापुर गांव में शनिवार को इंजेक्शन लगने के बाद 34 वर्षीय महिला की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मृतका के बेटे ने झोलाछाप डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक, महिला को हल्का बुखार और शरीर में दर्द की शिकायत थी। इसके बाद उनका बेटा भोजापुर नहर के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवा लेने गया। आरोप है कि मेडिकल स्टोर संचालक ने इंजेक्शन लगाने की बात कही और घर पहुंचकर महिला को इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही उनके मुंह से झाग निकलने लगा और वह बेहोश हो गईं। आनन-फानन में उन्हें सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

धान खरीद के लिए जिले में बनाये गये १४७ क्रय केन्द्र

चन्दौली। जनपद में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के अनुमोदन के बाद जनपद में कुल 147 धान क्रय केन्द्र बनाए गए हैं। यह खरीद आगामी 02 नवम्बर, से प्रारम्भ होगी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने जानकारी दी है कि किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और क्रय केन्द्रों पर धान खरीद का निर्धारित समय प्रात: 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक रहेगा। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में क्रय केन्द्रों का निर्धारण किया गया है, जो खाद्य विभाग, पी०सी०एफ पी०सीयू, यू०पी०एस०एस०, भारतीय खाद्य निगम और मण्डी समिति के अंतर्गत संचालित होंगे। बरहनी ब्लॉक में 32 केन्द्र, चकिया ब्लॉक में 23 केन्द्र, चन्दौली सदर ब्लॉक में 22 केन्द्र, सकलडीहा ब्लॉक में18 केन्द्र, धानापुर ब्लॉक में 15 केन्द्र, शहाबगंज ब्लॉक में 13 केन्द्र, चहनियां ब्लॉक में 11 केन्द्र, नियमताबाद ब्लॉक में 07 केन्द्र, नौगढ़ ब्लॉक में 06 केन्द्र स्थापित किया गया है। इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, किसानों द्वारा सफाई और छनाई के मद में व्यय किए जाने वाले 20 रुपये प्रति क्विंटल की धनराशि भी न्यूनतम समर्थन मूल्य में जोड़कर दी जाएगी। पूरी प्रक्रिया के सुचारू संचालन और पर्यवेक्षण के लिए अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) को जिला खरीद अधिकारी नामित किया गया है। इस वर्ष की धान क्रय नीति में फार्मर रजिस्ट्री को विशेष महत्व दिया गया है। किसानों से मुख्य रूप से फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही धान क्रय किया जाएगा। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई हैए वे गत वर्षों की भांति खाद्य विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से करा लें।

संक्षिप्त

सम्मान निधि किस्त देख गदगद हुए किसान

कमालपुर। शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किस्त की 24 वीं रकम रुपया 2000 पाकर क्षेत्र के किसान गदगद हो उठे। किसानों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है,जो कहती उसे करके दिखाने का काम करती है। फॉर्मर रजिस्टरी कराने वाले किसानों को बिना किसी भेद भाव किए सभी को समयावधि दो हजार रुपया खाते में भेजने का काम सरकार करती चली आ रही है। रबी, खरीफ की फसलों का प्रतिवर्ष समर्थन मूल्य बढ़ाना,ऋय केंद्रों पर किसानों से सीधा खरीदने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है। लघु एवं सीमांत सभी प्रकार की फसलों का खरीदी सरकार ऋय केंद्रों के माध्यम से सीधा खरीद रही है। दीपावली और छठ पूजा पर्व पर किसानों के लिए किसान सम्मान निधि की किस्त बहुत बड़ा तौफा मिला है। खेतों में खड़ी फसल जो अभी तैयार होने में काफी समय है। किसान के पास कोई अन्य पैसे का श्रोत नहीं था,ऐसे समय पर किसानों को मिली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किस्त संजीवनी की काम की है।

काली पूजा की तैयारियां शुरू

बबुरी। श्री शिवाजी बाल स्पोर्टिंग क्लब, बबुरी के तत्वावधान में होने वाले वार्षिक काली पूजा महोत्सव को लेकर शनिवार को क्लब परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नितिन जायसवाल को लगातार दूसरी बार क्लब का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने पर सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नितिन जायसवाल ने कहा कि क्लब द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी काली पूजा पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई जाएगी। बैठक में विनय मोदनवाल, हिमांशु केशरी, शनि सेठ, कार्तिक जायसवाल, गोलू मोदनवाल, जानू जायसवाल, छोटू केशरी, विशाल जायसवाल, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी ने पूजा को सफल बनाने का संकल्प लिया।



फोरलेन रेलवे ट्रैक के थ्री-डी माडल का निरीक्षण

पड़ाव। क्षेत्र के सुजाबाद स्थित गंगा तट के किनारे बने सिग्नेचर ब्रिज कैंप में शनिवार को केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर (पीडीडीयू नगर) से वाराणसी रेलखंड पर प्रस्तावित फोरलेन रेलवे ट्रैक परियोजना के थ्री-डी मॉडल और प्रोजेक्ट लैब का बारीकी से निरीक्षण किया। रेलमंत्री के आगमन को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों में काफी सक्रियता देखने को मिली। निरीक्षण के दौरान रेलमंत्री ने प्रस्तावित रेलवे ट्रैक परियोजना से जुड़ी तकनीकी जानकारियां प्राप्त कीं। अधिकारियों ने उन्हें थ्री-डी मॉडल के माध्यम से परियोजना की रूपरेखा, निर्माण कार्य की योजना और विभिन्न तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। इसके साथ ही प्रोजेक्ट लैब में उपलब्ध मॉडल एवं परियोजना से संबंधित कार्ययोजना का भी अवलोकन किया।

ग्रापए की बैठक आज

मुगलसराय। तहसील इकाई की एक अति आवश्यक बैठक 1 नवम्बर दिन रविवार को दिन में ग्यारह बजे नगर के जीटीआर ब्रिज के समीप होटल राज में आयोजित किया गया है। इस बैठक में संगठन के सभी सदस्यों को उपस्थित होकर नये पदाधिकारियों का चयन कर संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु विचार विमर्श किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी राजीव जायसवाल तहसील अध्यक्ष मुगलसराय ने दी है।

भारी बारिश,तूफान से धान की फसल बर्बाद

सकलडीहा । भारी बारिश और तेज तूफान ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में पककर तैयार होने की कगार पर खड़ी धान की फसल हवा और बारिश के चलते जमीन पर गिरकर बर्बाद हो रही है। महीनों की मेहनत, खाद, बीज, सिंचाई और खेती पर लगाए गए पैसे के बाद किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन प्राकृतिक आपदा ने उनकी उम्मीदों को गहरा झटका दिया है। इस गंभीर समस्या पर समाज सेवक योगेंद्र यादव ने चिंता जताते हुए कहा कि किसान पहले से ही महंगाई, महंगे कृषि संसाधनों और खेती की बढ़ती लागत से परेशान हैं। ऐसे में भारी बारिश और तूफान से धान की फसल को हुए नुकसान ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में गिरी फसल को देखकर अन्नदाता के सामने परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और खेती के खर्च की भरपाई का संकट खड़ा हो गया है। योगेंद्र यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से मांग की कि प्रभावित गांवों में राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम भेजकर फसलों के नुकसान का तत्काल निष्पक्ष सर्वे कराया जाए। प्रभावित किसानों को नियमानुसार जल्द से जल्द मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक संकट से उबरने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है। जब किसान की फसल बर्बाद होती है, तो केवल एक परिवार नहीं, बल्कि पूरे ग्रामीण अर्थतंत्र पर इसका असर पड़ता है। इसलिए किसानों की पीड़ा को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। प्रशासन को कागजी कार्रवाई में देरी किए बिना धरातल पर उतरकर किसानों की वास्तविक स्थिति देखनी चाहिए।

शिक्षक के चाचा का हुआ देहावसान

धानापुर। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सभा धराव निवासी शिक्षक जितेंद्र कुमार के चाचा राम दास मौर्य प्रमुख समाजसेवी उम्र 65 वर्ष की शनिवार को तड़के तीन बजे भोर में हृदया घात से आकस्मिक मौत हो गयी, मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों व नाते रिस्तेदारो समेत क्षेत्रीय लोगो में शोक की लहर फैल गयी। शव का अंतिम संस्कार पूर्वांह 11 बजे बलुआ घाट पर किया गया स मुखाग्नी उनके बड़े पुत्र सावन कुमार मौर्य ने दिया। वही सायं चार बजे सीता पोखरी बाजार व्यापार मंडल द्वारा एक शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर जेपी यादव अध्यक्ष, राजू खां, राजेश मौर्या, भोला जायसवाल, अंगद यादव, बबलू जायसवाल, चिराऊजी लाल, मदन सेठ, सुनीत बरनवाल, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

आरकेएम कायरोप्रैक्टिक्स चिकित्सा शिविर का आयोजन

पड़ाव। अघोरेश्वर भगवान राम महाविभूति स्थल, गंगातट के पुनीत प्रांगण में संचालित अघोरेश्वर भगवान राम योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र में सर्वेश्वरी समूह, पड़ाव, वाराणसी के सौजन्य से, श्री सर्वेश्वरी समूह के अध्यक्ष, परम पूज्य औघड़ गुरुपद संभव राम जी के दिशा-निर्देशन में ऋमश: 30- 31 अक्टूबर और 01 नवम्बर 2026 को एक कायरोप्रैटिक्स चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। इस चिकित्सा शिविर में घुटने के दर्द, कंधे एवं हाथ पैर के दर्दए गर्दन के दर्द, कमर के दर्द, नाभि सरकना, जाम जबड़ा, रीढ़ की हड्डी तथा जोड़ों की समस्या से पीड़ित रोगियों के लिए चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। इस चिकित्सा शिविर में अघोरेश्वर भगवान राम योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र में सेवारत कायरोप्रैक्टर एवं एक्युपंचरिस्ट डॉ0 नितिन के. अग्रवाल अपनी बहुमूल्य सेवा प्रदान करेंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए चिकित्सा केंद्र के मोबाइल नंबर 9153396661 पर संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि 12 जनवरी 2023 को अघोरेश्वर भगवान राम योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष पूज्यपाद बाबा औघड़ गुरुपद संभव राम जी की गरिमामयी उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों के द्वारा किया गया था। तब से लेकर अब तक इस चिकित्सा अनुसंधान केंद्र से हजारों लोग स्वास्थ लाभ ले चुके हैं।

जलनिकासी की समस्या से जूझ रहे सतपोखरी निवासी

दुलहीपुर। विकास खंड नियामताबाद के ग्राम सभा सतपोखरी एवं हरिशंकरपुर में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में सड़कों और गलियों में पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो जाता है। वहीं, कई स्थानों पर घरों के आसपास गंदा पानी जमा होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार,क्षेत्र की बुनकर बस्ती, पटेल बस्ती, सोनकर बस्ती एवं चौहान बस्ती के लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों और गलियों में जमा हो जाता है। इससे छोटे बच्चोंए बुजुर्गों, महिलाओं तथा आम नागरिकों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों की आशंका बनी रहती है। इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान के लिए ग्राम प्रधान हमीदुल्लाह अंसारी ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर दोनों गांवों में जलनिकासी के लिए पक्की नाली का निर्माण कराने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि बरसात के दौरान कई स्थानों पर सड़कें जलमग्न हो जाती हैं, जिससे ग्रामीणों का सामान्य जनजीवन प्रभावित होता है। समस्या के कारण बच्चों को स्कूल जाने तथा बुजुर्गों और महिलाओं को दैनिक कार्यों के लिए घर से बाहर निकलने में भी परेशानी होती है।



भोका बांध के गेटों की खराब मरम्मत से किसानों में आक्रोश

चकिया। विकासखंड चकिया अंतर्गत भोका बांध के गेटों की खराब मरम्मत और नहरों से लगातार पानी छोड़े जाने के विरोध में शनिवार को किसान विकास मंच के कार्यकर्ताओं ने बंधी डिवीजन के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि बांध के गेटों की मरम्मत में लापरवाही बरती गई है, जिसके चलते खेतों में अनावश्यक रूप से पानी पहुंच रहा है और धान की फसल को भारी नुकसान हो रहा है। किसानों ने बताया कि भोका बांध के गेट संख्या दो और तीन की मरम्मत इतनी खराब तरीके से की गई है कि दोनों गेट पूरी तरह बंद नहीं हो पा रहे हैं। इसके चलते शिकारगंज रजवाहा और उचेहरा माइनर में लगातार पानी बह रहा है। नहर का पानी खेतों में पहुंचने से करवदिया, कुसहीं, भंगड़ा, नौडीहा, बलिया खुर्द, बलिया कला, उचेहरा, लठिया, मझगावां और जीयनपुरा सहित आसपास के गांवों के किसान परेशान हैं। एक ओर चक्रवाती तूफान अर्णव ने धान की फसलों को नुकसान पहुंचाया है, वहीं दूसरी ओर नहर के पानी से हजारों एकड़ फसल बर्बाद होने की आशंका बढ़ गई है। किसान विकास मंच के नेता सरोज कुमार यादव ने बताया कि गेटों की खराब मरम्मत को लेकर बंधी डिवीजन के अधिकारियों को लगातार अवगत कराया जाता रहा,लेकिन समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तत्काल गेटों की मरम्मत कर पानी का बहाव नहीं रोका गया तो सोमवार को चकिया स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय पर बंधी डिवीजन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में सरोज कुमार यादव, शैलेंद्र पटेल, रमेश चंद, मोहन पासवान, रामभरोस, प्रभाकर, सोहन, सुनील कुमार और अंशु सहित अन्य किसान शामिल रहे।

स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना संस्थाओं का दायित्व-शीतल

इलिया। शहाबगंज कस्बा स्थित सेमरा बगीचे में शनिवार को मातृभूमि सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आरके नेत्रालय महमूरगंज, वाराणसी की ओर से नि:शुल्क नेत्र सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आंखों की जांच और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श की सुविधा प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक बेहतर चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ स्टैंडिंग काउंसिल शीतल प्रसाद गौड़ ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना केवल सरकार ही नहीं, बल्कि सामाजिक संस्थाओं की भी बड़ी जिम्मेदारी है। आर्थिक तंगी के चलते किसी जरूरतमंद को इलाज से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए सामाजिक संगठनों को सेवाभाव के साथ आगे आना होगा। उन्होंने मातृभूमि सेवा ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मानवीय संवेदना और सहयोग की भावना को सशक्त बनाते हैं। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं पहुंचाने में ऐसे शिविर सेतु का कार्य कर रहे हैं। मातृभूमि सेवा ट्रस्ट की ओर से प्रत्येक शनिवार को नि:शुल्क नेत्र सेवा शिविर आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर ट्रामा सेंटर के सुपरिटेंडेंट एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अजीत सिंह, डॉ. प्रदीप चौरसिया, डॉ. आशुतोष पटेलए आरके नेत्रालय के निदेशक मिथिलेश पांडेयए डॉण् अवनीश पटेलए डॉ. गौतम त्रिपाठी, डॉ. अजय मिश्र, डॉ. मनोज पांडेय सहित लल्लन सिंह, सुभाष त्रिपाठी, सुरेंद्र द्विवेदी, अरविंद मिश्रा, राजेश विश्वकर्मा, सत्यानंद रस्तोगी, मंगला पाठकए, सुमंत मौर्य और इसरार अली आदि मौजूद रहे।



लौह पुरुष सरदार पटेल की मनायीं गयी जयंती

धानापुर । लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती शनिवार को अपरान्ह चार बजे धराव सीता पोखरी बाजार स्थित सपा कैम्प कार्यालय पर राष्ट्रीय एकता दिवस गरिमा और उत्साह के साथ मनाई गयी । इस अवसर पर जयप्रकाश सिंह यादव जिला महा सचिव सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ चंदौली व पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा सर्व प्रथम लौह पुरुष सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गयी ततपश्चात कार्यकर्ताओ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गयी। वक्ताओ ने स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया और कहा कि सरदार पटेल का दूरदर्शी नेतृत्व, अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण देश के इतिहास में सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

छुट्टा पशुओं से निजात के लिए आगे आये समाजसेवी महेंद्र

बबुरी । कस्बे में छुट्टा पशुओं की बढ़ती समस्या से आमजन को राहत दिलाने के लिए समाजसेवी महेंद्र सेठ ने सराहनीय पहल की है। शनिवार को उन्होंने हिंदू वाहिनी गौ रक्षा के सदस्यों एवं अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अभियान चलाया और कस्बे में इधर-उधर घूम रहे करीब एक दर्जन छुट्टा पशुओं को पकड़कर धानापुर स्थित गौशाला भिजवाया। शनिवार की सुबह से ही महेंद्र सेठ अपने सहयोगियों के साथ अभियान में जुट गए। टीम ने कस्बे के विभिन्न स्थानों पर घूम रहे छुट्टा पशुओं को पकड़कर एक स्थान पर एकत्रित किया। इसके बाद वाहन की व्यवस्था कर सभी पशुओं को सुरक्षित तरीके से गौशाला पहुंचाया गया। इस पहल से जहां कस्बे में छुट्टा पशुओं की समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है, वहीं पशुओं को भी सुरक्षित आश्रय मिल सकेगा। इस दौरान समाजसेवी महेंद्र सेठ ने कहा कि कस्बे में अभी भी काफी संख्या में छुट्टा पशु घूम रहे हैं, जिससे राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार सड़क पर पशुओं के घूमने से आवागमन भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान यहीं नहीं रुकेगा। अगले एक-दो दिनों के अंदर फिर से अभियान चलाकर शेष छुट्टा पशुओं को पकड़कर गौशाला भिजवाया जाएगा, ताकि कस्बे को इस समस्या से निजात दिलाई जा सके। महेंद्र सेठ की इस पहल में हिंदू वाहिनी गौ रक्षा के सदस्यों और स्थानीय सहयोगियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। अभियान में गगन सिंह, दिलीप केशरी, रवि पाठक, अरविंद, कल्लू जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



महाविद्यालय में व्याख्यान,राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ

चकिया। सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देश पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर व्याख्यान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह एवं पाठ्येतर गतिविधि प्रभारी विश्व प्रकाश शुक्ल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती,आचार्य नरेंद्र देव की जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महान विभूतियों के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान पाठ्येतर गतिविधि प्रभारी विश्व प्रकाश शुक्ल ने सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराकर उन्होंने अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और राष्ट्र के प्रति समर्पण के कारण उन्हें लौह पुरुष कहा जाता है। अध्यक्षीय व्याख्यान में समाजशास्त्र विभाग के वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेकर विपरीत परिस्थितियों में भी निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव के स्वतंत्रता आंदोलन, शिक्षा, सामाजिक न्याय और समाजवादी विचारधारा में दिए गए योगदान पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान रमाकांत गौड़, देवेंद्र बहादुर सिंह सहित प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद।

बुद्ध के संदेशों से गूंजायमान होगी घुरहूपुर की धरती

इलिया। शहाबगंज विकासखंड के घुरहूपुर स्थित बौद्ध संस्थान की ऐतिहासिक धरती एक बार फिर भगवान बुद्ध के शांति, करुणा और मानवता के संदेशों से गुंजायमान होने जा रही है। आगामी दो नवंबर को यहां 19वें बौद्ध महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। चकिया स्थित बौद्ध संस्थान की ओर से आयोजित इस महोत्सव को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। महोत्सव का उद्घाटन जन अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर पाल करेंगे। वहीं श्रीलंका से पधार रहे भंते अशोक वंश श्रद्धालुओं को धम्मदेशना देकर भगवान बुद्ध के विचारों, उनके दर्शन और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालेंगे। महोत्सव में चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह, राबर्ट्सगंज के सांसद छोटेलाल खरवार, पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामअचल राजभर, पूर्व विधायक तथा जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव रमेश कुशवाहा, सैयदराजा के विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव, बिहार के विधायक भीम प्रताप सिंह कुशवाहा, सोनभद्र के पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा और सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार महोत्सव का उद्देश्य भगवान बुद्ध के शांति, सद्भाव,समानता और मानव कल्याण के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना है। इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं बौद्ध विरासत को नई पहचान देने के साथ सामाजिक समरसता का संदेश भी प्रसारित किया जाएगा।

अभियान चलाकर सफाईकर्मियों ने की साफ सफाई

सकलडीहा। दिवाली की पर्व को लेकर पंचायत विभाग की ओर से शनिवार को सकलडीहा तहसील और ब्लॉक मुख्यालय से जुड़ी पांच गांवों में शनिवार को डेढ़ सौ से अधिक सफाई कर्मी लगाकर सुबह से लेकर शाम तक सफाई कराया गया। इस दौरान सकलडीहा, नागेपुर, टिमिलपुर, तेन्दुई सहित ईटवा और ब्लॉक और तहसील मुख्यालय की साफ-सफाई के लिये सुबह से सफाई कर्मी जुटे रहे। सकलडीहा कस्बा से लेकर नागेपुर और तेन्दुई में लम्बे समय से जगह जगह कूड़ा करकट के अंबार को लेकर समस्या बनी हुई है। बीते दो दिन पूर्व ग्रामीणों ने सकलडीहा सरोवर और मुख्य मार्ग पर लम्बे समय से डंप कूड़ा करकट को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। जिसे लेकर पंचायत विभाग के अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए 12 न्याय पंचायत के कुल 163 सफाई कर्मी की ड्यूटी लगाकर सकलडीहा, नागेपुर, तेन्दुईपुर, हाइवे रोड, सधन तिराहा अलीनगर तिराहा, कस्बा स्टेशन रोड, तहसील, सीओ कार्यालय,ब्लॉक मुख्यालय मार्ग सहित अन्य जगहों पर सफाई कर्मियों ने अभियान चलाकर सुबह से लेकर देर शाम तक साफ सफाई में जुटे रहे।

लाठी-डंडे और राड से पीटकर बुजुर्ग की हत्या

हत्या के बाद गांव में तनाव, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जमालपुर। थाना क्षेत्र के डोहरी बाग गांव में शुक्रवार की रात करीब आठ बजे मामूली विवाद में 60 वर्षीय बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि एक परिवार के लोगों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से बुजुर्ग पर हमला कर दिया। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और स्थिति को नियंत्रित किया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अछैबर बियार भिक्षाटन कर अपना जीवनयापन करते थे। शुक्रवार की रात करीब आठ बजे वह गांव की संकरी गली से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी टक्कर मुन्नू अंसारी की पुत्री से हो गई। आरोप है कि युवती ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। इससे आक्रोशित होकर मुन्नू अंसारी, उसका पुत्र नसीम अंसारी और दामाद सद्दाम अंसारी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि तीनों ने अछैबर को गली में घेर लिया और लाठी-डंडे तथा लोहे की रॉड से बेरहमी से पिटाई कर दी। हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, एसडीएम चुनार अनेग सिंह और सीओ चुनार गायत्री यादव मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी ली और पुलिसकर्मियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। मृतक के भाई श्यामा बियार की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक के तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। उनके पुत्र दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी करते हैं। गांव में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

दो पक्षों में मारपीट, दोनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

अदलहाट। स्थानीय थाना क्षेत्र के असरफाबाद खिरौड़ी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक पक्ष के धनेश यादव निवासी खिरौड़ी ने आरोप लगाया कि उनकी मां को भला-बुरा कहने की जानकारी मिलने पर पूछताछ करने गए तो विशाल यादव, मखन्चु यादव और लालू शर्मा ने उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष की मंजू देवी ने आरोप लगाया कि धनेश यादव और उनकी पत्नी रेखा देवी ने उनके और पति के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे बेटे विशाल को भी पीटा और बाथरूम का दरवाजा तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छह करोड़ रुपये का गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

ट्रक में छिपाकर ओडिशा से ला रहे थे 1204 किलो गांजा, तीन मोबाइल और नकदी भी बरामद

मीरजापुर। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब छह करोड़ रुपये कीमत का 1204 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे ट्रक सहित दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग छह करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर अपराधियों और मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में कोतवाली देहात पुलिस टीम ने 30 अक्टूबर की शाम मुखबिर की सूचना पर बरकछा खुर्द स्थित छितमपुर मोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान मध्य प्रदेश नंबर के ट्रक को रोककर तलाशी ली। ट्रक में छिपाकर रखा गया 1204 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। मौके से पुलिस ने गणेश केवट उर्फ रमेश केवट (44) निवासी अल्हवा, थाना हनुमना तथा शाबिर उर्फ लालू (30) निवासी डेरा पथरावा, थाना मऊगंज, जनपद मऊगंज (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा से गांजा लाकर मीरजापुर, प्रयागराज, वाराणसी सहित आसपास के जनपदों में आपूर्ति करने जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन और 1900 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। इस मामले में कोतवाली देहात में एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को मोटर वाहन अधिनियम की धारा के तहत सीज कर दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा सहित कोतवाली देहात पुलिसकर्मी शामिल रहे।



खुलासा करते एसपी सिटी। छाया:आज

१४०० महिलाओं को विधायक ने की साड़ी भेंट

संयुक्त विकास आयुक्त ने किया पहाड़ी ब्लाक का निरीक्षण

सीखड़। चुनार विधायक अनुराग सिंह ने शनिवार को सीखड़ ब्लॉक के मंगरहां स्थित अपने आवास पर क्षेत्र की महिलाओं को साड़ी भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक ने कहा कि मातृशक्ति को साड़ी भेंट करना उनके प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम है। क्षेत्र की माताओं-बहनों से मिलकर उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करना उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि शनिवार को करीब 1400 महिलाओं को साड़ी वितरित की गई। यह कार्यक्रम रविवार और सोमवार को भी जारी रहेगा।

पड़री। आकांक्षात्मक विकासखंड कार्यक्रम के तहत शनिवार को संयुक्त विकास आयुक्त, विंध्याचल मंडल ने विकासखंड पहाड़ी का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों की

४९ बिंदुओं पर समीक्षा कर विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



निरीक्षण करते संयुक्त आयुक्त। छाया:आज

योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए 49 बिंदुओं पर जानकारी ली गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने और निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण की शुरुआत ब्लॉक कार्यालय पहाड़ी से हुई। यहां स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), पंचायती राज, जल निगम और कौशल विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। इसमें विभागीय योजनाओं की प्रगति और उनके क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया गया। इसके बाद संयुक्त विकास आयुक्त का काफिला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री पहुंचा। यहां ओपीडी, दवा वितरण कक्ष और प्रयोगशाला का निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को देखकर संतोष जताया गया। इसके बाद हिनौती ग्राम पंचायत में पुरस्कार राशि से निर्मित भवनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों की जानकारी ली गई। साथ ही ग्रामीण अभियंत्रण विभाग आरईएस की ओर से 50 लाख रुपये की लागत से बन रहे भवन को जल्द पूरा कर संबंधित विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए। भरपुरा ग्राम पंचायत में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए बने आरआरसी सेंटर और पीडब्ल्यूएमयू प्लांट का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों को जनरेटर की व्यवस्था कराकर ओएसआर शुरू करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अटल पार्क का जायजा लेकर युवाओं को खेलकूद के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी मुनीश कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर आनंद कुमार सिंह,खंड शिक्षा अधिकारी फराह रईस, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देवमणि दुबे, मंटू चौबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

उधार तेल देने से मना करने पर पेट्रोल पंप के केयर टेकर पर लाठी से हमला

मुकदमा दर्ज

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव स्थित एटीए फ्यूल स्टेशन पर उधार तेल नही देने पर केयर टेकर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में पेट्रोल पंप के केयर टेकर मोती सिंह निवासी शिवनगर कॉलोनी शिवपुर जिला वाराणसी ने शुक्रवार को थाने में तहरीर भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव निवासी युवक पर मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में बताया कि बीते 28 अक्टूबर को रात करीब आठ बजे स्टाफ की शिफ्ट चेंज करा रहे थे, तभी भैसोड़ बलाय पहाड़ निवासी विंध्यवासिनी उर्फ बाबा पुत्र बलदेव जायसवाल अपनी पिकअप गाड़ी लेकर पंप पर आए और स्टाफ से उधार तेल देने की मांग करने लगे। स्टाफ द्वारा मना करने पर वह बहस करने लगा। शोर सुनकर मोती सिंह मौके पर पहुंचा और उधार देने से मना किया तो भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लाठी से हमला कर दिया। जिससे दाहिने हाथ की में चोट आ गई। घटना की सूचना डायल 112 पर दी पुलिस की गाड़ी आती देख युवक जान से मारने की धमकी देते हुए गाड़ी सहित भाग गया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि पेट्रोल पंप कर्मी से मारपीट व धमकी देने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

संक्षेप

डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार को जिला कारागार पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेल की विभिन्न बैरकों, महिला बैरक, अस्पताल और रसोईघर का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने रसोईघर में बन रहे भोजन की गुणवत्ता भी परखी। उन्होंने जेल अस्पताल में भर्ती बंदियों का नियमित रूप से चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराने और आवश्यकतानुसार समय से दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जेल अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने और बंदियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

हर्षोल्लास के साथ मनी सरदार वल्लभभाई पटेल की १५१वीं जयंती

जमालपुर। विकासखंड के डोहरी गांव में सरदार वल्लभभाई पटेल सेवा समिति के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। समिति के अनुसार, 15-16 वर्ष पूर्व स्थापित प्रतिमा छतविहीन थी। इस वर्ष जयंती से पूर्व जनसहयोग से प्रतिमा के ऊपर छत और बरामदे का निर्माण कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रभान सिंह तथा संचालन अमरनाथ पटेल ने किया। गोष्ठी में अन्नदाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह, विनोद सिंह, धनंजय सिंह, पारसनाथ सिंह, छोटू सिंह, जयप्रकाश सिंह, आकाश पटेल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कोतवाली परिसर में मनी पटेल जयंती

चुनार। लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती शनिवार को कोतवाली परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव, प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह सहित कजरहट, सीखड़, सक्तेशगढ़ और चकगंभीरा चौकी के प्रभारियों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव ने पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने सरदार पटेल के आदर्शों को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह सहित विभिन्न चौकियों के प्रभारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

डा. शक्ति श्रीवास्तव का लोहिया ट्रस्ट पर किया स्वागत

मीरजापुर। स्नातक खंड, वाराणसी - मीरजापुर से विधान परिषद सदस्य के चुनाव में ऐतिहासिक मतों से पुन: निर्वाचित होने पर आशुतोष सिन्हा के प्रतिनिधि डॉ. शक्ति श्रीवास्तव का समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित एमएलसी आशुतोष सिन्हा के प्रतिनिधि डॉ. शक्ति श्रीवास्तव ने पार्टीजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मखौल उड़ाने वाली इस तानाशाह सरकार के तमाम षडयंत्रों व कुचक्र के बावजूद मिलने वाली यह ऐतिहासिक जीत समर्पित कर्मनिष्ठ कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम व सहयोग का ही परिणाम है, जिसने सिद्ध कर दिया कि प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों में प्रबल जनसमर्थन के बल पर समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। इस दौरान राजेश भारती, आदर्श यादव, सुभाष पटेल, अशोक सिंह मुन्ना, अभय यादव, रजत श्रीवास्तव, राजकुमार यादव, शिवम श्रीवास्तव, लवकुश पहलवान, अभय यादव, बृजलाल मौर्य व शिव कुमार इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

ताला तोड़ स्मार्ट टीवी उठा ले गये चोर

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय में शुक्रवार की रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर विद्यालय में लगे स्मार्ट टीवी को उठा ले गए। शनिवार सुबह विद्यालय पहुंचे प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवशंकर गुप्ता ने विद्यालय का ताला टूटा और स्मार्ट टीवी गायब देख थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दी गई तहरीर में बताया कि विद्यालय आने के उपरांत परिसर में दो कमरों का ताला कटा मिला। कमरे में लगा स्मार्ट टीवी गायब था। प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

नवोदय में रन फार यूनिटी के साथ एनएसएस शिविर संपन्न

पटेहरा। विकास खंड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। प्राचार्य डॉ. एसपी त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय एकता किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होती है। हमें जाति,धर्म,भाषा और क्षेत्र से ऊपर उठ कर राष्ट्र को सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, आदर्शों एवं राष्ट्र की एकता के प्रति उनके समर्पण से प्रेरणा लेने की जरूरत है। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन कार्यक्रम भी संपन्न किया गया।

आटा चक्की में रिमोट कंट्रोल डिवाइस लगाकर हो रही थी बिजली चोरी

मीरजापुर। अहरौरा थाना क्षेत्र के चौक बाजार स्थित सहुआइन का पोखरा में बिजली चोरी का मामला सामने आया है। प्रवर्तन दल और विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार की रात औद्योगिक परिसर में छापेमारी कर बिजली चोरी पकड़ी। इस मामले में परिसर स्वामी के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 अक्टूबर की रात करीब 9-10 बजे प्रवर्तन दल प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने हिमांशु गुप्ता पुत्र सर्वेश कुमार के औद्योगिक परिसर की जांच की। जांच के दौरान परिसर में लगे दोनों बिजली मीटर बंद मिले। मीटर पर वोल्टेज और करंट शून्य प्रदर्शित हो रहा था, जबकि परिसर में आटा चक्की और अन्य श्री फेज मोटर चलती मिलीं। जांच में मीटर के अंदर रिमोट कंट्रोल मीटरिंग हस्तक्षेप उपकरण भी पाया गया। टीम के मुताबिक परिसर में स्वीकृत 26 किलोवाट के स्थान पर 44.24 किलोवाट विद्युत भार का उपयोग चोरी से किया जा रहा था।

शराब के साथ एक गिरफ्तार

छानबे। जिगना पुलिस ने शुक्रवार की शाम एक युवक को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ़्तार किया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार की शाम उप निरीक्षक अभिषेक सिंह व दीवान इंद्रेश यादव जिगना बाजार की तरफ़ गस्त पर थे। प्रयागराज जनपद के बारा थाना के जज्जीकपुरवा लोहगरा के हथकन (20) को पांच लीटर देशी कच्ची शराब के साथ गिरफ़्तार कर विधिक कार्रवाई की गई है।

जनपद न्यायाधीश, डीएम-एसपी ने राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर का किया निरीक्षण

मीरजापुर। जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने किशोरों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने विभिन्न कक्षों, भोजन, साफ-सफाई, स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। किशोरों से संवाद कर उनकी समस्याएं और जरूरतें भी जानीं। किशोरों ने भोजन की गुणवत्ता ठीक बताई तथा अपने स्वास्थ्य को भी बेहतर बताया। जनपद न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि किशोरों को निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन और नाश्ता उपलब्ध कराया जाए। अधिकारियों ने साफ-सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने को कहा।

विद्यालय में किया गया राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

अदलहाट। स्थानीय आदर्श इंटर कॉलेज के प्रांगण में शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह रहे। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रधानाचार्य शशि शेखर भट्ट द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रधानाचार्य श्रीभट्ट ने सरदार पटेल को भारत एकता का सूत्रधार बताते हुए उनके कृतियों पर प्रकाश डाला। उनके आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। एनसीसी कैडेट एवं अन्य छात्रों सहित कार्यक्रम में सभी उपस्थितों ने राष्ट्रीय एकता अखंडता की शपथ ली। शारीरिक शिक्षण राहुल सिंह ने रन फॉर यूनिटी के तहत एनसीसी कैडेट के द्वारा विद्यालय से बाजार के शर्मा रोड तक दौड़ का कार्यक्रम रखा गया, जिसे हरी झंडी प्रबंधक सुनील कुमार गुप्त व प्रवक्ता अरुण कुमार द्वारा दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में हरिशंकर त्रिपाठी, लक्ष्मण सिंह, अशोक कुमार यादव, अरविंद कुमार, जयप्रकाश पांडे सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।



शपथ लेते एनसीसी कैडेट। छाया:आज

घर से गायब मिस्त्री के परिजनों एवं ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

सीखड़। चुनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत तम्मनपट्टी गांव निवासी मिस्त्री हौशीला शुक्रवार को घर से दवा लेने कह कर बाइक से निकला था और देर शाम तक जब घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश करनी शुरू की। परिजनों ने जब हौशिला के मोबाइल पर फोन किया तो मोबाइल घर पर ही छोड़ कर निकला था।काफी खोजबीन के बाद भी मिस्त्री का सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने इसकी सूचना चुनार पुलिस को दी। परिजनों को शनिवार को यह पता चला कि हौशिला की दवा लेते समय दवा व्यवसाई से लेन-देन को लेकर विवाद हो गया था। परिजनों ने इसकी सूचना भी पुलिस को दी। किन्तु पुलिस द्वारा दवा व्यवसाई को हिरासत में लेकर पूछताछ न किए जाने पर परिजन भड़क गए और शनिवार दोपहर 12 बजे ग्रामीणों के साथ चुनार वाया कछवा राजमार्ग पर चक्का जाम कर आवागमन बाधित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी समझा-बुझाकर कर चक्का जाम खुलवाया। हौशिला मकान बनाने का काम करता था।



सड़क जाम करते ग्रामीण। छाया:आज

गिरिजेश मिश्रा बने सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष

मीरजापुर। सवर्ण आर्मी संगठन ने गिरिजेश मिश्रा को मीरजापुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के प्रदेश महासचिव विजय राज शुक्ला ने नियुक्ति पत्र जारी किया। जिला संयोजक सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय के निर्देश और जिले के पदाधिकारियों की सहमति से यह नियुक्ति की गई है।

विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनी सरदार पटेल की जयंती

चील्ह। कोन ब्लॉक के बल्हीपरवा क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। कोल्हुआ, गहिया और रामपुर सहित विभिन्न केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राथमिक विद्यालय कोल्हुआ में प्रभारी प्रधानाध्यापक पूनम गुप्ता के नेतृत्व में पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उन्होंने देश की रियासतों के विलय में सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए बच्चों को एकता का संदेश दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता देवी, मधुलिका देवी और पिंकी विश्वकर्मा ने बच्चों को अनुशासन, ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति की सीख दी।

संक्षेप

जुआ खेलते चार गिरफ्तार, १४१० रुपये नकद बरामद

अदलहाट। स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम रामपुर गांव में छापेमारी कर जुआ खेलते चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से फड़ पर रखे 550 रुपये और आरोपियों की जामा तलाशी में मिले 860 रुपये समेत कुल 1410 रुपये नकद तथा 52 ताश के पत्ते बरामद किए। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक राजेश प्रसाद यादव और सुशील सिंह हमराहियों के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि राम प्रसाद यादव की दुकान के बरामदे में कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर ज्ञानदीप यादव, दीपक यादव, रामवृक्ष यादव और बिहार निवासी पिंटू सोनी को गिरफ्तार कर लिया। चारों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत कार्रवाई की गई।

चार बकरियों की मौत, एक की हालत गंभीर

इमिलियाचट्टी। चुनार थाना क्षेत्र के बगही गांव में अचानक चार बकरियों की मौत से गरीब किसान के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसान जितेंद्र कुमार उर्फ उधम सिंह पुत्र अलगू सिंह की बकरियां घर में बंधी थीं। अचानक मौसम बदलने और ठंड बढ़ने के बाद उनकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। एक बकरी की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने पशुओं का टीकाकरण नहीं होने और पशु विभाग के कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर सवाल उठाए हैं। किसान ने जिला प्रशासन से जांच कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। सूचना पर लेखपाल और कानूनगो मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बिना मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सकता। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार को बगही पशु अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। फार्मासिस्ट के कहने पर एक प्रशिक्षु को भेजा गया, लेकिन वह भी स्थिति स्पष्ट नहीं कर सका।

महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने पीपीटी के जरिये प्रस्तुत की उपलब्धियां

मीरजापुर। मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय में मीरजापुर और सोनभद्र के राजकीय एवं सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने पीपीटी के माध्यम से अपने-अपने संस्थानों की उपलब्धियों और शैक्षणिक गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया। यह आयोजन 30 अक्टूबर को प्रस्तावित राज्यपाल एवं कुलाधिपति की समीक्षा बैठक की तैयारियों के तहत किया गया। कुलपति प्रोफेसर शोभा गौड़ ने प्राचार्यों को निर्देश दिया कि महाविद्यालयों की शैक्षणिक प्रगति, संसाधनों, आधारभूत सुविधाओं और परीक्षा व्यवस्था से संबंधित विवरण तथ्यपरक एवं अद्यतन रूप में तैयार रखें। बैठक में दोनों जनपदों के 13 राजकीय एवं सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के प्राचार्य शामिल हुए। इस दौरान विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें वित्तीय विषयों पर विचार-विमर्श कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

चोरों के प्रति पुलिस सक्रिय आरोपी को भेजा जेल

जमालपुर। चोरी करने के आरोपित अदलहाट के गौरही निवासी मुन्ना सोनकर को पुलिस ने शनिवार की सुबह हमीदपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित के पास से पुलिस ने चोरी गया एक सीसीटीवी कैमरा, एक पैन कार्ड, पर्श एवं 2310 रुपए नकद बरामद किया। बहुआर गांव निवासी पीड़ित चंदन तिवारी ने दस अक्टूबर को थाने में अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर घर का ताला तोड़कर घर में घुसकर सीसीटीवी एवं अन्य सामान चोरी करने का आरोप लगाया था।

तीसरे दिन भी आसमान में छाये रहे काले बादल

हलिया। क्षेत्र में शनिवार को भी मौसम ने अपना रुख नहीं बदला आसमान में काले बादलों का जमावड़ा लगा रहा। दिनभर बादलों की आवाजाही के बीच बारिश जैसे हालात बने रहे। आसमान में घने काले बादलों को देखकर किसानों की चिन्ता बनी रही किसानों को आशंका है कि यदि फिर बारिश हुई तो खेतों में तैयार धान की फसल और कटाई के बाद खुले स्थानों पर रखी उपज नुकसानी से रोका नहीं जा सकता। मौसम का रुख देखते हुए किसान भगवान से मौसम साफ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।किसान फिलहाल मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि जैसे ही आसमान से बादल छंटेंगे और धूप निकलेगी।

रक्तदान शिविर में १० लोगों ने किया रक्तदान

मीरजापुर। जिला अस्पताल के रक्त केंद्र में रक्त की कमी को देखते हुए श्री साईं परिवार सेवा संगठन ने सेवा का हाथ बढ़ाया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को रैदानी कॉलोनी स्थित साईं आंचल मंदिर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें 15 लोगों ने पंजीकरण कराया, जबकि 10 लोगों ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। शिविर में डॉ. विनोद कन्नौजिया ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। रक्तदान करने वालों को जनसंपर्क अधिकारी राम कुमार गुप्ता और संस्था अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। लीनेस क्लब की अध्यक्ष वंदना राय ने आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष शुभम गुप्ता और अमित गुप्ता ने रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार जताया। शिविर में रवि प्रकाश, मनोज कुमार माली, साबिर खान, सतीश, अनिल जायसवाल, विकास गुप्ता, चंद्रकांत सविता सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया।



रक्तदान करते लोग। छाया:आज

बलिया समाचार

गुजरात में इमारत से गिरकर मजदूर की मौत

रतसड़ (बलिया)। गड़वार थाना क्षेत्र के स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 आनंद नगर निवासी 54 वर्षीय अजय राजभर का शव शुक्रवार की शाम गुजरात से घर पहुंचते ही पूरे मोहल्ले में कोहराम मच गया। मृतक परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उसकी मौत से परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया जानकारी के अनुसार, अजय राजभर गुजरात के जामनगर जिले के मोटी खावड़ी में रहकर मजदूरी करते थे। बीते 27 अक्टूबर को वह रोज की तरह एक होटल में काम करने गए थे। इसी दौरान सुबह करीब 10 बजे पांच मंजिला इमारत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ घंटे बाद उनके साथ काम करने वाले मजदूर जब उन्हें खोजते हुए पहुंचे तो वह तीसरी मंजिल पर गिरे पड़े मिले। शोर-गुल सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं परिवार की पूरी जिम्मेदारी अजय राजभर के कंधों पर ही थी। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

व्यापारियों को पुराने बकाये पर ब्याज, अर्थदंड होगा माफ

बलिया। उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापारियों को बड़ी राहत देते हुए जीएसटी लागू होने से पहले के विभिन्न कर अधिनियमों के अंतर्गत बकाया धनराशि पर ब्याज और अर्थदंड माफी के लिए एकमुश्त समाधान योजना- 2026 लागू की है। इस योजना के तहत पात्र व्यापारी अपने पुराने बकाये पर ब्याज एवं अर्थदंड की माफी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। वाणिज्य कर अधिकारी सुजीत यादव ने बताया है कि विभाग की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, 31 दिसंबर 2025 तक सृजित बकायों को इस योजना में शामिल किया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए व्यापारियों को शासनादेश जारी होने की तिथि से तीन माह के भीतर आवेदन करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2027 निर्धारित की गई है। विभाग की ओर से व्यापारियों से अपील की गई है कि वे इस योजना की जानकारी प्राप्त कर समय रहते आवेदन करें और सरकार की इस राहत योजना का लाभ उठाएं। इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन की प्रक्रिया के लिए संबंधित वाणिज्य कर विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

इंदिरा गांधी की मनी पुण्यतिथि

बांसडीह (बलिया)। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 42वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीएचसी बांसडीह में मरीजों को फल वितरित किया। कार्यकर्ताओं ने स्व. इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि 1962 में चीन के साथ युद्ध के बाद देश के सामने कई चुनौतियां थीं। वहीं पाकिस्तान में गृहयुद्ध के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने साहसिक निर्णय लेते हुए बांग्लादेश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके दृढ़ नेतृत्व और ऐतिहासिक योगदान के कारण उन्हें आयरन लेडी के नाम से जाना जाता है। आज हम सभी को उनके जीवन और देश के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेने की जरूरत है। चिकित्सा अधिकारी वीर बहादुर, बिजेंद्र पांडेय मुखिया, अरुण तिवारी, अनिल आदि थे।

जमीन विवाद में पिता-पुत्री की पिटाई, तीन पर मुकदमा

बैरिया (बलिया)। थाना क्षेत्र के रकबा टोला में पुरानी जमीन के विवाद को लेकर पट्टीदारों द्वारा पिता-पुत्री की पिटाई किए जाने के मामले में पुलिस ने शनिवार को तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बैरिया कस्बा के रकबा टोला निवासी ज्योति कुमारी पुत्री कन्हैया यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 27 अक्टूबर की दोपहर जमीन के पुराने विवाद को लेकर उसके पट्टीदार मनोज यादव, उनकी पत्नी और पुत्री सलोनी ने लाठी-डंडे तथा लात-घूंसों से उसकी और उसके पिता की पिटाई कर दी। मारपीट में पिता कन्हैया यादव के सिर में चोट लग गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपितों ने उसकी मां और बहन के साथ अभद्रता की तथा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में एसएचओ बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गोदाम का ताला तोड़कर ४० बोरी चावल ले उड़े चोर

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात कुशहा भाड़ गांव के समीप चोरों ने गल्ला चावल गेहूं के आढ़ती व्यवसायी सुभाष गुप्ता के गोदाम को निशाना बना लिया। चोर गोदाम का ताला तोड़कर करीब 40 बोरी चावल पिकअप में लादकर ले फरार हो गया। इसी दौरान ग्रामीणों की आहट मिलते ही चोर पिकअप लेकर मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात करीब 11 बजे चोर गोदाम के सामने सड़क किनारे पिकअप खड़ी कर अंदर घुसे। ताला तोड़ने के बाद चोर बेखौफ होकर गोदाम से चावल की बोरियां पिकअप में लाद रहे थे। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख चोर पिकअप लेकर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने गोदाम मालिक सुभाष गुप्ता को दी। सुभाष गुप्ता ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। उनका आरोप है कि सूचना देने के करीब एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय और हल्का दरोगा संतोष यादव को भी मोबाइल फोन से घटना की जानकारी दी गई। इसके बावजूद हल्के में तैनात कांस्टेबल मौके पर नहीं पहुंचे। पुलिस के पहुंचने के बाद घटनास्थल की जांच शुरू की गई। सुभाष गुप्ता का कहना है कि यदि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने समय रहते तत्परता दिखाई होती तो चोरों को मौके पर ही पकड़ा जा सकता था। व्यवसायी ने पुलिस को तहरीर दे दी है।

नदी के छाड़न में उतराया मिला युवक का शव

बैरिया (बलिया)। क्षेत्र के आठगांवा में सरयू नदी के छाड़न में एक 40 वर्षीय युवक का शव उतारते हुए शनिवार को देखने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने सहयोगियों से शव को पानी से निकलवाया। उसकी पहचान संजीत कुमार सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी गरीब टोला सिताब दियारा थाना रिबिलगंज जनपद सारण बिहार के रूप में हुई है। किन परिस्थितियों में और वह कैसे सरयू नदी के छाड़न के पानी में डूबा इसकी जांच पुलिस कर रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारवाई की जाएगी। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

फसल नुकसान पर ७२ घंटे में दर्ज करायें शिकायत

बलिया। अर्नव चक्रवाती तूफान के चलते 29 और 30 अक्टूबर को हुई लगातार बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान को लेकर कृषि विभाग ने किसानों से शिकायत दर्ज कराने की अपील की है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिन किसानों ने अपनी फसलों का बीमा कराया है और उनकी खड़ी फसल बारिश व चक्रवात से प्रभावित हुई है, वे 72 घंटे के भीतर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कृषि विभाग के अनुसार, धान की फसल काटकर खेत में सुखाने के लिए फैलाकर रखने वाले किसानों को भी नुकसान होने पर शिकायत दर्ज कराने का मौका दिया गया है।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022467
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

सूर्योदय : ०६.०५
सूर्यास्त : ०५.१७
तापमान
अधि. : २६.०
न्यून. : २०.०

यूपी : प्रदेश के सभी 75 जिलों में बनेंगे सरदार पटेल स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट जोन-योगी

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती पर सरदार वल्लभ भाई पटेल कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार क्षेत्र विकास योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सरदार वल्लभ भाई पटेल स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट जोन विकसित किये जायेंगे। पहले चरण में गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर, झांसी और गौतमबुद्धनगर में इन केंद्रों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू की गयी है। इसके बाद सभी 18 मंडल मुख्यालयों और फिर प्रदेश के प्रत्येक जनपद तक योजना का विस्तार होगा। इन केंद्रों पर युवाओं का पंजीकरण, उनकी रुचि एवं योग्यता के अनुसार कौशल प्रशिक्षण तथा रोजगार की व्यवस्था एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगी। विदेशों में नौकरी के इच्छुक युवाओं को संबंधित देश की भाषा और आवश्यक कौशल का प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने की



व्यवस्था भी की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में पांच जनपदों से योजना प्रारंभ की गयी है। सभी 18 मंडल मुख्यालयों के लिए धनराशि की व्यवस्था पहले ही की जा चुकी है। जमीन उपलब्ध होते ही केंद्रों का निर्माण कराया जायेगा। गौतमबुद्धनगर में यमुना प्राधिकरण यह केंद्र विकसित कर रहा है और टाटा जैसी संस्था उससे जुड़ चुकी है। गोरखपुर में गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण भी इस पहल से जुड़ा है। कोई युवा हाईस्कूल पास है और काम चाहता है तो केंद्र पर उसका पंजीकरण होगा। उसकी रुचि के अनुसार स्किलिंग होगी और फिर किसी संस्थान, फैक्ट्री अथवा अन्य क्षेत्र में प्लेसमेंट कराया जायेगा। नर्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त युवा जापान या जर्मनी जाना चाहता है तो उसे संबंधित देश की भाषा सिखाई जायेगी। वहां की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण देकर संबंधित दूतावास के सहयोग से रोजगार की व्यवस्था होगी। कोई युवा ही नहीं, अधिक उम्र का व्यक्ति भी रोजगार चाहता है तो वह एम्प्लॉयमेंट जोन में जा सकेगा।

४१० पुलिसकर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक से किया गया सम्मानित

नयी दिल्ली (आससे)। विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के 490 पुलिसकर्मियों को वर्ष 2026 के लिए केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है। यह पदक उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने, पुलिसकर्मियों में उच्च पेशेवर मानकों को बढ़ावा देने और उनका मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से दिया जाता है। गृह मंत्रालय ने बताया कि केन-?द्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक की शुरुआत 1 फरवरी 2024 को की गई थी। यह पदक पुलिस बलों, सुरक्षा संगठनों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, असम राइफल्स और फॉरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों को उल?लेखनीय योगदान के लिए दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदकश् की घोषणा प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर की जाती है।

कार-बाइक की टक्कर में दो की मौत

हमीरपुर (एजेंसी)। हमीरपुर मार्ग पर धनौरी गांव स्थित पौधशाला के पास शनिवार दोपहर अर्टिगा कार और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिसमें बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि कार सवार पांच लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां दो की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। मुस्करा थाना क्षेत्र के उपरहंका गांव के श्रीरामपुर डेरा निवासी रवि यादव ने बताया कि उनका छोटा भाई अरविंद कुमार (22) शनिवार दोपहर अपने चाचा सर्वेश कुमार (26) को बाइक पर बैठाकर भुजपुरा कुनेहटा गांव निवासी अपनी बहन के घर जा रहे थे। धनौरी गांव स्थित पौधशाला के पास सामने से आ रही अर्टिगा कार से बाइक की टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार अरविंद और सर्वेश की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों युवक हेलमेट नहीं पहने थे।

मोदी ने गुजरात में 308 करोड़ की पर्यटन एवं बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का किया उद्घाटन

एकता नगर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में पर्यटन और नागरिक सुविधाओं के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए 307.83 करोड़ रुपये की लागत वाली 23 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 118.88 करोड़ रुपये की आठ अन्य विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इसके साथ ही इन 31 परियोजनाओं की कुल लागत 426.71 करोड़ रुपये हो गयी है। इससे पहले मोदी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उनकी जयंती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। शुरू की गयी नयी परियोजनाओं का उद्देश्य दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा के आसपास पर्यटकों के लिए सुविधाओं और नागरिक बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाना है। यह क्षेत्र एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। प्रधानमंत्री ने जिन प्रमुख पर्यटन सुविधाओं का उद्घाटन किया, उनमें 50 करोड़ रुपये की लागत से बना भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) का होटल, 16 करोड़ रुपये का 'एकता क्रूज', 14.30 करोड़ रुपये का 'वर्षा वन' और 3.67 करोड़ रुपये की लागत वाला 'इको-ट्रेल' शामिल हैं। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने 45.53 करोड़ रुपये की लागत से बने सीवेज शोधन संयंत्र, 21.40 करोड़ रुपये के जल शोधन संयंत्र और 23.81 करोड़ रुपये की लागत वाले एक परेड ट्रैक तथा उससे जुड़े कार्यों का उद्घाटन किया। आवागमन और अन्य सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए सरकार ने 28.22 करोड़ रुपये की लागत वाले ट्रैवलेटर (चलती पट्टियां), यातायात की भीड़ कम करने के लिए 23 करोड़ रुपये की लागत से बनी 24 मीटर चौड़ी कॉलोनी सड़क, 14.25 करोड़ रुपये के कर्मचारी आवास और नौ मीटर लंबी दो वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें भी शुरू की हैं। अन्य नई सुविधाओं में मोखाड़ी गांव के पास एक टर्मिनल भवन और जेटी, विभिन्न स्थानों पर जल केंद्र, एकता नगर रेलवे स्टेशन से आगंतुक केंद्र को जोड़ने वाले पैदल मार्ग का विस्तार और अलग-अलग स्थानों पर फव्वारे शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने परिसर की सुंदरता और आकर्षण बढ़ाने वाली नयी सुविधाओं की भी शुरुआत की।। इनमें स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में इमारतों के अग्रभाग पर रोशनी की व्यवस्था, एकता प्रकाश पर्व विरासत प्रदर्शनी और उन्नत यूनिटी ग्लो गार्डन शामिल हैं। उन्होंने आगामी आठ परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इनमें 59.32 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली गोरा-भनदरा सड़क और 36.58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली स्मार्ट जीरो वेस्ट एकीकृत ठोस कचरा प्रबंधन सुविधा शामिल हैं। अन्य प्रस्तावित परियोजनाओं में 7.72 करोड़ रुपये की लागत से खलवानी पुल का विकास, 5.79 करोड़ रुपये की लागत से कैक्टस और तितली उद्यान का निर्माण, 5.15 करोड़ रुपये की लागत से खलवानी इको-टूरिज्म का विकास, वाघड़िया सड़क का चौड़ीकरण और सरदार सरोवर बांध के लिए आपदा नियंत्रण कक्ष का निर्माण शामिल हैं।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!
महत्वपूर्ण जानकारी
त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

04022/04021 नई दिल्ली-गोरखपुर-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04022 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04021 आगमन	प्रस्थान
---	14:30	नई दिल्ली	23:10	---
23:20	23:30	लखनऊ जं.	13:10	13:20
04:10	---	गोरखपुर	---	07:00

चलने के दिनः 04022 नई दिल्ली से दिनांक 06.11.2026 एवं 13.11.2026 (शुक्रवार को) और **04021 गोरखपुर से** दिनांक 07.11.2026 एवं 14.11.2026 (शनिवार को)।
स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहरावः गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

04058/04057 आनन्द विहार(ट.)-छपरा-आनन्द विहार(ट.) आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन) — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04058 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04057 आगमन	प्रस्थान
---	00:20	आनन्द विहार(टर्मि.)	17:20	---
13:15	13:25	वाराणसी	03:35	03:45
19:20	---	छपरा	---	22:10

चलने के दिनः 04058 आनन्द विहार(टर्मि.) से और **04057 छपरा से** दिनांक 03.11.2026 से 17.11.2026 (प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार) को
स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.,
ठहरावः टूण्डला जं., गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, सारनाथ, औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, रेवती एवं सुरेमनपुर स्टेशन।

05087/05088 आनन्द विहार(टर्मि.)-मऊ जं.-आनन्द विहार(टर्मि.) त्यौहार विशेष (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 05087 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 05088 आगमन	प्रस्थान
---	22:30	आनन्द विहार(टर्मि.)	14:00	---
17:00	---	मऊ जं.	---	19:15

चलने के दिनः 05087 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 03.11.2026 एवं 10.11.2026 (मंगलवार) को और **05088 मऊ जं. से** दिनांक 04.11.2026 एवं 11.11.2026 (बुधवार) को।
स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहरावः मुहम्मदाबाद, आज़मगढ़ जं., खोरासन रोड, शाहगंज जं., जौनपुर जं., जंघई जं., प्रयाग जं., प्रयागराज जं., गोविन्दपुरी, टूण्डला जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन।

08751/08752 दुर्ग जं.-हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग जं. आनन्द विहार(टर्मि.) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 06 फेरे

रेलगाड़ी सं. 08751 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 08752 आगमन	प्रस्थान
---	10:45	दुर्ग जं.	13:45	---
11:10	---	हज़रज निज़ामुद्दीन	---	12:30

चलने के दिनः 08751 दुर्ग जं. से दिनांक 01.11.2026 से 15.11.2026 (प्रत्येक रविवार) को और **08752 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 02.11.2026 से 16.11.2026 (प्रत्येक सोमवार) को।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहरावः रायपुर जं., उस्लापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा छावनी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

04660/04659 लुधियाना जं.-पूर्णियाँ जं.-लुधियाना जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04660 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04659 आगमन	प्रस्थान
---	12:00	लुधियाना जं.	06:50	---
19:25	19:35	मुरादाबाद	23:50	23:55
21:30	---	पूर्णियाँ जं.	---	23:30

चलने के दिनः 04660 लुधियाना जं. से दिनांक 05.11.2026 एवं 09.11.2026 (गुरुवार, सोमवार को) और **04659 पूर्णियाँ जं. से** दिनांक 06.11.2026 एवं 10.11.2026 (शुक्रवार, मंगलवार को)।
स्थानः शयनयान एवं सामान्य
ठहरावः ढंडारी कलां, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी जं., सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बछवारा जं., बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सहरसा जं. एवं बनमनखी जं. स्टेशन।

04054/04053 नई दिल्ली-हावड़ा जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04054 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04053 आगमन	प्रस्थान
---	18:15	नई दिल्ली	08:20	---
23:40	---	हावड़ा जं.	---	01:40

चलने के दिनः 04054 नई दिल्ली से दिनांक 04, 05, 07, 11 एवं 12.11.2026 को और **04053 हावड़ा जं. से** दिनांक 06, 07, 09, 13 एवं 14.11.2026 को।
स्थानः 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहरावः गाजियाबाद, अलीगढ़, टूण्डला जं., गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन।

04066/04065 आनन्द विहार(टर्मि.)-सबौर-आनन्द विहार(टर्मि.) आरक्षित त्यौहार विशेष — 08 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04066 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04065 आगमन	प्रस्थान
---	05:00	आनन्द विहार(टर्मि.)	13:45	---
07:00	---	सबौर	---	11:00

चलने के दिनः 04066 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 06, 07, 11 एवं 12.11.2026 को और **04065 सबौर से** दिनांक 07, 08, 12 एवं 13.11.2026 को।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
ठहरावः गाजियाबाद, अलीगढ़, टूण्डला जं., गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया जं., वारिसली गंज, शेखपुरा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज एवं भागलपुर स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 02397/02398 गया जं.-आनंद विहार(टर्मि.)-गया जं. विशेष रेलगाड़ी का विस्तार शेखपुरा जं. तक किया गया है, जो अब शेखपुरा जं.-आनंद विहार(टर्मि.)-शेखपुरा जं. विशेष रेलगाड़ी के रूप में चलेगी।

रेलगाड़ी सं. 02397 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 02398 आगमन	प्रस्थान
---	11:30	शेखपुरा जं.	14:45	---
12:02	12:04	वारिसली गंज	13:08	13:10
12:24	12:26	नवादा	12:40	12:42
12:45	12:47	तिलैया जं.	12:18	12:20
14:05	14:15	गया जं.	11:10	11:15
गया जं.-आनन्द विहार(टर्मि.)-गया जं. के बीच समय-सारणी यथावत रहेगी				
11:40	---	आनन्द विहार(टर्मि.)	---	13:30

- **विस्तार की प्रभावी तिथिः 02397 शेखपुरा जं. से** दिनांक 01.11.2026 से और **02398 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 02.11.2026 से।
- **नोटः** बाकी सभी निर्देश यथावत रहेंगे।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:-
www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शेष

काशी को मिली नई दिल्ली वंदे...

बनारस-राजातालाब रेल सेवा भी शामिल हैं। इसके साथ ही वाराणसी में 10 मेमू सर्विसेज का भी शुभारंभ किया गया। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलेट ट्रेन के नॉर्थ कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। इसमें वाराणसी, अयोध्या, आगरा समेत कई शहरों को शामिल किया गया है। रेल मंत्री ने बताया कि इसके पूरा होने पर वाराणसी से दिल्ली की दूरी महज तीन घंटे 33 मिनट में तय की जा सकेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी से प्रयागराज तक मेमू ट्रेनों का संचालन दो आध्यात्मिक नगरों के साथ शिक्षा के महत्वपूर्ण केंद्रों को जोड़ने का काम करेगा। इन सेवाओं से स्थानीय यात्रियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और किसानों को विशेष सुविधा मिलेगी। उन्होंने दीपावली और छठ पूजा से पहले रेल सेवाओं की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री का आभार जताया। कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रयासों से देश और प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। रेलवे की सुविधाएं अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि छोटे शहरों और कस्बों तक भी उनका विस्तार हो रहा है। वाराणसी की रेल कनेक्टिविटी मजबूत होने से पर्यटन और स्थानीय कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा। शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी विश्वनाथ मंदिर और कालभैरव में विधिवत दर्शन-पूजन किया। कार्यक्रम में प्रयागराज रामबाग से उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टांप मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, आयुष मंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्र दयालु, एमएसएमई राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी, पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी, विधायक डॉक्टर अवधेश सिंह, विधायक डॉक्टर सुनील पटेल, विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह %विनीत सिंह%, विशाल सिंह चंचल, अन्नपूर्णा सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मंडलायुक्त एस. राजलिंगम, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, अपर पुलिस आयुक्त शिवहरी मीणा और जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार समेत रेलवे एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

यूपी कांग्रेस ने सपा को सौंपी...

गया। इसी के आधार पर सूची बनाकर सपा अध्यक्ष को दी गयी है। सपा नेतृत्व ने कांग्रेस से लड़ने वाले प्रत्याशियों के नाम भी देने को कहा है, ताकि सीट बंटवारे पर वार्ता को आगे बढ़ाया जा सके। सूत्र बताते हैं कि सपा किसी भी हालत में कांग्रेस को 40-50 से ज्यादा सीटें देने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में उसकी परफॉर्मेंस न सिर्फ जीतने के लिहाज से बल्कि मत प्रतिशत के लिहाज से भी काफी खराब रही थी। सपा ने पिछले विधानसभा चुनाव में 403 सीटों में से 347 पर अपने सिंबल पर चुनाव लड़ा था। शेष सीटें गठबंधन के अपने सहयोगियों को लिए दी थीं। सूत्र बताते हैं कि इस बार भी सपा 340-350 सीटें अपने सिंबल पर लड़ना चाहती है।

२०२४ का लोकसभा चुनाव अवैध, वोट...

कहा कि यह संख्या देश के हर सात में से एक व्यक्ति के बराबर है। राहुल के मुताबिक, इन लोगों ने पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान किया था। राहुल ने सीईसी ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह उन्हें बचा लेंगे, तो उन्हें देश के लोगों का मूड देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाये गये हैं, वे इस बात को कभी नहीं भूलेंगे। राहुल ने आरोप लगाया कि यह केवल भ्रष्टाचार या किसी घोटाले का मामला नहीं, बल्कि देश की आत्मा पर हमला है। राहुल ने आगे कहा कि वोट काटने वाले देश के अपराधी है। यह कार्यक्रम शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर आयोजित किया गया।

सरदार पटेल के फैसलों...

के प्रति जवाबदेह बनाता है और एकता हमें एक राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने की ताकत देती है। इसलिए हमारे देश में स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और एकता दिवस, ये तीनों अब पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाते हैं। इस अवसर पर मैं राष्ट्रीय एकता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं सरदार वल्लभभाई पटेल के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने केवल देश के भूगोल को ही नहीं जोड़ा, बल्कि पूरे राष्ट्र को भावनात्मक एकता के सूत्र में भी बांधा। गुजरात में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के माध्यम से उन्होंने देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत भी की थी।

जातिवाद-जिन्नावाद से मिलकर लड़ना होगा...

पटेल के सच्चे अनुयायी नहीं हो सकते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लौहपुरुष 'भारत रत्न' सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में लिया हिस्सा लिया। उन्होंने जीपीओ स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय एकता दिवस पर लोगों को शपथ दिलाई। सीएम ने कहा कि यह शपथ सरदार पटेल की उस भावना का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके लिए उन्होंने जीवन जिया। मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत गणराज्य का शिल्पी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी नेतृत्वकर्ता बताया। मुख्यमंत्री ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 2014 के बाद से 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में अनवरत आयोजित किया जाता है।

सरकार ने पेट्रोल से हटाया निर्यात...

अनिश्चितताओं के बीच घरेलू आपूर्ति को सुदृढ़ रखने और रिफाइनरियों के निर्यात रुझान को संतुलित करने के उद्देश्य से यह नीतिगत कदम उठाया गया है। ईंधन पर निर्यात शुल्क (विंडफॉल टैक्स) लगाने की शुरुआत मार्च के उत्तरार्ध में हुई थी, जब पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई थी और अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतें उच्च स्तर पर पहुंच गयी थीं। उस समय सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि भारतीय रिफाइनरियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में मिल रहे ऊंचे मार्जिन के चक्कर में घरेलू बाजार की अनदेखी न करें।

गाजीपुर : ज्वेलरी शोरूम में २५ लाख...

से किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक, दोनों बदमाश मारुति कार से शोरूम पहुंचे थे। लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद वे कार संख्या यूपी 61एडब्ल्यू 4630 से मौके से फरार हो गए। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने भागते समय बदमाशों की कार का फोटो खींच लिया। वाहन का नंबर भी पुलिस को उपलब्ध करा दिया गया है। इससे पुलिस को बदमाशों तक पहुंचने में अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक विनय सिंह और सीओ सिटी राजेश मिश्रा सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुकान संचालक और प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी ली तथा जांच पड़ताल शुरू कराई। संगानी ज्वेलर्स के मालिक संजय सर्राफा बताए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रारंभिक जानकारी में दो बदमाशों द्वारा लूट के इरादे से दुकान में पहुंचकर सोने की छह चेन लूटने और इसके बाद फायरिंग कर फरार होने की बात सामने आई है। पुलिस वाहन नंबर और प्रत्यक्षदर्शियों से मिले साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है।

राम मंदिर की जमीन को लेकर...

यह फैसला सर्वसम्मति से आया था। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया है कि विवादित जमीन की सही पहचान और उसकी सीमाओं का स्वतंत्र सर्वे कराया जाना चाहिए। इसके लिए जमीन के नक्शे, भौगोलिक निर्देशांक, क्षेत्रफल और वास्तविक स्थिति की जांच जरूरी बताई गई है। याचिकाकर्ता चाहता है कि अदालत ऐसे विशेषज्ञों की समिति या आयोग बनाए, जिसमें जमीन का सर्वे करने वाले, राजस्व विभाग के अधिकारी और पुरातत्व सहित अन्य तकनीकी क्षेत्रों के जानकार शामिल हों। यह समिति पता लगाए कि मौजूदा मंदिर उसी जमीन पर बना है, जिसका जिक्र सुप्रीम कोर्ट के फैसले में किया गया था या नहीं। याचिका में यह भी कहा गया है कि अगर जांच के दौरान सुप्रीम कोर्ट के फैसले में बताई गई जमीन और मंदिर के निर्माण वाली जमीन के बीच कोई बड़ा अंतर सामने आता है।

जेल से रिहा होते ही आजम गिरफ्तार...

रिहाई परवाने जारी कर दिए गए लेकिन, एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट से रिहाई परवाने जारी नहीं हो सके। जिसके चलते दोनों की रिहाई टल गई थी। लेकिन आज पूरी प्रक्रिया के बाद रामपुर जेल से आजम और अब्दुल्ला रिहा हो गए। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद से ही आजम समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। उनके स्वागत की तैयारियां शुरू हो गई थी। लेकिन दोपहर का जश्न शाम होते-होते मायूसी में बदल गया था।



जीत के साथ विदा लेना चाहेगा भारत

वैभव और कुलदीप को मिल सकता है मौका, न्यूजीलैण्ड भी करना चाहेगा जीतके साथ समापन, पांचवां टी-२० आज

हैमिल्टन (एजेन्सियां)। अपने स्थापित खिलाड़ियों का हमेशा समर्थन करने वाला भारतीय टीम प्रबंधन आकलैण्ड में पिछले मैच में मिली हार के बाद न्यूजीलैण्ड के खिलाफ रविवार को पांचवें और आखिरी टी-२० मैच में अंतिम एकादश में बदलाव कर सकता है। भारत ने शृंखला में ३-१ की अजेय बढ़त बना ली है ऐसे में विश्व चैम्पियन टीम पिछले मैच की हार को भूल कर जीत के साथ विदा लेना चाहेगा। इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी की वापसी संभव है और उस दशा में संजू सैमसन को बाहर बैठना पड़ सकता है। सैमसन ने इस शृंखला में ६७, १४, १८, चार रन बनाये हैं। टीम प्रबंधन का उन्हें पूरा समर्थन हासिल है लेकिन एक ब्रेक से वह खोई लय हासिल कर सकते हैं। हाल ही में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने वेस्टइण्डीज और न्यूजीलैण्ड के खिलाफ टी-२० शृंखला में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन खुद श्रेयस का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और वे लोगों का ध्यान खींचने में नाकाम रहे। अय्यर ने टी-२० में पहला शतक जमाने के बाद अगले आठ मैचों में ४०, एक, १६, २२, ४२, सात, पांच, २२ रन बनाये। यहां अच्छी पारी खेलकर वह भी लय हासिल करना चाहेंगे। अय्यर के नाकाम रहने से निचले क्रम में नमन धीर और नीतिश कुमार रेड्डी ने पिछले कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी में दूसरे और तीसरे टी-२० में न्यूजीलैण्ड को २०० रन से कम पर रोकने के बावजूद भारतीय आक्रमण की कमजोरियां उजागर हुई हैं। भारत अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल पर विकेटों के लिये काफी निर्भर रहा है। चार साल बाद वापसी करने वाले भुवनेश्वर कुमार अपेक्षा के



अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। भुवनेश्वर ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और उनका इकानामी रेट १२ के आसपास रहा है। अर्शदीप अकेले भारतीय गेंदबाज हैं जिनका इकानॉमी रेट इस शृंखला में दस से कम रहा है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में धार देने के लिये कुलदीप यादव या वरूण चक्रवर्ती को टीम में लाना होगा जिसके लिये धीर को बाहर रहना पड़ सकता है। तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा को भी बैकअप गेंदबाजों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है लेकिन उनके महंगे साबित होने का खतरा है। अगले साल अफ्रीका में होने वाले आईसीसी विश्वकप से पहले यह एकदिनी शृंखला काफी महत्वपूर्ण है इसे ध्यान में रखते हुए कप्तान मिचेल सेंटनर खुद से और बल्लेबाजों एवं गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पिछले मुकाबले में शतक लगाने वाले ग्लेन फिलिप्स और अर्द्धशतक लगाने वाले माइकल ब्रैसवेल से मेजबान टीम यहां भी बल्ले से कमाल करते देखना चाहेगी। चौथे मैच में मिली जीत से उत्साहित न्यूजीलैण्ड टीम का इरादा भी जीज के साथ शृंखला का अंत करने पर होगा।

भारत-श्रेयस अय्यर (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, नमन धीर, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, प्रिंस यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार, मयंक यादव, कुमार कुशाग्र, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।

न्यूजीलैण्ड-फिन एलन, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, डेवोन कानवे, मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रैसवेल, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर, मैट फिशर, काइल जैमीसन, जैकब डफी, एडम मिल्ने, जोश क्लार्कसन।

समय-दोपहर १२.३० बजेसे।

अजेय भारत के सामने होगी मलयेशिया की कड़ी चुनौती

एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हाकी

जालंधर (एजेन्सियां)। लगातार तीन जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम के सामने एशियाई चैम्पियंस ट्राफी के चौथे राउंड राबिन मैच में रविवार को मलयेशिया की चुनौती होगी। भारत ने हालांकि जापान के आइची नागोया में एशियाई खेलों में मलयेशिया को ५-१ से हराया था लेकिन मलयेशियाई टीम से भारत को हमेशा कड़ी चुनौती मिली है। भारत ने पहले मैच में बांगलादेश को १३-० से, चीन को ५-२ से और फिर जापान को ४-१ से हराकर चार नवम्बर को मोहाली में होने वाले अन्तिम चार में जगह बनाई। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा हमने एशियाई खेलों में मलयेशिया को ५-१ से हराया लेकिन यह हमेशा से कठिन प्रतिद्वंद्वी रहा है। हमारे पास अच्छी टीम है और मलयेशिया से हमें चुनौती मिलेगी लेकिन हमारा फोकस अपने खेल पर है। बांगलादेश और चीन के खिलाफ एकदम एकतरफा मुकाबलों के बाद भारत को शुक्रवार को जापान से अच्छी चुनौती मिली। भारत ने लगातार हमले बोले लेकिन जापान का डिफेंस मजबूत था। पहले तीन क्वार्टर में भारत को एक भी पेनल्टी कार्नर नहीं मिला जो चिंता का विषय



है। भारत को मैच में एकमात्र पेनल्टी कार्नर ४७वें मिनट में मिला जिस पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल दागा। चौथे और आखिरी क्वार्टर में तीन गोल करके भारत ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की थी। भारत के लिये १५०वां मैच खेल रहे फारवर्ड अभिषेक ने दो शानदार मैदानी गोल दागे। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने मिडफील्ड में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन विवेक सागर प्रसाद और नीलाकांता शर्मा से उन्हें और सहयोग की जरूरत है। भारत ने स्ट्राइकर मनदीप सिंह को आराम दिया था जिन्होंने बांगलादेश के खिलाफ तीन गोल किये थे। वह रविवार को वापसी कर सकते हैं। दूसरी ओर मलयेशिया भी अभी तक एक भी मैच नहीं हारी है लेकिन गोल औसत के आधार पर भारत के बाद दूसरे स्थान पर है। अन्य मैचों में दक्षिण कोरिया का सामना बांगलादेश से और जापान की टक्कर चीन से होगी। मैच शाम सात बजे शुरू होगा।

ओलम्पिक कोटे पर होगी नजर

आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप



दोहा (एजेन्सियां)। एशियाई खेलों में उम्मीदों पर खरा उतरने में नाकाम रहे भारत के शीर्ष निशानेबाजों के सामने रविवार से यहां शुरू हो रही आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप (राइफल, पिस्टल और शाटगन) में दमदार वापसी कर अपनी प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती होगी। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि इसी के साथ २०२८ में लास एंजिलिस में होने वाले ओलम्पिक खेलों के लिए क्वालीफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू हो रही है। ऐसे में भारतीय निशानेबाज एशियाई खेलों की निराशा को पीछे छोड़कर ओलम्पिक अभियान की मजबूत शुरुआत करने के इरादे से उतरेंगे। एशियाई खेलों में भारत के निशानेबाजी पदकों की संख्या में इस बार गिरावट आई। हांगझोऊ में २०२३ में भारतीय निशानेबाजों ने सात स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य सहित कुल २२ पदक जीते थेलेकिन आइची-नागोया में यह संख्या घटकर १५ रह गयी। इस बार भारत को केवल तीन स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य पदक मिले। यह प्रदर्शन भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के लिए आत्ममंथन का विषय होना चाहिए। दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता मनु भाकर, ईशा सिंह और एलावेनिल वलारिवान जैसी दिग्गज निशानेबाज स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहीं। दोहा में होने वाली इस प्रतियोगिता की १२ व्यक्तिगत ओलम्पिक स्पर्धाओं में कुल ३६ कोटा स्थान उपलब्ध होंगे। प्रत्येक स्पर्धा में तीन ओलम्पिक कोटा दांव पर होंगे। पूरे क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान किसी एक प्रतियोगिता में ओलम्पिक कोटा हासिल करने का यह सबसे बड़ा अवसर है। भारतीय निशानेबाज अगर शुरुआती दौर में ही ओलम्पिक कोटा हासिल करने में सफल रहते हैं तो उन्हें आगे की तैयारियों के लिए पर्याप्त समय और राहत मिलेगी। इससे खिलाड़ियों को घरेलू चयन ट्रायल और ओलम्पिक की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिलेगा। भारत की नजरें २०३६ ओलम्पिक की मेजबानी पर भी हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विशेष निगाह रहेगी क्योंकि भारत विश्व खेल मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित करना चाहता है। दोहा में भारत की पदक उम्मीदों में एशियाई खेलों की दोहरी स्वर्ण पदक विजेता नीरू ढांडा प्रमुख होंगी। इस ट्रैप निशानेबाज ने व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक भी उनके नाम रहा था। अब उनसे विश्व चैम्पियनशिप में भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। विश्वकप प्रतियोगिताओं में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाली सुरुचि इंदर सिंह पर भी निगाहें रहेंगी। उन्होंने एशियाई खेलों में १० मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर अपनी क्षमता साबित की थी। एशियाई खेलों में भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या भले ही घटी लेकिन कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन उम्मीद जगाने वाला भी रहा। एलावेनिल और ईशा सहित कई निशानेबाज स्वर्ण पदक के बेहद करीब पहुंचे, लेकिन निर्णायक मुकाबलों में शीर्ष स्थान हासिल करने से चूक गये। उनके इस प्रदर्शन ने पियरे ब्यूशां के नेतृत्व वाले निशानेबाजी के हाई परफार्मेंस कोचिंग कार्यक्रम को सवालों के घेरे में ला दिया है। कोचिंग व्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौती खिलाड़ियों को दबाव की परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करना और पदक जीतने की मजबूत स्थिति को स्वर्ण पदक में बदलना होगा। इस बीच खाड़ी क्षेत्र में मौजूदा हालात को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने भी सतर्कता बरतने की बात कही है। महासंघ ने कहा है कि वह क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखेगा और घटनाक्रम के अनुसार स्थिति का आकलन करेगा।

जुरेल, पडिक्कल ने दी भारत ए को मजबूती

क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। कप्तान ध्रुव जुरेल के नाबाद ९९ रन और देवदत्त पडिक्कलके ८० रनकी पारीकी मददसे भारत ए ने न्यूजीलैण्ड ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के पहले दिन शनिवारको सात विकेटपर २९१ रन बना लिए। स्टंपके समय जुरेलके साथ आकाश दीप २५ रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों अभी तक आठवें विकेटकी साझेदारीमें ६९ रन जोड़ चुके हैं। यशस्वी जायसवालको पहले ओवर की चौथी गेंद पर तेज गेंदबाज फ्रेजर शीटने पगबाधा आउट किया। लंचके बाद पहले ओवरमें साई सुदर्शन (४१) आउट हो गये जिन्हें तेज गेंदबाज जेरोड मैकी ने विकेटके पीछे मिचेल हे के हाथों लपकवाया। पडिक्कलने दूसरा छोर संभालकर १०१ गेंदमें अर्द्धशतक पूरा किया। भारतका स्कोर एक समय दो विकेट पर १३१ रन था लेकिन न्यूजीलैण्डने सात रन के भीतर तीन विकेट चटकाये। यश राठौड़ (१३) पहले आउट हुए और उनके बाद पडिक्कलका विकेट गिरा। रविचंद्रन स्मरण को शीटने पगबाधा किया। वाशिंगटन सुंदर भी शीट के शिकार हुए। जुरेल और मानव सुतार (२२) ने सातवें विकेटके लिये ६२ रन जोडे। जुरेलने ९३ गेंदमें अर्द्धशतक लगाया।

सफेद गेंद क्रिकेटमें होगा भारतीय महिलाओं का दबदबा

-अमोल मजुमदार

मुम्बई (एजेन्सियां)। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने शनिवार को कहा कि आयु वर्ग के क्रिकेट से लगातार उभर रही प्रतिभाओं को देखते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले दो वर्षों में सफेद गेंद (एकदिनी और टी-२०) के प्रारूपों में विश्व क्रिकेट पर लगातार अपना दबदबा कायम करने में सक्षम होगी। भारत ने पिछले साल नवम्बर में घरेलू मैदान पर ५० ओवर का विश्वकप जीता था लेकिन टीम अब तक कोई बड़ा टी-२० अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट नहीं जीत पाई है। हालांकि मजूमदार और नयी कप्तान स्मृति मंधाना को इस कमी को दूर करने का मौका मुम्बई और वड़ोदरा में आयोजित होने वाली आईसीसी टी-२० चैम्पियंस ट्राफी में मिलेगा। मजूमदार ने कहा मैदान पर पूरी आक्रामकता और दृढ़ता के साथ खेलना भी हमारी प्राथमिकता रही है। उन्होंने महिला टीम की दो साल बाद की स्थिति से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए कहा निश्चित रूप से मैं जिस पृष्ठभूमि से आता हूं मुम्बई क्रिकेट में मेरा विकास भी कुछ इसी तरह हुआ है। मैं उन्हीं मूल्यों को टीम में शामिल करने और अपने अनुभव खिलाड़ियों के साथ साझा करने की कोशिश करता हूं। अगर हम विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा कायम करते हैं तो मुझे बेहद खुशी होगी। मजूमदार ने भरोसा जताया कि भारत टी-२० प्रारूप में भी ऐसी टीम बनेगा जिसे हराना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आयु वर्ग के क्रिकेटरों को टी-२० क्रिकेट की जरूरतों और चुनौतियों की बेहतर समझ है। उन्होंने कहा हम पहले से ही उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। कई शानदार प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा मैंने बीसीसीआई के 'सेंटर आफ एक्सीलेंस' (सीओई) में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को देखा है जहां अंडर-१५, अंडर-१९ और भारत ए के शिविर आयोजित होते हैं। सीओई में जिस तरह का काम हो रहा है वह शानदार है। ये शिविर इस बात का



अच्छा उदाहरण हैं कि वर्तमान में भारतीय महिला क्रिकेट किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। मजूमदार ने कहा कई बेहतरीन खिलाड़ी उभरकर सामने आ रही हैं। आपको हैरानी होगी कि वे बहुत जल्दी खेल की जरूरतों के अनुरूप खुद को ढाल लेती हैं। हमें कुछ खास चुनौतियों के अनुसार खुद को ढालने में काफी समय लगा था, लेकिन ये युवा खिलाड़ी पहले से ही उन जरूरतों को समझती हैं। वे पूरी तरह पेशेवर हैं।

किंग ने दिलायी वेस्टइण्डीज को जीत

ढाका (एजेन्सियां)। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के नाबाद ८१ रन की मदद से वेस्टइण्डीज ने शनिवार को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बांगलादेश को आठ विकेट से शिकस्त देकर दो मैचों की शृंखला में १-० की बढ़त बना ली। बांगलादेश की दूसरी पारी १४२ रन पर सिमट गयी जिससे वेस्टइण्डीज को जीत के लिए १७० रन का लक्ष्य मिला जिसे उसने दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। कैरेबियाई स्पिनरों के सामने बांगलादेश के बल्लेबाज टिक नहीं सके और उसने अपने आखिरी नौ विकेट गंवाकर केवल १६९ रन की बढ़त हासिल की। कप्तान रोस्टन चेज ने अपनी चतुराई भरी आफ स्पिन गेंदबाजी से ३६ रन देकर पांच विकेट झटके। पहली पारी में ५३ रन देकर पांच विकेट लेने वाले बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन ने दूसरी पारी में भी शानदार गेंदबाजी करते हुए ६३ रन देकर चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। चौथे दिन खराब होती पिच पर खराब रोशनी, बारिश और बिजली चमकने के कारण खेल कई बार बाधित हुआ। इसके बावजूद वेस्टइण्डीज के सलामी बल्लेबाज जान कैंपबेल और किंग ने स्पिनरों के खिलाफ रक्षात्मक रवैया अपनाने के बजाय आक्रामक बल्लेबाजी की। दोनों ने स्वीप शाट का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए तेजी से रन बनाये और पहले विकेट के लिए ११२ रन की साझेदारी कर मैच का रुख अपनी टीम के पक्ष में कर दिया।

विनीत ले आये स्वर्ण



वाराणसी। विकास इण्टर कालेज के छात्र विनीत सिंह पटेल ने प्रयागराज में शनिवार से शुरू प्रदेशीय विद्यालयीय अथलेटिक्स प्रतियोगिता के अन्डर-१७ आयु वर्ग की ५००० मीटर वाकरेस में स्वर्ण पदक हासिल किया। विनीत ने यह उपलब्धि २२ मिनट ५० सेकेंड का समय लेकर हासिल की। पीला तमगा हासिल करने के साथ ही विनीत ने शिवपुरी (मध्य प्रदेश) में १२ से १६ नवम्बर तक होने वाली राष्ट्रीय विद्यालयीय अथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया, जहां वह उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधि करेगा। बरेका में कार्यरत कुलदीप पटेल के पुत्र विनीत की इस सफलता पर विद्यालय के चेयनमैन डाक्टर एके सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक भोलेन्द्र प्रताप सिंह, मण्डलीय क्रीड़ा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बधाई दी।

नीलू को दो स्वर्ण, एक रजत



वाराणसी। नीलू मिश्र ने ट्रैक पर आधिपत्य जमाते हुए लाखनऊ विश्वविद्यालय में खेली जा रही ३८वीं यूपी मास्टर्स अथलेटिक्स चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण एवं एक रजत पदक हासिल किया। नीलू ने ५० प्लस आयु वर्ग की ऊंची कूद और लम्बी कूद में जहां स्वर्ण पदक हासिल किया वहीं १०० मीटर में उन्हें रजत पदक हासिल हुआ। इस सफलता के दम पर नीलू ने लखनऊ में ही २७ से ३० जनवरी तक होने वाली राष्ट्रीय मास्टर्स अथलेटिक्स प्रतियोगिता में जगह बना ली। वर्तमान में नीलू मीरजापुर के सीखड़ विकास खण्ड में बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर तैनात है।

आकिब नबी अब खेलेंगे पांचों एकदिनी

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। तेज गेंदबाज आकिब नबी को हैमस्ट्रिंग की चोट से शृंखला से बाहर हो गये प्रसिद्ध कृष्णा की जगह न्यूजीलैण्ड के खिलाफ पहले तीन एकदिनी मैचों के लिये भारतीय टीम में शामिल किया गया है। नबी चौथे और पांचवें एकदिनी के लिये टीम में थे लेकिन अब वह पहले मैच से ही चयन के लिये उपलब्ध होंगे। पहला मैच चार नवम्बर को आकलैंड में खेला जायेगा। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा दाहिने हाथ के इस तेज गेंदबाज को चौथे और पांचवें एकदिनी के लिये चुना गया था लेकिन अब वह एकदिनी शृंखला की शुरूआत से टीम में होंगे। जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज नबी ने हाल ही में लिंकन में न्यूजीलैण्ड ए के खिलाफ भारत ए के लिये चार दिवसीय मैच खेलकर दो पारियों में छह विकेट लिये थे।

वैष्णवी के सामने बुरेच की चुनौती, सहजा करेंगी वाल्टर का सामना

चेन्नई ओपन टेनिस

चेन्नई (एजेन्सियां)। भारत की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी और वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली वैष्णवी अडकर डब्ल्यूटीए २५० चेन्नई ओपन के पहले दौर में ब्रिटेन की जोडी बुरेज से भिड़ेंगी जबकि सहजा यमलापल्ली का सामना स्विट्जरलैंड की सिमोना वाल्टर से होगा। टूर्नामेंट का ड्रा शनिवार को यहां घोषित किया गया जिसमें भारत की १७ वर्षीय माया राजेश्वरन रेवती अपने अभियान का आगाज पोलैण्ड की १०६वीं रैंकिंग वाली और टूर्नामेंट की आठवीं वरीयता प्राप्त कैटार्जिना कावा से करेंगी जिनसे उनको कड़ी चुनौती मिलेगी। यह प्रतियोगिता दो से आठ नवंबर तक एसडीएटी टेनिस स्टेडियम में खेली जायेगी। विश्व रैंकिंग में ३३४वें स्थान पर काबिज वैष्णवी ने कहा कि चेन्नई में खेलने का उनका अनुभव इस प्रतियोगिता में मददगार साबित हो सकता है। उन्होंने कहा चेन्नई में यह मेरा पहला टूर्नामेंट नहीं है। मैं यहां राष्ट्रीय स्तर के कुछ टूर्नामेंट भी खेल चुकी हूं। यहीं खेलते हुए हम बड़े हुए हैं। इसलिए मुझे यहां की परिस्थितियों का अंदाजा है। वैष्णवी ने कहा यह मेरे लिए बड़ा अवसर है। मैं अपने खेल में सुधार करने, ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने और कोर्ट पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान देना चाहती हूं। बुरेज कभी दुनिया की शीर्ष १०० खिलाड़ियों में शामिल थीं, लेकिन फिलहाल उनकी रैंकिंग ४७१ है। सहजा का सामना विश्व रैंकिंग में १२८वें स्थान पर काबिज वाल्टर से होगा। तीनों भारतीय खिलाड़ी चेन्नई ओपन के आखिरी आयोजन में अच्छा प्रदर्शन कर अपनी छाप छोड़ना चाहेंगी। इंडोनेशिया की जेनिस तेन को टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता दी गयी है, जबकि आस्ट्रिया की लिली टैगर दूसरी वरीय खिलाड़ी हैं। पोलैण्ड की माग्दा लिनेट तीसरी और पन्ना उडवार्डी चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। लिनेट २०२३ में आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल और विश्व रैंकिंग में १९वें स्थान तक पहुंची थीं। चेन्नई ओपन का यह आखिरी सत्र होगा। अगले साल से इस डब्ल्यूटीए २५० टूर्नामेंट का आयोजन मनीला (फिलिपिंस) में किया जायेगा।

मोनिका ने दिलाया वाराणसी क्लब को खिताब



सेवन ए साइड हाकी

वाराणसी। मोनिका गुप्त के शानदार खेल की बदौलत वाराणसी क्लब में इम्पीरियल क्लब को कड़े संघर्ष में १-० से पराजित कर यहां लालपुर स्थित डाक्टर भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा शंकुल में खेली गयी सरदार बल्लभ भाई पटेल मिश्रित सेवन ए साइड हाकी प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। शनिवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में दोनों ही टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। दोनों ने ही लेफ्ट विंग से आक्रमण की रणनीति अपनायी। इस हाफ में आक्रमण को खूब हुए लेकिन गोल पोस्ट के अन्दर दोनों टीमों के खिलाड़ी गेंद पहुंचाने में असफल रहे। दूसरे हाफ में बदली हुई रणनीति के साथ उतरी, दोनों टीम बढ़त लेने के इरादे से एक दूसरे पर हमले बोलने लगे। वाराणसी क्लब की टीम ने जहां छोटे-छोटे पास का सहारा लिया, वहीं इम्पीरियल क्लब की टीम ने लम्बे पास के साथ टच एण्ड हिट की रणनीति अपनायी। मैच समाप्त होने के दो मिनट पहले मोनिका गुप्त को प्राची ने गोलमुख के सामने क्रास पास दिया। जिसे मोनिका ने तेज हिट के द्वारा गोल पोस्ट के अन्दर पहुंचा बनारस क्लब को बढ़त दिला दी और उसकी बॉछे खिला दी। यह गोल अन्त में निर्णायक शाबित हुआ। मैच के पश्चात हाकी वाराणसी के अध्यक्ष डाक्टर एके सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। संचालन केबी रावत ने किया तथा धन्यबाद इदरीश अहमद ने दिया। टूर्नामेंट में शुभम पटेल ने हैटटिक सहित कुल ११ गोल दागे।

वाराणसी मण्डल उपजेता

वाराणसी। वाराणसी मण्डल को झांसी में खेली गयी प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला हैण्डबाल प्रतियोगिता में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। शनिवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में उसे अयोध्या मण्डल ने कड़े संघर्ष में ५२-५१ से पराजित किया। मैच शुरू होते ही सोने के तमगे की आस सजोये दोनों ही टीमों ने एक दूसरे पर आक्रमण करने शुरू कर दिये। दोनों के बीच मुकाबला इतना संघर्षपूर्ण था कि कभी वाराणसी मण्डल को कभी अयोध्या मण्डल की टीम आगे हो जाती। अंतिम समय तक यह कहना मुश्किल था कि कौन सा टीम चैम्पियन होगी। हलांकि मैच खत्म होने से चन्द मिनट पहले अयोध्या मण्डल की टीम ने गोल कर ५२-५१ से अपनी जीत पर मुहर लगा दी। वाराणसी के लिए प्रीति पटेल ने दस, रेशम और प्रीति यादव ने नौ-नौ, शताक्षी ने सात, सुमन ने आठ, काजल और स्नेहा ने सात-सात, रितिका ने छः तथा नन्दनी और शिवांगी ने चार-चार गोल किये।

ख्याति, सरिता और अमरेन्द्र ने सबको पीछे छोड़ा





एकता दिवस पर दौड़

वाराणसी। ख्याति सिंह ने यहां परमानन्दपुर मिनी स्टेडियम में भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की जायंती एकता दिवस पर शनिवार को हुई १०० मीटर की दौड़ में सबको पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। साक्षी सिंह दूसरे और श्रेया गुप्त तीसरे स्थान पर रही। वर्षा पाल, साक्षी पाठक, सौम्या गुप्त क्रमशः चौथे से छठां स्थान प्राप्त करने में सफल रही। इस दौड़ में महिला शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया, जिसमें सरिता दूबे ने सबसे पहले फिनिशिंग लाइन पार की, रविता दूसरे, शिवानी तीसरे, आस्था चौथे, प्रतिमा पांचवे और महजबी छठें स्थान पर रहीं। पुरूष शिक्षक वर्ग में अमरेन्द्र सिंह पहले, अभिषेक दूसरे और सुमित तीसरे स्थान पर रहे। दौड़ के पश्चात यूपी एडवेन्चर स्पोर्ट्स क्लब की अध्यक्ष डाक्टर आशा सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। सुनीता पटेल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

कराटे : सौ छात्रों ने दी कलर बेल्ट परीक्षा

वाराणसी। ज्ञान-गंगा पब्लिक स्कूल चांदमारी में शनिवार को ट्राई टू फाइट फाउंडेशन की खेल शाखा एवं यूनियन शोताकान कराटे असोसिएशन आफ इंडिया के बैनर तले हुई कलर बेल्ट कर्राटे परीक्षा में लगभग १०० छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने कर्राटे की विभिन्न तकनीकों, कौशल एवं आत्म रक्षा का शानदार प्रदर्शन किया। परीक्षा, येलो बेल्ट, आरेंज बेल्ट, ग्रीन बेल्ट, पर्पल बेल्ट, रेड बेल्ट एवं ब्राउन बेल्ट के लिए हुई। परीक्षा का संचालन विकास सोनकर, तरूण मिश्र, हिमांशु मिश्र, गौरव पाण्डेय, वैभव मिश्र के नेतृत्व में हुआ। इसके पहले इस परीक्षा का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्य संध्या देवी ने किया।

बिमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — रविवार, 1 नवंबर 2026

- मेष- योजना अधूरी, खर्च से परेशान, स्पष्टवादिता घातक, मित्रों से निराशा, शत्रु प्रभावी।
- वृषभ- व्यक्तित्व का विकास, उत्तरदायित्व की पूर्ति, गलतफहमियाँ दूर, हर्ष का वातावरण।
- मिथुन- नवसम्पर्क उपयोगी, आर्थिकपक्ष बेहतर, आत्मिक शांति, विरोधी परास्त, लाभ भी।
- कर्क- शुभ भावनाओं का उदय, आनन्द की अनुभूति, कर्ज की निवृत्ति, प्रयास सार्थक।
- सिंह- पारिवारिक समस्याएँ, मित्रों से अनबन, शिक्षा-प्रतियोगिता में निराशा, सुख में कमी।
- कन्या- महत्वपूर्ण उपलब्धि, नवयोजना साकार, धर्म में आस्था, शुभसंदेश की प्राप्ति, हर्ष।
- तुला- कार्यक्षमता में वृद्धि, नौकरी में पदोन्नति, पठनपाठन में जिज्ञासा, सत्संग से शांति।
- वृश्चिक- धनागम का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास, लक्ष्य की पूर्ति, धार्मिक स्थलों की यात्रा।
- धनु- आत्मबल में कमी, व्यवहार में लापरवाही, जोखिम से नुकसान, मानसिक बेचैनी।
- मकर- कार्य में प्रगति, आर्थिक पक्ष बेहतर, विरोधी परास्त, स्वास्थ्य में सुधार, यात्रा सुखद।
- कुम्भ- व्यापार में धनविनेश, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कुछेक मसले हल, इच्छाशक्ति जागृत।
- मीन- स्वास्थ्य में सुधार, नौकरी में प्रोन्नति, सुसमाचार की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास।

आज है जिनका जन्मदिन — 1 नवंबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 1 का स्वामी ग्रह सूर्य एवं माह का अधिपति ग्रह मंगल है। दूरदर्शी व दृढ़ निश्चयी व्यक्ति होंगे। सदैव कुछ नया करने की सोचेंगे। आपके जीवन में प्रगति बहुत धीमे गति से होगी। किसी से भी अपना काम निकलवाने में माहिर होंगे। किसी के दबाव में रहकर कोई कार्य नहीं करेंगे। अनुशासनप्रिय होंगे। स्वार्थ गुण में विशेष रूप से विद्यमान रहेगा। नेतृत्व क्षमता में अपार रहेगी। अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सक्षम होंगे। कभी-कभी अधिक उतावलेपन की स्थिति में अपना अहित कर लेंगे। आपके जीवन में अप्रत्याशित रूप से अनेकों घटनाएँ घटित होंगी। जनसम्पर्क उच्चस्तरीय होगा। जनसम्पर्क का भी लाभ मिलेगा। राजनैतिक एवं सामयिक क्षेत्र में अग्रणी होंगे। परिस्थितियों को मनोनुकूल बना लेने में सक्षम होंगे। दैनिक जीवन में सुनहरा एवं पीला रंग का प्रयोग अधिकतम करें। लाल रंग की वस्तुओं का दान भी करें। लाल वस्त्र में गेहूं, गुड़, लाल फूल, तांबे का सिक्का दक्षिणा सहित दान में देवें। समाज सेवा निष्काम भाव से करें। आरोग्य व सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

- मन्त्र : ॐ घृणिः सूर्याय नमः
- व्रत : रविवार
- दिन : रविवार, बुधवार एवं गुरुवार
- दिनांक : 1, 10, 19, 28
- अंक : 2, 4, 7
- मास : जनवरी, नवम्बर एवं दिसम्बर
- वर्ष : 1, 10, 19, 28, 34,46,55,64,73
- रंग : पीला, सुनहरा एवं नारंगी
- जन्मरत्न : माणिक्य — उपरत्न : गार्नेट
- जड़ी : बेल की जड़ — दिशा : पूर्व

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—22 मार्च से 28 नवम्बर, 10 नवम्बर से 20 नवम्बर

यन्त्र

6	1	8
7	5	3
2	9	4

सुडोकू ५००१

			9	1				
		3				4		
				7				
	1							5
7				2				
					3	8		
		8			5			3
							1	7
							2	

हल ५०००

3	8	2	6	9	7	5	4	1
5	7	4	1	2	3	6	8	9
9	1	6	8	4	5	2	3	7
8	6	3	2	7	1	9	5	4
7	4	9	5	3	6	1	2	8
1	2	5	9	8	4	7	6	3
4	9	1	3	6	2	8	7	5
2	3	8	7	5	9	4	1	6
6	5	7	4	1	8	3	9	2

सरदार पटेल की जयन्ती पर निकली पदयात्रा

मऊ। राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कल्प वाटिका फाउंडेशन के तत्वावधान में पदयात्रा निकाली गई। यात्रा गाजीपुर तिराहा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा से शुरू होकर रोडवेज होते हुए बलिया मोड़ स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा तक पहुँची। इसमें सैकड़ों नागरिकों ने सहभागिता की।कार्यक्रम के संयोजक पर्यावरणविद् शैलेंद्र रहे, जो 5 सितंबर 2020 से निरंतर प्रतिदिन पौधारोपण एवं पर्यावरण जनजागरण अभियान चला रहे हैं। समन्वयक ओंकार सिंह सत्यम रहे। इस अवसर पर शैलेंद्र ने कहा कि आज हम रील लाइक के हीरो को खूब याद करते हैं, लेकिन देश के निर्माण में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले रियल लाइफ के नायकों को भूलते जा रहे हैं। नई पीढ़ी को महापुरुषों के त्याग, संघर्ष और योगदान से परिचित कराना हमारी जिम्मेदारी है। सरदार पटेल ने सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। पदयात्रा में वीरेंद्र, रामानंद राय, श्रीराम जायसवाल, डा. यश खालिद, पवन गौड़, श्रवण कुमार सिंह, बी.के. अग्रवाल, राहुल यादव, बृजेश मौर्य, अमित प्रजापति, नारायण पांडेय एवं मनोज मौर्य सहित सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।



सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

मऊ। 151 वीं सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को बाबा थानीदास ग्रामीण विद्यापीठ इंटर कालेज, सोनाडीह-अमिला के मैदान में बृहद रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से स्टाल लगाकर लोगों को रोजगार, स्वरोजगार, कृषि, स्वास्थ्य और विद्युत संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री ए.के. शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता पारस सिंह पटेल ने की।

पटेल जयन्ती पर दौड़े युवा

मऊ। मेरा युवा भारत, जनपद मऊ द्वारा मुन्नी देवी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़ा पोखरा, मऊ में नशामुक्त युवा फार विकसित भारत' थीम के अंतर्गत पड़ोस युवा संसद एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) के अवसर पर एकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश कुमार श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. विशाल कुमार जायसवाल एवं डा. रविंद्र कुमार तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अविनाश श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबो. धित करते हुए नशे से दूर रहने, स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने तथा लोकतंत्र में अपने मताधिकार के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनीं पटेल जयन्ती

घोसी(मऊ)। सर्वोदय पीजी कालेज घोसी में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं शैक्षिक सहशैक्षिक परिषद समिति के संयुक्त तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. वंदना पाण्डेय के दिशा-निर्देश में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। संगोष्ठी को डा. संजय कुमार राय एवं शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय ने संबोधित किया। इस दौरान वक्ताओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, उनके संघर्षों, राष्ट्र के प्रति समर्पण और देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाने में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर डा. विवेक कुमार यादव, संतोष कुमार राय, डा. सत्येन्द्र कांत मौर्य, डा. नवनीत उपाध्याय, डा. राजीव मिश्र, नितिल कुमार श्रीवास्तव, डा. जुबैर आलम, संजय चौरसिया एवं राहुल कुमार त्रिपाठी सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मानस कोकिला खुशबू को बनाया गया बीएसएस परशुराम सेना के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष

मऊ। बीएसएस परशुराम सेना उत्तर प्रदेश ने संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा सांस्कृतिक गति. विधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खुशबू पांडेय पत्नी नागभूषण पांडेय को जनपद मऊ के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। खुशबू पांडेय श्रीनिधि मानस कोकिला एवं अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक के रूप में अपनी पहचान रखती हैं। उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिका. रियों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष



पंडित अजीत कुमार पांडेय ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए विश्वास जताया कि खुशबू पांडेय अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगी तथा ब्राह्मण समाज, सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज को एकजुट करना और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाना है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

खैराबाद में एबीसी केबल में लगी आग, चटाई पटाखा जैसी आवाज

मऊ। खैराबाद स्थित मोहल्ला नयापुरा में शनिवार दोपहर विद्युत विभाग द्वारा लगाया गया एबीसी केबल में शार्ट सर्किट होने के कारण केवल में आग लग गई और पूरी तरह से धू-धू कर जलने लगा आज ऐसी लगी जैसे की कोई दीपावली त्योहार में पटाखा छोड़ रहा है । आग लग जाने के कारण वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई और किसी ने इसकी सूचना दूरभाष पर विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को दी तब तक एबीसी केवल बुरी तरह से जलकर कई टुकड़े में कट कर नीचे गिर पड़ी । जिसके चलते लगभग 60 पावर लूम पूरी तरह से बंद हैं और लगभग 100 घरों के विद्युत उपभोक्ता अंध. `रे में जीवन यापन कर रहे हैं । अचानक विद्युत एबीसी केवल में आग लग जाने के कारण जहां लोगों में अफरा-तफरी मच गई । वहीं लोग तरह-तरह की बातें भी करने लगे। बाद में विद्युत विभाग के कर्मचारियों को जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग की टीम ने पहुंचकर इस जले हुए एबीसी केवल को सही करने की कवायद में जुट गई है । अब तो समय ही बताया कि इन लोगों की विद्युत व्यवस्था कब तक बहाल होगी।

गुप्ता सर्जिकल हास्पिटल की एक उपलब्धि यह भी!

मऊ। मऊ नगर के नरईबांध स्थित प्रतिष्ठित गुप्ता सर्जिकल हास्पिटल एंड पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट की उपलब्धियों में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। अस्पताल को उत्तर प्रदेश विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि से मरीजों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता की धनराशि अवमुक्त कराने के योग्य संस्थानों की सूची में शामिल किया गया है। यह उपलब्धि न सिर्फ अस्पताल की विश्वसनीयता का प्रमाण है, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद



मरीजों के लिए बेहतर इलाज की नई उम्मीद भी लेकर आई है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी, लखीमपुर -खीरी योगानन्द पाण्डेय की ओर से जारी आधिकारिक पत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की आख्या का हवाला देते हुए स्पष्ट किया गया है कि मऊ के गुप्ता सर्जिकल हास्पिटल एंड पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट में उपचार कराने वाले मरीजों के लिए विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि से धनराशि अवमुक्त की जा सकती है। डा.पीएल गुप्ता और उनके गोल्ड मेडलिस्ट पुत्र डा.अभिषेक गुप्ता के प्रयासों से अस्पताल सम्मान की ऊंचाइयों को छू रहा है।

अजय स्मृति छात्रवृत्ति परीक्षा के मेधावी सम्मानित

एक साल तक मिलेगी छात्रवृत्ति

सूरजपुर (मऊ)। जमुना स्मृति संस्थान सूरजपुर की ओर से आयोजित 12वीं अजय स्मृति छात्रवृत्ति परीक्षा-2026 में मेरिट के आधार पर चयनित तीन छात्राओं और तीन छात्रों को स्वर्गीय अजय कुमार राय की पुण्यतिथि पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेधावियों को प्रतीक चिन्ह प्रमाणपत्र और पुस्तकों के सेट प्रदान किए गए। साथ ही प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अगले एक वर्ष तक प्रतिमाह क्रमश: 1250, 750 और 500 रुपये की छात्रवृत्ति उनके बैंक खातों में सीधे भेजी जाएगी। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली दिव्या सिंह (कक्षा 11) बाबा थानीदास ग्रामीण इंटर कालेज सोनाडीह-अमिला द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली



आकृति यादव और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली कंचन चौहान (कक्षा 11) पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय महुआर कसारा को श्रीमती कृष्णा तिवारी डा. जागृति राय एवं डा. शांभवी शर्मा ने सम्मानित किया। वहीं, बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हिमांशु गुप्ता (कक्षा 11) द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कृष्ण कुमार यादव (कक्षा 9) दोनों पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय महुआर कसारा तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अक्षत गुप्ता (कक्षा 11), बीपीएस पब्लिक इंटर कालेज मधुबन को पूर्व आईएएस इष्टदेव प्रसाद राय रोहित रंजन राय (परामर्शी मोसिप आईआईआईटी बेंगलुरु) और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रुचिर रंजन राय ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण की ओर से संस्था के कार्यकलापों और पिछले 11 वर्षों में छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। संस्थान के संरक्षक गंगाधर राय ने स्वर्गीय जमुना राय और स्वर्गीय अजय कुमार राय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा, क्षेत्रीय विकास और सामाजिक कार्यों में उनके योगदान को याद किया। उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय अजय कुमार राय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व गायत्री परिवार के सदस्यों ने गायत्री पाठ पूजन और हवन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में ललित मोहन तिवारी, श्रीमती उषा राय, श्रीमती चंदू राय, जवाहर नवोदय विद्यालय की अंग्रेजी प्रवक्ता जय लक्ष्मी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संस्थान के सचिव अनंजय कुमार राय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

गैंगस्टर चुलबुल को आठ साल की सजा

मऊ। अपर सत्र न्यायाधीश/एफ. टी. सी. द्वितीय/विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) न्यायाधीश डा. के. पी. सिंह, जनपद मऊ की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए सक्रिय गैंग के सदस्य अभियुक्त चुलबुल उर्फ विनोद पुत्र अवधू को उसके आपराधिक कृत्यों व उसके द्वारा अभियोजन द्वारा आरोपित अपराध की स्वीकारोक्ति के आधार पर दोष सिद्ध पाते हुए अभियुक्त उपरोक्त को 8 साल का कारावास एवं रू5000 के अर्थ दंड से दंडित करने का आदेश सुनाया है । प्रस्तुत प्रकरण थाना सराय सरायलखंसी, जनपद मऊ से संबंधित है, थाना स्थानीय क्षेत्र के अन्तर्गत अभियुक्त धनन्जय सिंह का एक संगठित गिरोह है, जिसके विरुद्ध तत्कालीन थानाध्यक्ष द्वारा गैंग चार्ट तैयार कर नियमानुसार अनुमोदन के पश्चात गैंग लीडर उपरोक्त व गिरोह के अन्य सदस्यों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था । विवेचक द्वारा दौरान विवेचना में इस गिरोह के विरुद्ध गैंग बनाकर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होकर अपराध कारित कर आर्थिक, भौतिक लाभ अवैध तरीकों से अर्जित करना पाये जाने के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध आरा. `प पत्र प्रेषित किया गया था। अभियोजन द्वारा प्रेषित आरोप पत्र पर न्यायालय द्वारा प्रसंज्ञान लेकर विचारण प्रारम्भ किया गया था। प्रस्तुत प्रकरण में दौरान विचारण अभियुक्त विनोद उर्फ चुलबुल पुत्र स्व. अवधू निवासी जूड़नपुर थाना मु. बाद, जिला मऊ द्वारा अभियोजन द्वारा लगाए गए आरा. `प की स्वीकारोक्ति का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, जिस पर न्यायालय द्वारा अभियुक्त के अधिवक्ता व राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक गैंगेस्टर एक्ट मऊ कृष्ण शरण सिंह को सुनने के पश्चात उपरोक्त मामले में अभियुक्त को दोषी मानते हुए सजा सुनाया ।

'बिहार कृषि सम्मान' से सम्मानित हुई श्वेता

घोसी(मऊ)। घोसी तहसील अंतर्गत बड़रांव गांव की बेटी डा. श्वेता राय ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और उत्कृष्ट कार्यों से जनपद सहित उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। बिहार की राजधानी पटना स्थित लोक भवन में 27 अक्टूबर 2026 को आयोजित 'किसान सम्मान एवं किसान सहयोग विमर्श' कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन के द्वारा उन्हें प्रतिष्ठित 'बिहार कृषि सम्मान' प्रदान किया गया। डा. श्वेता राय पंडित स्वर्गीय रामसूरत राय की पौत्री तथा स्वर्गीय लाल बहादुर राय एवं डा. कमला राय की पुत्री हैं।



पहसा में पटाखा गोदाम पर छापा

रतनपुरा (मऊ)। हलधरपुर थाना क्षेत्र के पहसा बाजार में पुलिस ने अवैध पटाखों के गोदाम पर छापेमारी कर चार बोरी तथा चार छोटे-बड़े कार्टूनों में रखे पटाखे बरामद किए। पुलिस ने पटाखा कारोबारी यशवंत सिंह के विरुद्ध बीएनएस की धारा 288 एवं विस्फोटक अधिनियम की धारा 5/9ख के तहत मुकदमा दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को शाम करीब पांच बजे थानाध्यक्ष श्रीभगवान राम पुलिस टीम के साथ आगामी दीपावली, छठ पर्व एवं पेट परीक्षा के मद्देनजर शांति व्यवस्था के लिए भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पहसा-इटौरा मार्ग स्थित गोदाम पर छापेमारी की गई। पुलिस की इस कारवाई से बाजार के दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

विधिक सहायता शिविर आज

मऊ। शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की परिकल्पना तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में, माननीय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ 'श्री संजय कुमार यादव' के मार्गदर्शन में '1 नवंबर 2026 को प्रात: 10.00 बजे, नगर पालिका कम्युनिटी हाल, मऊ' में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, मऊ संजय कुमार यादव द्वारा किया जाएगा। आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

नक्शा सम्बन्धित शिकायत के लिए हर शुक्रवार को समाधान दिवस

मऊ। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में विनियमित क्षेत्र मऊनाथ भंजन कार्यालय में प्रत्येक शुक्रवार को मानचित्रों से संबंधित शिकायतों एवं आपत्तियों के त्वरित निस्तारण के लिए मानचित्र समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। नियत प्राधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट, विनियमित क्षेत्र जनपद मऊ रमेश बाबू द्वारा जारी निर्देश के अनुसार प्रत्येक शुक्रवार को प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक विनियमित क्षेत्र कार्यालय में मानचित्रों के निस्तारण एवं उनसे संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था की गई है। इस पहल का उद्देश्य मानचित्रों से संबंधित शिकायतों एवं आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना तथा आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी से राहत प्रदान करना है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे मानचित्रों से संबंधित अपनी शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित समय पर विनियमित क्षेत्र कार्यालय में उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

पुलिस कर्मियों ने भी मनायी पटेल जयन्ती

घोसी(मऊ)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर घोसी कोतवाली परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ लेकर देश की एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवींद्रनाथ राय ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अपराध निरीक्षक अमरजीत यादव, उपनिरीक्षक विजयशंकर, उपनिरीक्षक सनाउल्लाह खान, महिला उपनिरीक्षक ऋचा सोनी सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने भी पुष्प अर्पित कर लौह पुरुष को नमन किया।

SHIVAM LIFECARE IVF & FERTILITY CENTRE
बाँझपन क्लिनिक
रोजाना 2 बजे से 4 बजे तक
हर बुधवार निःशुल्क परामर्श
पूर्वांचल में पहली बार
निःसंतान दम्पतियों हेतु
सबसे सस्ता और सबसे अच्छा
BEST RESULTS
डा0 यशिका सिंह
M.B.B.S., M.S., DNB, IVF FELLOWSHIP
(गोल्ड मेडलिस्ट, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज, नई दिल्ली)
स्त्री, प्रसूति एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
IVF CENTRE
SHIVAM LIFE CARE IVF & FERTILITY CENTRE जनपद मऊ में
उपलब्ध सेवायें
कौन दम्पति सम्पर्क कर सकते हैं?
बंद ट्यूब
खराब गुणवत्ता
कम शुक्राणु
अनियमित पीरियड
अण्डों में खराबी
मिल शुक्राणु
सामान्य प्रसव
उच्च जोखिम प्रसव
लैप्रोस्कोपी एवं आपरेशन से डिलीवरी
यूरोलॉजी का आपरेशन
कपोतरोपी एवं अल्ट्रासाउंड में गर्भ एवं भ्रूण का आपरेशन
आर्टीफ्शियल इन्सेमिनेशन (IUI) की सुविधा भी उपलब्ध है।
आर्टीफीशियल (IVF) की सुविधा भी उपलब्ध है।
वीर्यदान का सफल इलाज
डा. अभिनव सिंह
MBBS, MD, Paediatric M.A.M.C., New Delhi
सम्मानपूर्व लोहिया, नई दिल्ली
Senior Resident Medanta, Gurgaon,
Kalawati Saran Hospital NICU Fellowship
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
सुविधा-
सी. आई. ओ. यू.
इन्फ्रारेड वार्मर
ऑक्सीजन की सुविधा
तीन इनक्यूबेटर वेंटीलेटर
इनक्यूबेटर वेंटीलेटर
सी.पी.ए.पी.
फीटल डिस्ट्रेस एवं
हार्ट रिलेटेड डिसीजेज
9250206423, 8948943074
शिवम हास्पिटल
ब्रह्मस्थान, मऊ
शिवम क्लिनिक
हकीकतपुर, राज पैलेस के बगल में, मऊ
सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
संध्या 5 बजे से रात 8 बजे तक
रविवार बन्दी

SNH
शारदा नारायन हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
अब अस्पताल के कैथलैब में उपलब्ध
एन्जियोग्राफी
एन्जिप्लास्टी
पर्मानेंट पेसमेकर (PPI)
टेम्परेरी पेसमेकर (TPI)
बलून मिटरल वाल्वोप्लास्टी (BMV)
ट्रेडमिल टेस्ट
2D इको
होल्टर मानिटर
डा.दीपक राय
एमबीबीएस,एमडी
डीएम,कार्डियोलॉजिस्ट
24X7 उपलब्ध
आयुष्मान भारत में उपलब्ध
शारदा नारायन अस्पताल हृदय रोग विभाग एवं कैथलैब की सभी सेवाएं आयुष्मान भारत योजना के तहत उपलब्ध है
96 51 55 80 01
शारदापुरम, सहादतपुरा, मऊ (उ.प्र.) 275101

लक्ष्मी देवी मेमोरियल आर्थोपेडिक अस्पताल
फातिमा अस्पताल के सामने मऊनाथ भंजन,मऊ-275101(उ.प्र.)
रजि.हेतु सम्पर्क करें Helpline 8881639715,0547-2229939
डा.पवन कुमार गुप्ता
Bsc.(Hons)M.B.B.S.M.S.
(Ortho)Kanpur
फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व आर्थोपेडिक सर्जन,फातिमा अस्पताल,मऊ
डा.सलिल कुमार गुप्ता
M.B.B.S.M.S. (Ortho) Meerut
फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है
डा.आरुषि गुप्ता
Periodontologist and
Oral Implantologist
दन्त रोग विशेषज्ञ

विश्वजीत क्लीनिक
चांदमारी
इमिलिया
फातिमा अस्पताल
के पीछे मऊ
डा.ओ.पी.सिंह
(फिजिशियन) सिर दर्द में विशेष योग्यता
एम.बी.बी.एस.,एम.डी.(मेडिसिन)
हृदय,गुर्दा,उदर,छाती,डायबिटीज,गुप्त रोग विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
बिन्दू अस्पताल
पता- (पुलिस चौकी से दक्षिण तरफ) रतनपुरा- मऊ
डा. जितेन्द्र राय
M.B.B.S., MS
(फातिमा अस्पताल, मऊ)
डा. राहुल यादव
M.B.B.S.
डा. श्रीमती बिन्दू यादव
B.A.M.S.
(स्त्री एवं प्रसूति रोग)
सुविधायें- हमारे यहाँ आपरेशन, बच्चेदानी, सिजिरीयन, अपेन्डीक्स, हार्निया, हाइड्रोसील, M.T.P, D&C
नार्मल डिलेवरी, आक्सीजन, नेबुलाइजर, एम्बुलेन्स सुविधा एवं इमरजेन्सी 24 घण्टे उपलब्ध
24x7 Emergency Services
I.C.U. & N.I.C.U.
की सुविधा उपलब्ध है।
संचालक- जयहिन्द यादव (D. Pharma)
9450629608, 8564891113, 8795944986

बालाजी चौखट
स्थापना वर्ष 1999
और नहीं कोई इससे बेहतर.....
सीमेंट-कंक्रीट द्वारा निर्मित
WPC से बना रेडीमेड
बालाजी चौखट
WPC दरवाजा पल्ला
WPC खिड़की पल्ला
WPC दरवाजा चौखट
WPC खिड़की चौखट
पानी / दीमक से बेअसर
अत्यंत मजबूत एवं टिकाऊ
पेंच/स्क्रू की मजबूत पकड़
निर्माता- बालकृष्ण उद्योग
प्लाट बी-4,6,7, औद्योगिक आस्थान
नरई बाँध, मऊ-275101 (उ०प्र०)
(+91) - 9721521791
www.balajichaukhat.com

बोले सितारे

साप्ताहिक राशिफल- ०२ नवंबर-०८- २०२६

मेष - मेष राशि के जातकों के लिए नवंबर महीने का पहला सप्ताह मिश्रित फलदायी रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत करियर-कारोबार की दृष्टि से शुभ रहेगी। इस दौरान नौकरीपेशा लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में सकारात्मक संभावनाएं बनेंगी। वरिष्ठ अधिकारी आपके कामकाज से प्रसन्न होकर आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं। हालांकि कार्यक्षेत्र में मिली अहम जिम्मेदारी आपका ओहदा और परेशानी दोनों बढ़ाने का कारण बन सकती है। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो इस सप्ताह आर्थिक क्षेत्र में पूंजी निवेश आदि करने में सावधानी बरतें। यदि आप पार्टनरशिप में कारोबार करते हैं तो अपने पार्टनर के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखें और किसी भी मसले को बड़ी सूझबूझ से हल करें। सप्ताह के उत्तरार्ध में जमीन-जायदाद से जुड़े मामले सुलझ सकते हैं। इस दौरान भूमि-भवन के क्रय-विक्रय का सपना साकार हो सकता है। विद्यार्थी वर्ग का पढ़ाई-लिखाई से मन उचट सकता है। इस सप्ताह आपको माता-पिता की ओर से सामान्य सहयोग प्राप्त होगा। किसी भी विषम स्थिति में अपने से बड़ों का अनादर करने की गलती न करें और अपने व्यवहार को सकारात्मक बनाए रखें। प्रेम प्रसंग में उतावलेपन से बचें और अपने पार्टनर की भावनाओं की कद्र करें।

उपाय- प्रतिदिन उगते हुए सूर्य को जल देकर आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें।

वृष - वृषभ राशि के जातकों को इस सप्ताह अपने कार्य बेहद सावधानी और सूझबूझ के साथ करने की आवश्यकता रहेगी। ध्यान रहे कि आपकी एक छोटी सी भूल आपके लिए जी का जंजाल साबित हो सकती है। ऐसे में करियर हो या फिर कारोबार नियमों की अवहेलना न करें तथा प्रत्येक कार्य को खूब सावधानी के साथ करें। इस सप्ताह कार्य विशेष से जुड़े निर्णय को जल्दबाजी में या फिर भावनाओं में बहकर लेने की गलती करने से बचना होगा। सप्ताह के पूर्वार्ध में नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों से खूब सतर्क रहना होगा क्योंकि वे आपकी छवि को बिगाड़ने के लिए षडयंत्र रच सकते हैं। साथ ही साथ अपने कार्य को समय पर सही तरीके से पूरा करने की चुनौती भी आप पर रहेगी, अन्यथा आप अपने सीनियर के गुस्से का शिकार बन सकते हैं। इस सप्ताह इष्टमित्रों का व्यवहार सहयोगात्मक और सकारात्मक नहीं रहने पर मन थोड़ा खिन्न रहेगा। सप्ताह के मध्य में अचानक से कुछेक बड़े खर्च आ सकते हैं। इस हफ्ते परिवार के सदस्यों के साथ किसी बात को लेकर मतभेद बना रहेगा। संतान पक्ष से जुड़ी किसी समस्या को लेकर मन चिंतित रहेगा। लव पार्टनर के साथ मेल-मिलाप में मुश्किलें आ सकती हैं। जीवनसाथी के साथ सुख, सहयोग आदि में कमी रहेगी।

उपाय- प्रतिदिन स्फटिक के श्रीयंत्र की पूजा एवं श्री सूक्त का पाठ करें।

मिथुन - मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभ एवं सफल कहा जाएगा। इस सप्ताह आपके सोचे हुए कार्य समय पर होने चाहिए। सप्ताह की शुरुआत किसी शुभ समाचार से होगी। इस हफ्ते आप अपने बुद्धि और चातुर्य के बल पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में कामयाब हो जाएंगे। सप्ताह की शुरुआत में सत्ता-सरकार से जुड़े अटके कार्य पूरे होंगे। मुकदमे और शत्रुओं से संबंधित मामले में अनुकूलता आएगी। कोर्ट कचहरी से जुड़े मामले आपसी सहमति से समाप्त हो सकते हैं। यदि आप व्यवसायी हैं तो इस सप्ताह अटके हुए धन की प्राप्ति और ऋण चुकाने की स्थितियां बनेंगी। सप्ताह के मध्य में किसी धार्मिक-मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के अवसर प्राप्त होंगे। इस हफ्ते भाई-बहनों के साथ आपकी अच्छी ट्यूनिंग देखने को मिलेगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में आपकी रुचि गीत-संगीत, कला आदि में जगेगी। सेहत की दृष्टि से यह सप्ताह सामान्य रहने वाला है। विद्यार्थी वर्ग बीते हफ्ते के मुकाबले कहीं ज्यादा अपनी पढ़ाई-लिखाई में रुचि लेगा और उसकी मेहनत भी रंग लाएगी। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। पति-पत्नी के बीच स्नेह और आपसी विश्वास बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ सुखद समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे।

उपाय- प्रतिदिन भगवान श्री गणेश जी की पूजा में चालीसा का पाठ करें।

कर्क - कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह जीवन सुखमय बीतने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में किसी शुभ समाचार की प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए यह सप्ताह अति लाभदायक रहने वाला है। आप बाजार में आई तेजी का पूरा लाभ उठाने में कामयाब होंगे। इस सप्ताह सत्ता-सरकार से जुड़े किसी प्रभावी व्यक्ति की मदद से अटकी हुई योजनाएं पूरी हो सकती हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए हफ्ता सुखद बीतने वाला है। कार्यक्षेत्र में बॉस की पूरी कृपा बरसेगी और सहयोगियों का पूरा समर्थन मिलेगा। सप्ताह के मध्य में अचानक से कामकाज के सिलसिले में लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा संभव है। यात्रा सुखद एवं नये संपर्कों का विस्तार करने वाली साबित होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में घर में मंगल कार्य संभव है। तीज-त्योहार के चलते उत्सव का माहौल बना रहेगा। प्रेम संबंध में आपसी विश्वास बढ़ेगा। मेल-मिलाप में अनुकूलता बनी रहेगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। जीवनसाथी की विशेष उपलब्धि से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार के साथ सुखद पल बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। संतति के अभिलाषी व्यक्ति को शुभ समाचार की प्राप्ति संभव है।

उपाय- प्रतिदिन किचन में बनी पहली रोटी गाय के लिए निकालें और श्री कृष्ण स्तोत्र का पाठ करें।

सिंह - सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही सुख-शांति कारक साबित होगा। सप्ताह की शुरुआत से ही आपके सोचे हुए कार्य समय पर पूरे होते हुए नजर आएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में इस सप्ताह खासा सुधार होगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों को कारोबार में खासा लाभ होगा। इस सप्ताह आप किसी लाभप्रद योजना में धन निवेश कर सकते हैं। भौतिक सुख-साधनों में वृद्धि होगी। सप्ताह के पूर्वार्ध में बहुप्रतीक्षित वस्तु की प्राप्ति से आपका मन प्रसन्न रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए स्नान या विभागीय परिवर्तन शुभ साबित होगा। यदि आप लंबे समय से किसी कार्य विशेष की शुरुआत करने के लिए प्रयासरत थे तो इस हफ्ते उसका श्रीगणेश हो सकता है। कुल मिलाकर आप अपनी बुद्धि एवं कौशल से अपनी स्थिति को सुधारने में कामयाब हो जाएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में किये गये प्रयास सफल होंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में मनचाही सफलता प्राप्त होगी। उच्च शिक्षा की दिशा में प्रयास सफल होंगे। इस सप्ताह आपकी धार्मिक कार्यों के प्रति आपकी श्रद्धा बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ के आपका अच्छा तालमेल बना रहेगा। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। लव पार्टनर का व्यवहार सकारात्मक रहेगा।

उपाय- प्रतिदिन भगवान सूर्य की पूजा में सूर्याष्टकं का पाठ करें।

कन्या - कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायक कहा जायेगा। सप्ताह के पूर्वार्ध का समय करियर-कारोबार की दृष्टि से थोड़ा उतार-चढ़ाव लिए रह सकती है। इस दौरान सेहत और संबंध से जुड़ी समस्याएं आपकी चिंता का कारण बनेंगी। कन्या राशि के नौकरीपेशा जातकों को कार्यक्षेत्र में किसी दूसरे भरोसे अपने महत्वपूर्ण कार्य को छोड़ने की गलती नहीं करनी चाहिए, अन्यथा बनता काम भी बिगड़ सकता है। सप्ताह के पूर्वार्ध में करियर-कारोबार के सिलसिले में की जाने वाली यात्रा में परेशानियां उठानी पड़ सकती है। इस सप्ताह आपको खर्च विशेष को लेकर आर्थिक चिंताएं बनी रहेंगी। इस हफ्ते किसी भी प्रकार का नवीन पूंजी निवेश करने से यथासंभव बचें। विद्यार्थी वर्ग के लिए सप्ताह के उत्तरार्ध का समय थोड़ा राहत भरा रहेगा। इस दौरान पूर्व में चली आ रही किसी बड़ी समस्या का समाधान निकल आने पर वे राहत महसूस करेंगे। प्रेम संबंध में भावनाओं में बहकर गलतियां करने से बचें। यदि आप बुद्धि और विवेक का प्रयोग करते हुए ऐसा कर पाने में कामयाब रहते हैं तो आप बेवजह की परेशानियों से बचते हुए विपरीत स्थितियों को भी अपने अनुकूल बना लेंगे।

उपाय- भगवान श्री गणेश जी की विधि-विधान से पूजा एवं चालीसा का पाठ करें।

तुला - तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य फलदायी कहा जाएगा। इस सप्ताह आपके कार्यक्षेत्र में अचानक से कुछेक बड़े बदलाव होने की संभावना बनी रहेगी। यह बदलाव आपके लिए कुछ हद तक अनुकूल तो कुछ चीजों को लेकर प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। सप्ताह के पूर्वार्ध में नौकरीपेशा लोगों का अपने अधिकारी वर्ग के साथ तनाव बना रह सकता है। इस दौरान न सिर्फ कर्म क्षेत्र से जुड़ी बल्कि पारिवारिक समस्या भी आपकी चिंता का बड़ा कारण बन सकती है। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो आपको इस सप्ताह जल्दबाजी में किसी बड़े कारोबारी निर्णय को लेने से बचना चाहिए। किसी नये व्यवसाय में हाथ डालने के लिए समय अभी अनुकूल नहीं कहा जाएगा।तुला राशि के जातकों शेयर, सट्टा, लॉटरी और जुआ आदि से दूरी बनाए रखना चाहिए अन्यथा हानि होने की आशंका रहेगी। सप्ताह के उत्तरार्ध का समय थोड़ा राहत भरा रहेगा। इस दौरान इष्टमित्रों अथवा भाई-बहन आपकी समस्याओं को बहुत तक दूर करने में मददगार साबित होंगे। विद्यार्थी वर्ग को मनचाही सफलता को प्राप्त करने के लिए आलस्य छोड़कर कठिन परिश्रम करना होगा। प्रेम संबंध में मर्यादा बनाए रखें।

उपाय- प्रतिदिन पारद शिवलिंग की पूजा एवं शिव चालीसा का पाठ करें।

वृश्चिक - वृश्चिक राशि के जातकों किसी कार्य विशेष को लेकर असमंजस की स्थिति में रह सकते हैं। सप्ताह की शुरुआत से आपके सिर पर घरेलू एवं कार्यक्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को लेकर मानसिक तनाव बना रहेगा। इस हफ्ते घर के किसी वरिष्ठ सदस्य की खराब सेहत को लेकर मन चिंतित रहेगा। वृश्चिक राशि के जातकों को इस सप्ताह वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी रहेगा, क्योंकि आपकी बात से ही बात बनेगी और बिगड़ेगी भी। व्यवसाय से जुड़े वर्ग के लिए सप्ताह के पूर्वार्ध में सामान्य लाभ की प्राप्ति होगी, लेकिन उत्तरार्ध में मंदी से जूझना पड़ सकता है। यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों से सावधान रहें और अपनी योजनाओं के पूरा होने से पहले उसका खुलासा करने की भूल न करें।सप्ताह के उत्तरार्ध में युवाओं का अधिकांश समय मौज-मस्ती करते हुए बीतेगा। इस दौरान वृश्चिक राशि के जातकों को आलस्य और अभिमान से बचते हुए अपने कार्य समयबद्ध तरीके से करने होंगे। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद बना रह सकता है। धार्मिक कार्यों के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी। प्रेम प्रसंग में एक दूसरे की भावनाओं को समझने का प्रयास करें।

उपाय- प्रतिदिन हनुमान जी की विधि-विधान पूजा और बजरंग बाण का पाठ करें।

धनु - धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आपको जीवन में आगे बढ़ने के अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। सप्ताह के पूर्वार्ध में आपके प्रभावी लोगों के साथ संपर्क स्थापित होंगे। करियर-कारोबार में मनचाही प्रगति एवं सफलता प्राप्त होगी। सप्ताह की शुरुआत में कार्य विशेष को लेकर की गई यात्राएं सुखद एवं सफल साबित होंगी। इस दौरान किसी व्यक्ति विशेष की कृपा आप पर बरसेगी। धनु राशि के जातकों का मन इस सप्ताह धार्मिक-आध्यात्मिक कार्यों में खूब रमेगा। यदि आप लंबे समय से भूमि-भवन या वाहन आदि क्रय करने की सोच रहे थे तो इस सप्ताह इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति संभव है। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो इस हफ्ते आपको कारोबार में खासा लाभ होगा। बाजार में आई तेजी का आप पूरी तरह से लाभ उठाने में सफल साबित होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रेम प्रसंग में एक दूसरे के बीच अच्छा तालमेल बना रहेगा। लव पार्टनर हो या फिर लाइफ पार्टनर, एक दूसरे की भावनाओं को समझते हुए उसका आदर करेंगे। संतान पक्ष से सहयोग की प्राप्ति होगी।

उपाय- प्रतिदिन भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा करके ओम नमो नारायणाय मंत्र का जप करें। गुरुवार के दिन पीले फल और चने की दाल आदि का दान करें।

मकर - मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायक रहने वाला है। इस सप्ताह मकर राशि के जातकों को अपने कार्यों में लापरवाही और नियम-कानून का उल्लंघन करने से बचना चाहिए अन्यथा धन हानि के साथ मानहानि की आशंका बनी रहेगी। सप्ताह की शुरुआत में सोचे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए आपको अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आजीविका में संघर्ष के बाद ही लाभ की प्राप्ति हो पाएगी। इस दौरान आपको अपने गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहने की आवश्यकता रहेगी। सप्ताह के मध्य में आपका मन धार्मिक क्रियाकलापों में लगेगा। मकर राशि के जातकों को अपने रिश्तों को बेहतर बनाने के लिए स्वजनों की भावनाओं की कद्र करना होगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में स्वयं की सेहत के साथ जीवनसाथी की सेहत का विशेष ख्याल रखें। इस दौरान आपका कामकाज की अधिकता के चलते शारीरिक एवं मानसिक थकान बनी रहेगी। सेहत संबंधी दिक्कतों को भूलकर भी इग्नोर न करें अन्यथा आपको अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। प्रेम प्रसंग में गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं, जिससे लव पार्टनर के प्रति आपका दुराव या फिर कहें लगाव कम हो सकता है।

उपाय- प्रतिदिन भगवान श्री गणेश जी की विधि-विधान से पूजा एवं श्री संकटनाशन गणेश स्तोत्र का पाठ करें।

कुंभ - कुंभ राशि के जातकों को इस सप्ताह अपेक्षाकृत किस्मत का कुछ कम साथ मिल पाएगा। ऐसे में इस राशि के जातकों अपने कार्यों को समय से पूरा करने तथा मनचाहा लाभ प्राप्त करने के लिए अधिक परिश्रम और प्रयास करने होंगे। विद्यार्थी वर्ग को मनचाहे परिणाम पाने के लिए सामान्य से कहीं ज्यादा मेहनत करनी होगी। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो आपको आर्थिक क्षेत्र में पूंजी निवेश आदि करने में सावधानी रखनी होगी।इस सप्ताह आपको किसी दूसरे व्यक्ति के बहकावे में आने से बचना होगा। सप्ताह के पूर्वार्ध में परिवार के किसी सदस्य के साथ किसी बात को लेकर तनातनी होने की आशंका रहेगी। पैतृक संपत्ति की प्राप्ति में अड़चन आ सकती हैं। सप्ताह के आरंभ में भले ही आपको कार्य विशेष आदि को लेकर कुछेक परेशानी मिले, लेकिन सप्ताह के उत्तरार्ध में आपके शुभचिंतक और आत्मीय जन उन कष्टों से राहत दिलाने का कार्य करेंगे। जीवन के कठिन समय में आपको अपने पिता की तरफ से पूर्ण सहयोग और समर्थन मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को अपने समय का दुरुपयोग करने से बचना चाहिए। प्रेम प्रसंग को लेकर आपका मन दुविधा में रहेगा।

उपाय- प्रतिदिन शिवलिंग पर जल अर्पित करके श्री शिवाय नमस्तुभ्यं मंत्र का रुद्राक्ष की माला से जाप करें।

मीन - मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य फलदायी कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत में आपको कार्य विशेष के लिए लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा पर अचानक निकलना पड़ सकता है। सप्ताह के पूर्वार्ध में जीवनसाथी की खराब सेहत और उससे दूरी होने के कारण मन चिंतित रहेगा। इस सप्ताह आपके विरोधी आपकी छवि को बिगाड़ने के लिए षड्यंत्र रच सकते हैं, जिसके कारण आपको थोड़ी-बहुत परेशानियां झेलनी पड़ सकती है, लेकिन सप्ताह के उत्तरार्ध तक वे अपने ही बुने जाल में फंस जाएंगे, जिसका आपको फायदा मिलेगा। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो आपको इस सप्ताह अपने फैसले बहुत सूझबूझ के साथ लेने की आवश्यकता रहेगी। बाजार में फंसे धन को निकालने के लिए आपको अपनी वाणी और व्यवहार में विनम्रता बनाए रखना होगा। पार्टनरशिप में कारोबार करने वालों को अपने साझेदारों से लाभ तो होगा, लेकिन किसी बात को लेकर तनाव भी बना रहेगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में अपने कार्यों को सिद्ध करने के लिए श्रमिक वर्ग के साथ बेहतर तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता रहेगी। इस सप्ताह विद्यार्थी वर्ग अचानक से अपने अध्ययन के प्रति उदासीन हो सकता है।

उपाय- प्रतिदिन भगवान श्री कृष्ण की विधि-विधान से पूजा करते हुए मधुराष्टकम् का पाठ करें।



कालाष्टमी

भारतीय संस्कृति के सनातन धर्म में धार्मिक व पौराणिक परम्परा के अनुसार विशिष्ट माह की विशिष्ट तिथियों पर देवी-देवताओं का व्रत-पर्व-उत्सव श्रद्धा भक्तिभाव से मनाया जाता है। श्रीभैरव जी का प्राकट्य महोत्सव मार्गशीर्ष मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि के दिन मनाया जाता है, जिसे भैरव जयन्ती के नाम से जाना जाता है। जबकि प्रत्येक माह में रखने वाला व्रत चान्द्रमास के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि के दिन शिवस्वरूप श्रीभैरव जी की महिमा में किया जाता है। मान्यता है कि श्रीभैरव जी के दर्शन-पूजन एवं व्रत करने से आरोग्य सुख की प्राप्ति होती है, साथ ही अकालमृत्यु के भय एवं अन्य कठिनाइयों का निवारण होता है। श्रीभैरव जी को साक्षात् भगवान शिवजी का स्वरूप माना जाता है। भगवान शिव के दो स्वरूप हैं-पहला स्वरूप भक्तों को अभय प्रदान करने वाले



विश्वेश्वर के रूप में तथा दूसरा स्वरूप दण्ड देनेवाले श्रीभैरव जी के रूप में, जो समस्त दुष्टों का संहार करते हैं। भगवान विश्वेश्वर (शिवजी) का रूप अत्यन्त सौम्य व शान्ति का प्रतीक है, जबकि श्रीभैरव जी का रूप अत्यन्त रौद्र व प्रचण्ड है। श्रीभैरव जी के उपासक आज के दिन व्रत उपवास रखकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस बार यह पर्व 1 नवम्बर, रविवार को हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। ज्योतिषविद् श्री विमल जैन जी ने बताया कि कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि 1 नवम्बर, रविवार को दिन में 2 बजकर 52 मिनट पर लगेगी जो कि 2 नवम्बर, सोमवार को दिन में 1 बजकर 11 मिनट तक रहेगी, तत्पश्चात् नवमी तिथि लग जाएगी। इस दिन पुष्य नक्षत्र 31 अक्टूबर, शनिवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 5 बजकर 40 मिनट से 1 नवम्बर, रविवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 4 बजकर 31 मिनट तक रहेगा, तत्पश्चात् आश्लेषा नक्षत्र प्रारम्भ हो जाएगा। इस दिन साध्ययोग व शुभयोग का अनुपम संयोग रहेगा, जो कि दर्शन-पूजन व्रत के लिए अत्यन्त शुभ फलदायी है। ज्योतिषविद् विमल जैन जी ने बताया कि प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त में उठकर समस्त दैनिक कृत्यों से निवृत्त हो, स्वच्छ (धुले हुए) वस्त्र धारण कर अपने आराध्य देवी-देवता की पूजा-अर्चना के पश्चात् श्रीभैरव जी के व्रत का संकल्प लेना चाहिए। भैरव जी की पंचोपचार, दशोपचार एवं षोडशोपचार पूजा-अर्चना करनी चाहिए। श्रीभैरवजी का शृंगार करके उनको धूप-दीप, नैवेद्य, ऋतुपुष्प, ऋतुफल आदि अर्पित करके पूजा-अर्चना करनी चाहिए। इसके साथ ही श्रीभैरव जी को उड़द की दाल से बने बड़े, इमरती एवं अन्य मिष्ठान्न अर्पित करने चाहिए। श्रीभैरव जी की प्रसन्नता के लिए 'ॐ श्री भैरवाय नमः' मन्त्र का जप करना चाहिए। श्रीभैरव जी की महिमा में श्रीभैरव चालीसा, श्रीभैरव स्तोत्र का पाठ एवं भैरव जी से सम्बन्धित मन्त्र का जप करना शुभ फलदायी रहता है।



पूर्णता का भाव

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

जब जीवन के प्रति आपकी दृष्टि व्यापक और संदर्भ विशाल हो जाता है, तब आप तुलना करना छोड़ देते हैं। तुलना करना औचित्यहीन और निरर्थक है। सदैव कोई न कोई आपसे आगे होगा और कोई आपसे पीछे। यह दुनिया हमें प्रतिस्पर्धी लगती है, किन्तु यह केवल सापेक्षिक है। जैसे ट्रेन सभी डिब्बों को गति देती है, वैसे ही एक ही दिव्य शक्ति पूरे संसार और मानव जाति को संचालित कर रही है। यह सर्वथा अप्रासंगिक है कि कौन कहाँ खड़ा है। सब आगे बढ़ेंगे और सबको उतरने का अवसर मिलेगा। अपने सहकर्मियों और आस-पास के लोगों से अपनी तुलना कदापि न करें। यदि यह आवश्यक लगे, तो स्वयं की तुलना इतिहास और विश्व के महान व्यक्तित्वों एवं प्रतिमानों से करें ताकि आप देख सकें कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ कैसे दे सकते हैं। यह आपके लिए सहायक सिद्ध होगा। यह आपको निरंतर प्रेरित रखेगा। हर किसी के जीवन में अच्छे और बुरे क्षण आते हैं। जिन्हें आप बहुत भाग्यशाली मानते हैं, उनके जीवन में भी दुःखद क्षण आए हैं और जिन्हें आप दुर्भाग्यशाली मानते हैं, उनके जीवन में भी सुखद क्षण आए हैं। जीवन में घट रही इन घटनाओं को अवश्यंभावी मानकर प्रगति पथ पर अग्रसर रहना चाहिए। हमारे अंतःकरण में ऐसी प्रवृत्ति निहित है कि हम उस व्यक्ति से ईर्ष्या करने लगते हैं, जो हमसे श्रेष्ठ कार्य कर गया हो। अपने ही पिछले प्रदर्शन से तुलना करना उत्तम है, यह स्वस्थ है। लेकिन यदि आप दूसरों से तुलना करने लगते हैं, तो अधिक संभावना है कि आप ईर्ष्या महसूस करेंगे। ईर्ष्या के कारण आप अपने गलत कार्यों को भी उचित सिद्ध करने लगते हैं, क्योंकि ईर्ष्या आपकी विवेक शक्ति पर आवरण बन जाती है। यह आपकी बुद्धि को धुंधला कर देती है। ईर्ष्या से मुक्त होकर, समभाव के साथ अपना कार्य करें। जब आप सफलता या असफलता का विचार न करके अपना ध्यान कार्य पर केंद्रित करते हैं, तभी आप अपना 100 प्रतिशत दे पाते हैं। अक्सर परिणाम की चिंता ही आपको अपना पूरा प्रयास करने से रोकती है। यदि आप किसी खेल प्रतियोगिता में भाग लें और आपको विजय या पराजय का पूर्वानुमान हो, तब आप पूरा मन लगाकर नहीं खेलेंगे। यदि आप विजय या पराजय की चिंता नहीं करते हैं, परिणामों का चिंतन नहीं करते हैं और अपना 100 प्रतिशत देते हैं, तब वह वास्तविक अर्थों में खेल होता है और उसमें सच्चा आनंद होता है। योगी का अर्थ है - जो हर कार्य को पूर्णता के साथ करता है। वह हर कार्य को पूर्णता के भाव से करता है, क्योंकि उसका मन समभाव में स्थित होता है। जब आप अपने कार्य को एक खेल की तरह लेते है तब आप परिणाम से अप्रभावित रहते है।

